www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 21 मई , 2024 | वर्ष-17 | अंक -45 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

लखनऊ में राजनाथ, तो मुंबई में उद्धव ने ... 02

■ केजरीवाल के खिलाफ रची जा रही साजिश : आप
■ संविधान बचाने की मुहिम में सभी को आहुति ... 03

■ ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर संभालेंगे ...
■ अमेरिकी शहर सवाना में हुई गोलीबारी में 11 घायल 07

कंगना की वापसी का टिकट मतदाता ... 10

पांचवें चरण में 59.73 फीसदी मतदान

पश्चिम बंगाल मतदान में फिर रहा सबसे आगे, महाराष्ट्र में सबसे कम वोट पड़े

8 राज्यों की 49 सीटों पर हुआ मतदान

मुंबई में उद्धव गुट के 3 कार्यकर्ता पकड़े

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। कुल 59.73 फीसदी वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73.49 फीसदी और सबसे कम महाराष्ट्र में 54.29 फीसदी मतदान हुआ ।

इस चरण में बिहार की कुल 40 सीटों में कुल पांच सीटों के लिए मतदान में 54.46 प्रतिशत वोट डाले गए। झारखंड में 14 में तीन सीटों पर कराए गए मतदान में 63.07 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र की कुल 48 में से 13 सीटों पर 54.29 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। ओडिशा में आज लोकसभा की 21 में से पांच सीटों पर मतदान कराया, जहां 65.96 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

उत्तर प्रदेश की 80 में से जिन 14 सीटों पर आज वोट डाले गए, उनमें मत प्रतिशत 57.79 रहा। जम्मू-कश्मीर की पांच सीटों में से आज बारामुला सीट पर मतदान कराया गया, जहां केन्द्र शासित प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी के अनुसार 1984 के बाद सर्वाधिक 56.29 प्रतिशत मत पड़े। लद्दाख की एक मात्र सीट पर 68.47 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा के सेकेंड फेज की 35 सीटों पर 61.25 फीसदी, झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर 68.26 फीसदी और लखनऊ ईस्ट सीट पर 52.25 फीसदी वोटिंग हुई है। उत्तर प्रदेश के महोबा में ड्यूटी के दौरान सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई।

राहुल गांधी, राजनाथ सिंह की किस्मत ईवीएम में कैद

पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव लड़ रहे, जिन प्रमुख प्रत्याशियों का चुनावी भाग्य तय होना है, उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (लखनऊ), कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी (रायबरेली), केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी(अमेठी), पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर), जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला(बारामूला), लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान (हाजीपुर) और भारतीय जनता पार्टी के जुएल ओरांव (सुंदरगढ़) भी शामिल हैं। इसके अलावा इस चरण में केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर , डॉ प्रवीण भारती, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी, राजीव प्रताप रूड़ी और राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य के भाग्य का ईवीएम में दर्ज हो गया।

चुनाव के रंग

शादी की रस्में बीच में छोड़ मतदान करने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

जालौन। उत्तर प्रदेश के जालौन से एक दिल खुश करने देने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां एक युवक-युवती शादी की रस्में संपन्न करने से पहले मतदान करने पहुंचे। युवती ने कहा, मेरा वोट राम के नाम है। युवक ने कहा, मतदान करना हमारा पहला कर्तव्य है। मतदान करने के बाद ही अपनी शादी से जुड़ी सभी रस्मों को पूरा करेंगे।

बंगाल में भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में भाजपा कैंडिडेट्स और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है। मुंबई में मतदान केंद्र के पास डमी ईवीएम रखने के आरोप में पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भीषण सड़क हादसा,19 की मौत

- 30 फीट गहरी खाई में गिरा वाहन
- तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए थे श्रमिक
- मुख्यमंत्री विष्णु देव गहरा शोक जताया

कवर्धा, 20 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास सोमवार को पिकअप वाहन पलटने से 19 आदिवासी श्रमिकों की मौत हो गई। पिकअप वाहन 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। पिकअप में करीब 25 से अधिक लोग सवार थे। बताया जाता है कि सभी आदिवासी श्रमिक तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए थे, वहां से लौटते वक्त पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई और गहरी खाई में जा गिरी। कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने घटना की पुष्टि की है।

इसबीच राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए है। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कवर्धा सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा, छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

सार संक्षेप

नेपाली प्रधानमंत्री ने चौथी बार विश्वास मत जीता

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने दिसंबर 2022 में दोबारा प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद सोमवार को चौथी बार प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत लिया। श्री दहल ने विपक्षी नेपाली कांग्रेस के विरोध के बीच विश्वास मत हासिल किया। नेपाली कांग्रेस सहकारी समितियों में जमा राशि के गबन में कथित संलिप्तता के लिए उप प्रधान मंत्री और गृह मामलों के मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ जांच समिति की मांग कर रही है।

एक साल में 18 कॉल सेंटर का पर्दाफाश : नोएडा पुलिस

नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने एक साल में संगठित अपराध के खिलाफ अभियान चलाकर 18 कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में कुल 188 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। नोएडा पुलिस ने आंकड़ों के साथ सोमवार को बताया कि इस दौरान सैकड़ों उपकरण और करोड़ों रुपए के ट्रांजैक्शन पकड़े गए हैं। पुलिस विभाग ने 1 अप्रैल 2023 से 15 मई 2024 तक के आंकड़े जारी किए हैं।

ईडी ने टीडीएस घोटाले में एक और गिरफ्तारी की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई जोनल कार्यालय ने 263 करोड़ रुपए के स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) घोटाले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने आरोपी को ईडी की हिरासत में भेज दिया। इससे पहले इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

ईरानी राष्ट्रपति रईसी का हेलिकॉप्टर दुर्घटना में निधन

तेहरान, 20 मई (एजेंसियां)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (63) और विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन का हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना ने सोमवार सुबह यह जानकारी दी। अजरबैजान से लौटते समय उनका हेलिकॉप्टर रविवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गया था। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी 9 लोग मारे गए। मध्य पूर्व एशिया के शिया बहुल देश ईरान ने अपने दो नेताओं को उस समय खोया है, जब इजराइल के साथ उसके रिश्ते टकराव की सीमा तक बिगड़ गए हैं। वहीं अमेरिका-ईरान के संबंधों में भी तनाव हैं।

- भारत में एक व ईरान में 5 दिन का शोक
- हेलिकॉप्टर में सवार सभी 9 लोग मारे गए
- उपराष्ट्रपति मुखबेर को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया

ऐसे में उपराष्ट्रपति मोहम्मद मुखबेर को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनेई ने सोमवार को यह ऐलान किया।

डैम का उद्घाटन करके लौट रहे थे

रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे। इसे ईरान और अजरबैजान ने मिलकर बनाया है।

ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनेई ने राष्ट्रपति रईसी की मौत पर देश में 5 दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है। इधर, भारत सरकार ने देश में 21 मई को 1 दिन के शोक की घोषणा की है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुकाया जाएगा।

आप आदमी पार्टी ने लगाया बड़ा आरोप

मुख्यमंत्री केजरीवाल की जान को है खतरा

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर खुलेआम धमकी दी जा रही है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि जब से श्री केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं, तब से लगातार उन पर हमले का प्रयास हो रहा है। यहां तक की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उच्चतम न्यायालय के फैसले पर भी सवाल उठा दिया।

ये इतने बौखलाए हुए हैं कि अब श्री केजरीवाल को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाने के लिए तैयार हैं। ये ऐसे हमला करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें उनकी जान भी जा सकती है। भाजपा ने कई बार श्री केजरीवाल पर हमला करने की कोशिश की है लेकिन अब जगह-जगह खुलेआम धमकी दी जा रही है। पटेल नगर और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर लिखकर हमला करने की धमकी दी जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल पर यह हमला करने की तैयारी भाजपा कर रही है और इसका पूरा संचालन प्रधानमंत्री कार्यालय और प्रधानमंत्री की ओर से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नफरत, घृणा और बदले की भावना में इस कदर आगे बढ़ चुके हैं कि वह श्री केजरीवाल को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार हैं। भाजपा अपनी नफरत और बदला लेने की भावना में इस स्तर तक आ गई है कि वह श्री केजरीवाल की जान लेने को तैयार है।

मोदी के इशारे पर केजरीवाल को दी जा रही धमकी

मोदी का विश्वास डगमगा गया: शरद पवार

एनसीपी (शरद) अध्यक्ष शरद पवार ने बड़ा दावा किया है जिसमें उन्होंने कहा कि इस बार पीएम मोदी का आत्मविश्वास डगमगा गया है, इसलिए वह महाराष्ट्र पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। शरद पवार ने कहा कि इस बार महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में कम से कम 50 फीसदी सीटें जीत रही है। वंशवाद की राजनीति के आरोपों पर पवार ने कहा कि अगर एक डॉक्टर का बेटा डॉक्टर बन सकता है तो एक राजनेता का बेटा राजनेता क्यों नहीं बन सकता? बाकी उसकी सफलता और असफलता उसकी क्षमता पर निर्भर करती है। 400 रुपए के पार होने के दावे पर पवार ने कहा कि यह बहुत अजीब दावा है।

नेहरू की बराबरी नहीं कर सकते मोदी : पवन खेड़ा

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस सरकारों ने संविधान के शरीर और आत्मा दोनों पर हमला किया है। पीएम मोदी के इस बयान पर कांग्रेस पार्टी ने पलटवार किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि जब नेहरू जी संघर्ष कर रहे थे कि आरएसएस संविधान को स्वीकार करे, तब ये लोग संविधान की प्रतियां जलाते थे। अंबेडकर साहब की प्रतिमा जलाते थे। ये कहां से संविधान के बारे में बोलने आ गए। इनकी आज से संविधान की खिलाफत नहीं है, जब से संविधान का जन्म हुआ है तब से संविधान के खिलाफ हैं। नेहरू के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के पीएम मोदी के बयान पर पवन खेड़ा ने कहा कि अगर मोदी जी 20 बार भी प्रधानमंत्री बन जाएं तो नेहरू की बराबरी नहीं कर सकते। ये इनको भी मालूम है। स्वाति मालीवाल की पिटाई मामले को लेकर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर हमारा स्टैंड साफ है कि जांच होनी चाहिए। जांच के बाद जो तत्व सामने आते हैं, उनके आधार पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

- जब से संविधान का जन्म हुआ है, तब से आरएसएस खिलाफ

वॉशिंग मशीन में धुल चुके हैं हिमंता, अजित

गठबंधन के नेताओं के जमानत पर बाहर निकलने और परिवारवाद के आरोप पर खेड़ा ने कहा कि जो नेता जमानत पर हैं, वो ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स से संघर्ष कर रहे हैं। ये वो लोग हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की 8,500 करोड़ की वॉशिंग मशीन में घुसने से इनकार कर दिया। जो वॉशिंग मशीन में चले गए, वह लोग बड़े खुश हैं। प्रफुल्ल पटेल, अजित पवार, छगन भुजबल, हिमंता सरमा ऐसे कई नेता हैं, जो वॉशिंग मशीन में धुल चुके हैं।

तीन नए आपराधिक कानूनों पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि ये याचिका ठीक नहीं है, इसे खारिज की जा सकती है। याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने कहा कि ऐसे में उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दी जाए। बेंच ने कहा, आपको जो करना है करो, यह याचिका बहुत ही लापरवाह तरीके से दायर की गई है। यदि आप इस पर बहस करते हैं, तो हम जुर्माना लगा कर इसे खारिज कर देंगे। लेकिन, चूंकि आप इसे वापस ले रहे हैं, हम जुर्माना नहीं लगा रहे।

याचिका में बिना किसी संसदीय बहस के पारित होने का दिया था हवाला

आखिरकार याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। याचिका में कहा गया था इनमें कई विसंगतियां हैं। ये बिना किसी संसदीय बहस के पारित किए गए।

भीलवाड़ा दुष्कर्म मामले में दो भाइयों को मौत की सजा

जयपुर, 20 मई (एजेंसियां)। पॉक्सो कोर्ट ने सोमवार को भीलवाड़ा सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में दो भाइयों को मौत की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने मामले को 'दुर्लभ से दुर्लभतम' मानते हुए शनिवार को दो भाई कालू और कान्हा को दोषी ठहराया था और सात अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने फैसला सोमवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद मृतका के माता-पिता ने कहा, 'हमें न्याय मिला।' जिन सात आरोपियों को बरी किया गया, उनमें दोषियों की मां, बहन और पत्नियां शामिल हैं। अभियोजन पक्ष ने 43 गवाहों को पेश किया। इनमें से 42 ने साक्ष्य का समर्थन किया।

न्यायाधीश ने मामले को 'दुर्लभ से दुर्लभतम' माना

कार्रवाई — *ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने कसी कमर*

अगले 15 दिन में 18 लाख सिम कार्ड हो जाएंगे बंद

■ **डॉ. कला अय्यर**

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु) । ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के लिए केंद्र सरकार फुल एक्शन मोड में है। इसके लिए सरकार ने नया प्लान बनाया है। जिसके तहत सरकार करीब 18 लाख सिम और मोबाइल कनेक्शन को अगले 15 दिन में बंद करने जा रही है। ये पहली बार होगा जब इतनी ज्यादा संख्या में सरकार मोबाइल और सिम कनेक्शन बंद करने जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक टेलिकॉम विभाग की ओर से बीते 9 मई को टेलिकॉम कंपनियों जैसे जियो, एयरटेल और वीआई को 28,220 मोबाइल बैंड को बंद करने का निर्देश दिया था। साथ ही करीब 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा से वेरिफिकेशन करने का निर्देश भी दिया गया था। इसके पीछे कारण मोबाइल हैंडसेट से हो रहे ऑनलाइन फ्रॉड है। केंद्र की मोदी सरकार ने देश से साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड को हटाने के लिए सिम कार्ड्स को बंद करने का फैसला किया है। प्लान के तहत सरकारी और प्राइवेट एजेंसियों की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों की पहचान की जाएगी। सूत्रों की मानें, तो टेलिकॉम कंपनियां मोबाइल कनेक्शन और सिम कार्ड का रीवेरिफिकेशन करेगी, उसके बाद उन्हें ब्लॉक कर सकती है। टेलिकॉम कंपनियों की ओर से अगले 15 दिनों में फर्जी मोबाइल और सिम कार्ड को बंद करने का टास्क दिया गया है। देश में मोबाइल फोन से होने वाले साइबर क्राइम में तेजी से इजाफा हो रहा है। एनसीआरपी की मानें, तो साल 2023 में डिजिटल फाइनेंशिल फ्रॉड में करीब 10,319 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस मामले में 694,000 शिकायतें दर्ज की गई हैं। फ्रॉड के लिए अलग रीजन के सिम अलग रीजन में इस्तेमाल किए जाते हैं। पिछले साल साइबर फ्रॉड में शामिल 37,000 सिम कार्ड को बंद किया गया है। इसी दौरान करीब 17 मिलियन मोबाइल कनेक्शन को बंद किया गया है। इसके अलावा 1,86,000 हैंडसेट को ब्लॉक किया गया है। आजकल टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से सिम क्लोनिंग जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिनका इस्तेमाल ऑनलाइन फ्रॉड को करने में किया जाता है।

■ ये पहली बार होगा जब इतनी ज्यादा संख्या में सिम कार्ड बंद होंगे

देश

उवाच

"माहौल देखना है तो उत्तर प्रदेश और बिहार आकर देखें। कांग्रेस, आरजेडी और इंडिया गठबंधन की सभा में जो भीड़ आ रही है उसमें मोदी-शाह सरकार के खिलाफ जो दबा हुआ गुस्सा था वह बाहर आ रहा है। प्रधानमंत्री रोज नया झूठ कहते हैं।

-दिग्विजय सिंह,कांग्रेस नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	43.0	31.0
मुंबई	34.0	30.0
कोलकाता	28.0	27.0
चेन्नई	31.0	30.0

जम्मू-कश्मीर में बिना खौफ जमकर बरसे वोट

■ लोस चुनाव के पांचवें चरण के मतदाताओं ने लोकतंत्र के पर्व में की शिरकत ■ बारामुल्ला ने पिछले चार बार के लोकसभा चुनावों के मतदान रिकार्ड को पीछे छोड़ा

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 20 मई (देशबन्धु)। पांचवें चरण के मतदान में बारामुल्ला संसदीय क्षेत्र में मतदान के सारे पिछले रिकार्ड तीन बजे तक टूट चुके थे। बारामुल्ला लोकसभा सीट पर तीन बजे 45 परसेंट वोटिंग हुई है। तीन बजे ही बारामुल्ला सीट पर हुए मतदान ने पिछले चार बार के लोकसभा चुनावों के मतदान रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया था। बारामुला सीट पर पांच बजे तक 54.21 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, लद्दाख में 67.15 फीसदी वोटिंग हुई है। बारामुल्ला में 2019 में 34.89 परसेंट, 2014 में 39.13 प्रतिशत, 2009 में 41.84 प्रतिशत और 2004 में 35.65 प्रतिशत मतदान हुआ था। सच में जम्मू कश्मीर में इस बार लोकसभा चुनाव कुछ खास है। न कोई बहिष्कार की अपील, न आतंकियों का डर। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच लोग खुशी-खुशी घर से वोट डालने के लिए नजदीक के मतदान केंद्रों पर पहुंचे थे। इस बीच, कश्मीर में एक आंतकी के भाई ने उससे लौटने की अपील की और वोट डालने के बाद लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी के भाई ने उससे आत्मसमर्पण करने की अपील की। रउफ अहमद लोन लश्कर-ए-तैयबा के सक्रिय आतंकवादी उमर लोन का भाई है उमर लोन आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में वांछित है। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला के बारामुल्ला से चुनाव लड़ने की वजह से यह सीट सियासी चर्चा के केंद्र में है। बारामुल्ला संसदीय सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, पीडीपी के मीर मोहम्मद फैयाज, पीपुल्स कान्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन और इंजीनियर रशीद मैदान में हैं। कश्मीर के कद्दावर नेताओं के बीच मुकाबला होने की वजह से बारामुल्ला सीट देशभर में सुर्खियों में है। श्रीनगर सीट की तरह बारामुल्ला लोकसभा क्षेत्र के लिए भी रिकार्ड वोटिंग के दरवाजे खुल गए थे। बारामुल्ला लोकसभा क्षेत्र में 17 लाख से अधिक मतदाता हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बडगाम, बारामुल्ला, कुपवाड़ा और बांडीपोरा जिले आते हैं। इस सीट पर मतदान के लिए 2103 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें शहरी क्षेत्रों में 244 और ग्रामीण क्षेत्र में 1,859 मतदान केंद्र हैं। इस संसदीय क्षेत्र के लिए भी कश्मीरी विस्थापितों ने कश्मीर में वापसी की उम्मीद के साथ मतदान किया। जम्मू में कश्मीरी विस्थापित मतदाताओं के लिए 21 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सोमवार को बारामुल्ला संसदीय सीट के लिए सभी 21 पोलिंग स्टेशन पर मतदान हुआ। इसके अलावा तीन अतिरिक्त एगजलरी पोलिंग बूथ स्थापित किए गए थे। पोलिंग स्टेशनों पर मतदान के लिए आने वाले विस्थापित मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। इसमें बारामुल्ला संसदीय सीट के विभिन्न क्षेत्रों से विस्थापित मतदाताओं ने लोकतंत्र के पर्व में शिरकत की। उनका कहना है कि कश्मीरी विस्थापितों की सुरक्षित और सम्मानजनक घाटी में वापसी होनी चाहिए।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच बारामुल्ला सीट व केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की एक मात्र संसदीय सीट पर हुआ मतदान

कश्मीर विस्थापितों ने घाटी में वापसी की उम्मीद के साथ किया मतदान

जम्मू में कश्मीर विस्थापित मतदाताओं के लिए 21 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सोमवार को बारामुला संसदीय सीट के लिए सभी 21 पोलिंग स्टेशन पर मतदान हुआ। इसके अलावा तीन अतिरिक्त एगजलरी पोलिंग बूथ स्थापित किए गए। पोलिंग स्टेशनों पर मतदान के लिए आने वाले विस्थापित मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। इसमें बारामुला संसदीय सीट के विभिन्न क्षेत्रों से विस्थापित मतदाताओं ने लोकतंत्र के पर्व में शिरकत की। कश्मीरी विस्थापितों की सुरक्षित और सम्मानजनक घाटी में वापसी होनी चाहिए। 2019 में, निर्वाचन क्षेत्र में 34.17 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें कुपवाड़ा जिले में सबसे अधिक 51.7 प्रतिशत मतदान हुआ।

पर्यावरण के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

सुंबल के इंद्रकोट में ग्रीन पोलिंग स्टेशन बनाया गया है। यहां मतदाताओं को वोट करने के साथ ही उन्होंने पर्यावरण के प्रति भी जागरूक किया गया। लद्दाख के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर (डॉ.) बी.डी. मिश्रा और लद्दाख फर्स्ट लेडी नीलम मिश्रा ने लेह में एक मतदान केंद्र पर पांचवें चरण के मतदान के दौरान वोट किया। उन्होंने सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होने की अपील की। बारामुला लोकसभा सीट में 18 विधानसभा क्षेत्र हैं। पुंजवा विलगाम से पहली बार वोट करने पहुंची युवा वोटर तहमीना जाविद ने वोट डालने के इसके महत्व के बारे में बताया।

लखनऊ में राजनाथ, तो मुंबई में उद्धव ने परिवार संग डाला वोट

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 48 सीटों पर मतदान हुआ। लखनऊ में राजनाथ, तो मुंबई में उद्धव ने परिवार के साथ वोट डाला। इस चरण में 695 प्रत्याशी मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कुल 695 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। मतदान में 8.95 करोड़ से अधिक मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिलाएं और 5409 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। सोमवार को केंद्रीय मंत्री, विपक्षी नेता समेत कई बड़े चेहरों ने मतदान किया। महाराष्ट्र के 13 लोकसभा क्षेत्रों में जारी मतदान के बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने सोमवार को एक बड़ा दावा किया। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों के बाहर सुविधाओं को लेकर मतदाताओं की तरफ से काफी शिकायतें आईं। शिवसेना नेता ने कहा कि मतदाता गर्मी से बचने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि गर्मी को देखते हुए मतदाताओं को छांव में खड़ा किया जाना चाहिए और पंखे उपलब्ध कराए जाने चाहिए। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में वोट डाला। वह अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे। वोट डालने के बाद उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। सीएम शिंदे ने कहा कि वोट देने का अधिकार एक बहुत ही मूल्यवान अधिकार है। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट देश का विकास करेगा और देश को महाशक्ति बनने में मदद करेगा। शिवसेना(यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे भी पुणे के एक मतदान केंद्र में वोट डाला। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी रश्मी और बेटे आदित्य भी मौजूद थे।

■ पांचवे चरण में केंद्रीय मंत्री, विपक्षी नेता समेत कई बड़े चेहरों ने किया मतदान

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी किया मतदान

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी सोमवार को मतदान किया। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के लिए बहुत गर्व का क्षण है। 140 करोड़ लोगों के चुनाव में भाग लेना गर्व का क्षण है। भाजपा के सांसद बृज भूषण सिंह ने भी अपना वोट डाला। उनके बेटे करण भूषण सिंह कैसरगंज सीट से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान केंद्र के बाहर मीडिया से बात करते हुए बृज भूषण ने कहा, कैसरगंज के लोग उन्हें (करण भूषण) दोगुने वोटों से जीता रही हैं। वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव में के पांचवे चरण में सोमवार को मुंबई और उपनगरों की संसदीय सीटों पर मतदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की गणमान्य हस्तियों के साथ बॉलीवुड सितारों ने भी अपने परिवार के साथ संबंधित मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

लद्दाख के नए केंद्र शासित प्रदेश में लेह से अधिक करगिल के मतदाओं ने डाले वोट

__जम्मू।__ पांच अगस्त 2019 को जन्म लेने वाले लद्दाख के नए केंद्र शासित प्रदेश में लेह से ज्यादा मतदान करगिल में हुआ है। लद्दाख में तीन बजे तक 61.26 प्रतिशत मतदान हुआ था। लद्दाख में 577 मतदान केंद्र बनाए गए थे और करीब छह हजार चुनाव एवं और सुरक्षा कर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंचे थे। लेह जिले में सियाचिन ग्लेशियर में पाकिस्तान से लगती एलओसी के पास महज 20 किलोमीटर की दूरी पर हानले के फू में भी मतदान केंद्र बनाया गया था। यह समुद्र तल से 15 हजार फीट पर दुनिया में सबसे अधिक ऊंचाई पर मतदान केंद्र बनाया गया था। लद्दाख लोकसभा क्षेत्र के 1,84,803 मतदाताओं में 95,928 मुस्लिम बहुल करगिल से हैं। वहीं, बौद्ध बहुल लेह जिले में 88,875 मतदाता हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के दुर्गम इलाकों तक मतदान कर्मियों को पहुंचाने की चुनौतियां भी ज्यादा थीं। लद्दाख के दो जिला लेह और करगिल में कुल 577 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। लद्दाख के सीईओ एम मरालकर यतिंद्र ने खुद कई मतदान केंद्र पर जाकर मतदान का जायजा लिया। साथ लोगों को अधिक से अधिक संख्या में वोट करने की अपील की थी। वारशी गांव में महज एक परिवार के लिए एक विशेष मतदान केंद्र बनाया गया था! लद्दाख के सुदूर वारशी गांव में महज एक परिवार के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाया गया था जिसमें पांच मतदाता थे और सोमवार को पांच मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इस सीट के लिए महज तीन उम्मीदवार ही मैदान में हैं। भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह ताशी ग्यालसन और कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा है। वहीं, करगिल से स्वतंत्र उम्मीदवार हाजी हनीफा जान चुनाव लड़ रहे हैं। लद्दाख निर्वाचन क्षेत्र में 182,571 पंजीकृत मतदाता हैं और 2019 के चुनावों में लद्दाख में सराहनीय 76.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह संसदीय सीट पर तीन उम्मीदवारों के बीच टक्कर है। भाजपा ने सीटिंग एमपी की जगह ताशी ग्यालसन और कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा। जबकि करगिल से स्वतंत्र उम्मीदवार हाजी हनीफा जान को नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस का समर्थन हासिल है। लद्दाख प्रदेश के लेह जिले में पुरुष मतदाताओं के मुकाबले महिलाएं अधिक हैं। जिले लेह में 75 ऐसे मतदान केंद्र हैं, जहां मतदान करवाने की पूरी जिम्मेवारी महिलाओं के हाथ में थी। लद्दाख में महिलाएं हमेशा मजबूत रही हैं।

सार संक्षेप

अहमदाबाद हवाई अड्डे पर चार आतंकवादी गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सोमवार को चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। अहमदाबाद हवाई अड्डे से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

मोहन यादव ने ओम बिरला से की मुलाकात

नई दिल्ली/भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दिल्ली प्रवास के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। डॉ. यादव ने बिड़ला के दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इन दौरान दोनों नेताओं के बीच विविध विषयों पर चर्चा हुयी। मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री वैष्णव से भी सौजन्य भेंट की।

जम्मू में नकली अमेरिकी डॉलर जब्त, पांच हिरासत में

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को शहर के बाहरी छोर पर सिधरा इलाके में पांच युवकों को हिरासत में लिया और उनके पास से नकली अमेरिकी डॉलर जब्त किए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विशेष अभियान समूह (एसओजी) की टीम ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त के दौरान पांच युवकों को संदेह के आधार पर रुकने के लिए कहा।

आईएएस अधिकारियों ने की भूपेंद्र पटेल से भेंट

गांधीनगर। गुजरात कैडर में आबंटित किए गए वर्ष 2023 की बैच के आठ प्रोबेशनरी भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस अधिकारियों ने सोमवार को गांधीनगर में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार भेंट की। सरदार पटेल लोक प्रशासन संस्थान से प्रोबेशनरी आईएएस अधिकारियों ने संस्थागत प्रशिक्षण पूर्ण किया है। इनमें सात महिला अधिकारी शामिल हैं। राज्य के बनासकाँठा, भावनगर, कच्छ, पंचमहाल, वलसाड, नर्मदा तथा नवसारी जिलों में फील्ड प्रशिक्षण के लिये सुपरन्यूमरेरी असिस्टेंट कलेक्टर की जिम्मेदारी इन्हें दी गई है।

ऐतिहासिक ध्वज स्तंभ के वुडन रेप्लिका का निर्माण के लिए एनबीसीसी को प्रशस्ति पत्र

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। भारत के माननीय राष्ट्रपति कार्यालय ने एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी, के. पी. महादेवास्वामी को प्रशस्ति भेजते हुए सीएमडी समेत एनबीसीसी की टीम को राष्ट्रपति निलयम, हैदराबाद स्थित ऐतिहासिक ध्वज स्तंभ के लकड़ी के रेप्लिका को बनाने में अहम भूमिका के निर्वहन पर सराहा है। माननीय राष्ट्रपति कार्यालय ने रिकॉर्ड समय में राष्ट्रपति निलयम स्थित ऐतिहासिक ध्वज स्तंभ रेप्लिका निर्माण के सराहनीय कार्य के लिए सीएमडी, एनबीसीसी एवं समस्त टीम की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया। यह देश का सबसे ऊंचा लकड़ी का ध्वज स्तंभ है। ध्वज स्तंभ की कुल उंचाई पुरानी नींव से 36 मीटर (लगभग 120 फीट) है। हाल ही में अनावरित किए गए इस ध्वज स्तंभ को 80 वर्षों से भी अधिक पुरानी एवं उच्च गुणवत्ता वाली सागवान की लकड़ी से बनाया गया है। ध्वज स्तंभ संतुलित रहे इसके लिए, नींव से कुल 18 स्टील तारों को स्तंभ के साथ बांधा गया है।

बिहार की पांच लोस सीटों पर 56 प्रतिशत मतदान

पांचवे चरण के मतदान में सबसे अधिक मुजफ्फरपुर में 58.10 प्रतिशत हुआ

पटना, 20 मई (देशबन्धु)। बिहार में पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव में सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर (सु) संसदीय क्षेत्र में शाम छह बजे मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया और इस दौरान लगभग 56 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवासन ने सोमवार को पांचवें चरण के पांच संसदीय क्षेत्र सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर (सु) में मतदान की समाप्ति के बाद जानकारी दी।

छह महिला व 74 पुरुष समेत 80 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद

पांचवें चरण में इन पांच संसदीय क्षेत्रों में 49 लाख 99 हजार 627 पुरुष, 45 लाख 11 हजार 259 महिला और 300 थर्ड जेंडर समेत कुल 95 लाख 11 हजार 186 मतदाता 9436 बूथों पर वोटिंग कर छह महिला और 74 पुरुष समेत कुल 80 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद कर दिया है।

मल्लिकार्जुन खड़गे पर अशोभनीय टिप्पणी के आरोपी पर होगी कार्रवाई : वेणुगोपाल

पश्चिम बंगाल के प्रभारी महासचिव को तुरंत रिपोर्ट सौंपने के आदेश

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में कुछ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए पार्टी ने प्रदेश प्रभारी से रिपोर्ट मांगी है ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। पार्टी ने इन घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लिया है और पश्चिम बंगाल के प्रभारी महासचिव को अनुशासनहीनता के इन कृत्यों को लेकर तुरंत रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। कांग्रेस महासचिव-संगठन केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा, हमारे संज्ञान में आया है कि पश्चिम बंगाल में पार्टी के कुछ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर माननीय कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ कुछ अशोभनीय टिप्पणियां की हैं।

केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कुछ उपद्रवियों ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे होर्डिंग को भी तोड़ने की घटना को अंजाम दिया है। इससे पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाएं आहत हुई हैं।

दिल का दौरा पड़ने से चुनाव अधिकारी की मौत

बोलांगीर, 20 मई (एजेंसियां)। ओडिशा के बोलांगीर जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक स्कूल शिक्षक की रविवार को टिटलागढ़ में एक मतदान दल वितरण केंद्र पर दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। खबर के अनुसार, सुशील कुमार आचार्य (52) वितरण केंद्र पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें टिटलागढ़ अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी ढल ने घटना पर शोक व्यक्त किया और घोषणा की कि चुनाव आयोग की घोषणा के अनुसार मृतक के परिवार को 15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि मिलेगी।

लैंबोर्गिनी पर होकर सवार बताने निकले नेत्रदान का महत्व

नई दिल्ली 20 मई (एजेंसियां)। नेत्रदान महादान को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक आई-7 साईट के सौजन्य से लोगों को जागरुक करने के विशेष जागरुकता का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ये जानकारी आई के नेत्र रोग विशेषज्ञ व डायरेक्टर डॉ. संजय चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि नेत्र दान को लेकर 5 मई को श्रीनगर में विशाल कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को नेत्रदान के बारे में बताया गया। डॉ संजय चौधरी ने बताया कि एक विषेष कार के द्वारा डॉ राहिल चौधरी और डॉ अब्बास जैदी आज दिल्ली महरौली से मुंबई के लिये लिये रवाना हुए। जिसको झन्डा दिखाकर दिल्ली के उपमहापोर आले इकबाल ने रवाना किया। आले इकबाल ने कहा कि ये बहुत बड़ी बात है कि नेत्रदान के बारे में लोगों के बीच जाकर आई 7 जागरुक कर रही हैं । इस अवसर पर डॉ राहिल चौधरी ने कहा कि अगर दान में दी गई आंख से किसी अन्धता के शिकार को रोशनी मिलती है । तो ये महादान है। डॉ अब्बास जैदी का कहना है कि हमारे देश में 4.95 मिलियन अन्धता के शिकार हैं।

सवाल *कई तरह के गंभीर आरोपों में घिरी 'आप' पर उठ रहे सवाल*

आम आदमी पार्टी ने क्या विदेशी चंदा देने वालों की पहचान छिपाई

■ जोगेन्द्र सोलंकी

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। कई तरह के गंभीर आरोपों में घिरी आम आदमी पार्टी एक नई मुसीबत में घिरती नजर आ रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को गृह मंत्रालय को बताया कि आम आदमी पार्टी को 2014 से 2022 के बीच विदेशी फंड से 7.08 करोड़ मिले व पार्टी ने चंदा लेने में विदेशी योगचंदा विनियमन अधिनियम (एफसीआरए)। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए), और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) का उल्लंघन किया है। आप को अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और ओमान सहित कई अन्य देशों से चंदा मिला है। जाँच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि ईडी को जांच में कई अनियमितताएं मिली हैं। ईडी ने बताया कि कई आप नेताओ ने व्यक्तिगत लाभ के लिए आप और उसके कई नेताओं द्वारा 2016 में फंड-रेजिंग इवेंट चलाया था और एकत्र किए गए धन की हेराफेरी भी की। ईडी ने आप नेता दुर्गेश पाठक पर पर भी धन हेराफेरी का आरोप लगाया। जांच एजेंसी ने आम आदमी पार्टी के कई स्वयंसेवकों के ई-मेल से मिले सबूतों के आधार पर इन आरोप की पुष्टी की है। जांच एजेंसी ने अनिकेत सक्सेना (आप के ओवरसीज इंडिया के समन्वयक), कुमार विश्वास (तत्कालीन आप ओवरसीज इंडिया के संयोजक), कपिल भारद्वाज (तत्कालीन आप के सदस्य) और दुर्गेश पाठक सहित विभिन्न आप स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों के बीच चंदे से जुड़े ई-मेल की जानकारी के आधार पर पार्टी पर ये आरोप लगाया है। जांच में पता चला है कि चंदा देने वालों की पहचान छुपाई गई है। आप को चंदा देने के लिए एक ही पासपोर्ट नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर और क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया है। ईडी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को डाटा शेयर कर दिया है। ईडी ने बताया कि विदेश में रहने वाले 155 लोग, 55 पासपोर्ट नंबरों का इस्तेमाल कर 404 मौकों पर कुल 1.02 करोड़ रुपये का चंदा दिया। कम से कम 71 चंदादाताओं ने 256 अवसरों पर कुल 99.90 लाख रुपये चंदा दिया। इसके लिए 21 मोबाइल नंबरों का उपयोग किया गया। विदेश में रहने वाले 75 लोगों ने 148 बार में कुल 19.92 लाख रुपये का चंदा 15 क्रेडिट कार्ड के जरिये किया गया। ईडी ने कहा कि 19 कनाडाई नागरिकों की ईमेल आईडी और मोबाइल नंबरों के जरिए कुल 51.15 लाख रुपये पार्टी को चंदा दिए गए। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि इन कनाडाई नागरिकों के नाम और उनकी राष्ट्रीयता छुपाई गई थी और रिकॉर्ड में सही ढंग से जारी नहीं की गई थी। हालाँकि ईडी के आरोप पर आम आदमी पार्टी की प्रतिक्रिया सामने आई है।

■ ईडी ने गृहमंत्रालय को दी आप की विदेशी चंदे में घपले की जानकारी

उल्टा पुल्टा

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।
डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।
सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं।

केजरीवाल के खिलाफ रची जा रही साजिश : आप

कैबिनेट मंत्री आतिशी ने केंद्र की मोदी सरकार पर बोला हमला

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरविंद केजरीवाल से डर लगता है। उन्हें पता है कि वो चुनावी मैदान में दिल्ली और पंजाब में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का सामना नहीं कर सकते हैं। वो अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए कामों का सामना नहीं कर सकते हैं। इसलिए जबसे चुनाव की घोषणा हुई है, तब से बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक के बाद एक अरविंद केजरीवाल पर कोई न कोई हमला करने की साजिश की है। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई, तो 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को एक फर्जी मुकदमे में फंसा दिया जाता है। एक ऐसा मुकदमा जिसमें आज तक एक रुपए का सबूत नहीं मिला, एक पैसा तक नहीं मिला। लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद अरविंद केजरीवाल पर झूठा मुकदमा लगाकर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जेल में अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन बंद कर दी गई। जबकि वो 30 साल से शुगर के मरीज हैं और रोज 52 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। इंसुलिन दिलवाने के लिए हमें कोर्ट जाना पड़ता है। और कोर्ट के आदेश के बाद केजरीवाल को दवा मिल पाई। भगवान का आशीर्वाद था कि बीजेपी का ये षड़यंत्र फेल हो गया और उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। ये ऊपरवाले और

स्वाति मालीवाल का दांव नहीं चला तो अब हमला कराने की साजिश कर रही भाजपा : आतिशी

दिल्ली के लोगों का प्यार व आशीर्वाद था। अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश कर रहे हैं। रविवार को दिल्ली के राजीव चौक और पटेल नगर मेट्रो स्टेशन के अलावा कई मेट्रो ट्रेन के अंदर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धमकियां लिखी गई हैं। उनको जान से मारने की धमकी लिखी गई है। दिल्ली के प्रमुख मेट्रो स्टेशन पर अरविंद केजरीवाल पर हमला करने की बात कई जगह धमकी के तौर पर लिखी गई है। जिसका चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे के अंदर आता है, वहां ऐसा कैसे हो सकता है। मेट्रो स्टेशन का एक इंच भी सीसीटीवी कैमरे की कवरेज से बाहर नहीं होता। ऐसा कैसे हो सकता है कि राजीव चौक और पटेल नगर मेट्रो स्टेशन में दिन-रात पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स मौजूद रहती है। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की मॉनीटरिंग होती है, फिर भी धमकियां लिखी जाती हैं। ये धमकियां लिखने वाले को कोई ढूंढ भी नहीं रहा है और वो शख्स उन सारी धमकियों की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी करता है। मैं जानना चाहती हूं कि दिल्ली, साइबर सेल और दिल्ली मेट्रो की सिक्योरिटी फोर्स कहां है। आतिशी ने कहा कि ऐसा कैसे होता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक-दो जगह नहीं, बल्कि दिल्ली मेट्रो में जगह-जगह खुलेआम जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं और उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर डाला जा रहा है। लेकिन दिल्ली पुलिस सो रही है। जबकि दिल्ली पुलिस मालीवाल के फर्जी आरोपों पर 24 घंटे काम कर रही थी। जो उनके आरोप नोट करवाने और एफआईआर करने के लिए अपनी पूरी बटालियन लेकर उनके घर चली गई थी। जो जेम्स बॉन्ड की तरह हर एक घंटे में सीएम आवास पहुंच जाते हैं। कभी कहते हैं हमें सीसीटीवी, कालीन, सोफा और वीडियो चाहिए। लेकिन जब दिल्ली के मुख्यमंत्री को धमकियां दी जा रही हैं, तो दिल्ली पुलिस के मुंह से चू भी नहीं निकल रही है। आतिशी ने कहा कि क्यों दिल्ली पुलिस के मूंह से आवाज नहीं निकल रही है? क्यों अभी तब ये धमकियां देने वाले को पकड़ा नहीं गया है।

अदालत से केजरीवाल को मिली राहत से भाजपा परेशान

आतिशी ने कहा कि जबसे अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है, उनका 20 दिन के लिए भी जेल से बाहर आना बीजेपी को पच नहीं रहा है। वो फिर से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक के बाद एक षड़यंत्र रच रहे हैं। अभी पिछले कुछ दिनों में ही हमने देखा कि किस तरह से स्वाति मालीवाल को मोहरा बनाकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक षड़यंत्र रचा गया। उनका इरादा था कि अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगेंगे। हमारा मानना है कि स्वाति मालीवाल पर उनके एसीबी के केस को लेकर दबाव बनाया गया और उनको इस षड़यंत्र का चेहरा बनाया गया। लेकिन वो षड़यंत्र भी कामयाब नहीं हुआ। क्योंकि जो वीडियो सीएम आवास से निकले, उससे पूरे देश ने देख लिया कि जो शिकायत स्वाति मालीवाल कर रही थीं, वो सरासर झूठ है। आतिशी ने आगे कहा कि जब स्वाति मालीवाल के आरोप का षड़यंत्र नहीं चला तो अब बीजेपी अपना आखिरी दांव खेलने पर आ गई है। वो अरविंद केजरीवाल पर हमला करवाने की साजिश करवा रहे हैं। झ

संविधान बचाने की मुहिम में सभी को आहुति देनी होगी : योगेन्द्र यादव

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। सामाजिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने संविधान की रक्षा के लिए कान्स्टिट्यूशन क्लब में प्रबुद्ध समाज की बैठक आयोजित की। भारी संख्या में मौजूद सभी प्रतिनिधियों को संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाते हुए भारत का संविधान भेंट किया गया। संयुक्त मोर्चा के मुख्य संयोजक हरनाम सिंह की मौजूदगी में आयोजित महासम्मलेन को प्रसिद्ध सामाजिक नेता डा योगेन्द्र यादव ने भी संबोधित किया। उन्होंने जनसमूह को आह्वान किया कि संविधान बचाने की मुहिम में सभी को आहुति देनी होगी, तभी देश बचेगा। मोर्चा के मुख्य संयोजक हरनाम सिंह ने कहा कि दिल्ली, एनसीआर में सैकड़ों बैठक कर संविधान व लोकतंत्र विरोधी सरकार को बदलने की मुहिम चलाई गई है जिसका परिणाम है कि आज हजारो की संख्या में लोगो ने इस महासम्मेलन को सफल बनाया। हरनाम सिंह ने कहा कि संविधान में भारत की आत्मा बसती है और देश के उपेक्षित वर्ग को मिले संवैधानिक अधिकारों को किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल वक्ताओं में सामाजिक कार्यकर्ता बीर सिंह बहोत, भानू प्रताप सिंह, गौहर रजा आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

वर्कइंडिया पर पोस्ट की गई 97 प्रतिशत जॉब्स को पाया गया जेनुइन

नई दिल्ली। भारत में ब्लू कॉलर जॉब्स के लिए अग्रणी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल में वर्कइंडिया पर पोस्ट की गई 97 प्रतिशत जॉब्स को जेनुइन पाया गया। यह धोखाधड़ी और रोजगार के नाम पर फर्जी जॉब लिस्टिंग से निपटने की दिशा में कंपनी के प्रयासों को दर्शाता है। वर्कइंडिया देश के 25.8 करोड़ ब्लू कॉलर कर्मियों को अर्थपूर्ण आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में वर्कइंडिया के सह-संस्थापक एवं सीईओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा कि वर्कइंडिया का उद्देश्य देश के 25.8 करोड़ ब्लू कॉलर कर्मियों को अर्थपूर्ण रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह सेगमेंट दुनिया का सबसे बड़ा वर्कफोर्स है, जो अभी टेक्नोलॉजी से दूर है। हमारा प्लेटफॉर्म बिचौलियों, फर्जी जॉब लिस्टिंग और अश्लील जॉब लिस्टिंग को खत्म करने के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने पर केंद्रित है, जिससे रोजगार चाहने वालों को एक भरोसेमंद प्लेटफॉर्म मिल सके। वर्क इंडिया ने सक्रियता दिखाते हुए 3,000 से ज्यादा ऐसे नियोक्ताओं को ब्लॉक किया है, जिन्होंने फर्जी, अश्लील या पैसे लेकर रोजगार देने जैसी लिस्टिंग की थी। इन नियोक्ताओं ने ऐसी 8700 से ज्यादा फर्जी जॉब की लिस्टिंग की थी, जो इस समस्या की गंभीरता को दिखाता है।

आईसीएमआर ने कोवैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली रिपोर्ट पर बीएचयू को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। कोरोनाकाल में लोगों को लगाई गई कोवैक्सीन के दुष्प्रभाव को लेकर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की ओर से बीते सप्ताह जारीरिपोर्ट जारी की गई। अब इस रिपोर्ट को लेकर न्यझ विवाद शुरू हो गया है। आईसीएमआर के वैज्ञानिकों ने इस शोध पर कडी प्रतिक्रिया देते हुए नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। वहीं बीएचयू से मिली जानकारी के मुताबिक,उसकी ओर से इस पूरे मामले की जांच के लिए चार सदस्यों की कमेटी गठित की गई है। आईसीएमआर ने जांच कमेटी से एक दो -दिन में जवाब देने को कहा है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहाकि रिपोर्ट से उसका नाम हटा दिया जाए और इस संबंध में शुद्धि पत्र पत्र प्रकाशित किया जाय। बतादें कि बीते सप्ताह बीएचयू के जिरियार्ट्रिक और फार्मोकोलॉजी विभाग की ओर से लोगो पर कोवैक्सीन टीके के दुष्प्रभाव के कुछ दावे किए गए थे। यह दावा जिरियार्ट्रिक विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शुभ शंख चक्रवर्ती औा फार्मोकोलॉजी विभाग से जुडी डॉक्टर उपिंदर कौर की तरफ से किया गया था। तभी इसे इसे बारे में चर्चा गर्म है। इससे पहले कोविशील्ड बनाने वाली एस्ट्रेजेनका ने पिछले महीने ही ब्रिटेन की एक अदालत में इस बात को स्वीकार किया है कि इस वैक्सीन के कुछ घातक परिणाम सामने आ सकते हैं। एस्ट्रेजेनका ने कबूल किया कि कोविशील्ड वैक्सीन से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम जैस दुष्प्रभाव हो सकते हैं। जिसके चलते खून के थक्के जमने लगते हैं या फिर शरीर में प्लेटलेट्स तेजी से गिरने लगते हैं और ब्रेन स्ट्रोक्स या हार्ट अटैक की आशंका बढ जाती है।

प्रधानमंत्री को दिखने लगी हार : संदीप पाठक

भाजपा पर ईडी के माध्यम से एक नया षड़यंत्र रचने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में अपनी हार दिखने लगी है, इसलिए वह गंदी राजनीति पर उतारू हो गए हैं, लेकिन दिल्ली और देश की जनता अरविंद केजरीवाल के साथ है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने सोमवार को कहा कि भाजपा अब एक नया मुद्दा लेकर आई है। भाजपा कह रही है कि आम आदमी ने विदेशी फंड लिया है। इस मामले में पहले ईडी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), केंद्रीय गृह मंत्रालय को आम आदमी पार्टी ने एक-एक डिटेल पहले ही सौंप दिया था। वर्ष 2015 में गृह मंत्रालय ने उच्च न्यायालय में अपने शपथपत्र में कहा था कि कोई गलत नहीं हुआ है। ये बात पहले ही खत्म हो चुकी है। अब प्रश्न यह है कि आज ये फिर से क्यों उठाया गया है। भाजपा ने फिर से ईडी के माध्यम से एक नया षड़यंत्र

लेकर आई है। भाजपा की पूरी कारगुजारी देखें तो जब भी भाजपा चुनाव हारने की स्थिति में आती है, तो इस तरह की गंदी राजनीति करती है। डॉ. पाठक ने कहा कि पहले इन्होंने एक फर्जी शराब घोटाला बनाया, फिर एक-एक नेता को जेल में डाला। इनको लगा कि आम आदमी पार्टी टूट जाएगी, लेकिन पार्टी नहीं टूटी, बल्कि आगे बढ़ी। अगर प्रधानमंत्री इतनी मेहनत देश के लिए करते तो देश पता नहीं कहां से कहा पहुंच गया होता। श्री केजरीवाल की जमानत को रोकने के लिए इन्होंने अपना सबकुछ दांव पर लगा डाला फिर भी अदालत ने राहत दी। उन्होंने कहा कि चुनाव हारता देख यह स्वाति मालीवाल का मामला सामने लेकर आए। इन्होंने इस मुद्दे को बड़ा करने की कोशिश में अपनी पूरी जान झोंक दी। ये इसमें भी फ्लॉप हो गए। इनकी रणनीति ही फेल हो गई। सुश्री मालीवाल का मामला खत्म हो गया तो अब ये विदेशी फंडिंग का मामला लेकर आए। विदेश फंडिंग का मामला पूरी तरह से हस्यास्पद है। वहीं, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी। दस साल में भाजपा ने युवाओं को न रोजगार दिया और न तो महंगाई कम की। आज महंगाई चरम सीमा पर है। भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ, कालाधन वापस नहीं आया, किसी के खाते में 15 लाख रुपए भी नहीं आए। भाजपा को पता है कि उनकी 10 साल की जुमलेबाजी से देश के लोग परेशान और नाराज है। भाजपा को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से इसीलिए डर लगता है, क्योंकि केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में जो भी वादे किए, वो सारे वादे पूरे करके दिखाए।

■ नई दिल्ली स्थित करोल बाग मार्केट में एक कपड़े के शोरूम में लगी आग पर काबू पाते दिल्ली फायर कर्मी। फोटो इम्तियाज खान

तापमान बढ़ने के साथ कई जगहों पर लगी आग;

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। राजधानी में 24 घंटे में कई जगहों पर आग लगने की घटना सामने आईं। सोमवार शाम करोल बाग में एक कपड़े के शोरूम में आग लग गई, वहीं इससे पहले जीटी करनाल रोड पर चलती कार में आग लग गई। इसी तरह मुखर्जी नगर स्थित एक पीजी होम में आग लग गई। यहां रह रहीं छात्राओं ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। वहीं आजादपुर मंडी के पास दिल्ली पुलिस के जवान की बाइक में आग लग गई, जिससे आसपास खड़ी अन्य बाइकें में भी आग की चपेट में आ गईं। सभी जगहों पर दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। किसी भी घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम 5.27 बजे करोल बाग मेट्रो स्टेशन के पास एक कपड़े की दुकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही 16 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने देखा कि कपड़े के शोरूम के ऊपर की मंजिल पर तीन लोग फंसे हैं। दमकल कर्मियों ने सीढ़ी की मदद से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं सोमवार की दोपहर जीटी करनाल हाई-वे पर मुकरबा चौक से अलीपुर की ओर जा रही एक कार में अचानक आग लग गई।

आप ने जारी किया दिल्ली के भाजपा सांसदों का रिपोर्ट कार्ड

66 प्रतिशत फंड नहीं खर्च करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। दिल्ली में भाजपा के सातों सांसदों को 124 करोड़ रुपए का बजट पांच साल में जनता की समस्याओं के समाधान व सुविधाओं पर खर्च करने के लिए आवंटित होता है उसमें से 81 करोड़ रुपए भाजपा के सातों सांसदों ने नहीं खर्च किया. यह जानकारी साझा करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता जैस्मिन शाह ने भाजपा को घेरा और कहा कि भाजपा दिल्ली के लोगों के लिए काम नहीं करना चाहती है क्योंकि उन्हें वोट तो मिल ही जाता है। दिल्ली में सांसदों ने सिर्फ 33 प्रतिशत पैसा खर्च किया जो देश में सबसे न्यूनतम है। जैस्मिन शाह ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि दिल्ली के सातों सांसदों ने दिल्ली के लोगों के लिए क्या काम किया यह नहीं बता पा रहे हैं. सिर्फ गाली, गलौच, गाय, भैंस, मंगलसूत्र की राजनीति कर रहे हैं. एक भी काम गिनाने में भाजपा असफल रही है. दूसरी ओर दिल्ली में लॉ एंड आर्डर संभालने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। दिल्ली देश का क्राइम

कैपिटल बन गया है। इससे लोग परेशान हैं. हर साल करोड़ों रुपये सांसदों को खर्च करने के लिए मिलते हैं. यह पैसा दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल करने के लिए बजट का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 2019 से 2024 के बीच में सातों लोकसभा सांसद को कुल 124 करोड़ रुपये मिले थे. इन्होंने 81 करोड़ रुपये खर्च ही नहीं किए. यानी की 66 प्रतिशत पैसा भाजपा के सातों सांसदों ने बर्बाद किया। इस 81 करोड़ रुपए में जनता के कितने काम हो सकते थे। जनता के लिए कितने क्लीनिक खोले जा सकते थे। साथ ही ला एंड आर्डर की समस्याओं का हल निकाला जा सकता था. सीसीटीवी कैमरे लग सकते थे। सड़कें बन सकती थीं, नालियों का काम हो सकता था। जैस्मिन शाह ने कहा कि इतने निठल्ले और कामचोर एमपी देश में किसी को नहीं मिले होंगे। जैस्मिन शाह ने कहा कि भाजपा के सांसदों ने दिल्ली में 33 प्रतिशत पैसा विकास कार्यों में खर्च किया है, जो देश में सबसे न्यूनतम है. गुजरात में सभी सांसद भाजपा के हैं। उन्होंने 50 प्रतिशत बजट ही खर्च किया. राजस्थान में भी सभी सांसद भाजपा के हैं. यहां पर 43 प्रतिशत बजट खर्च किया गया। वहीं हरियाणा में 46 प्रतिशत बजट खर्च किया गया। दिल्ली में भाजपा के सांसद पीछे से अव्वल हैं. इससे जाहिर है कि भाजपा ने ठान लिया है कि उनके लिए काम नहीं करना है. वह केजरीवाल की तरह क्लीनिक, स्कूल, अस्पताल नहीं बनाएंगे, सीसीटीवी कैमरा नहीं लगवाएंगे।

दिल्ली में सांसदों ने कितने पैसे खर्च किए

चांदनी चौक से सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने 22 करोड़ में 7.5 करोड़ रुपये खर्च किया। पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने 17 करोड़ में से 7 करोड़ रुपये खर्च किया। उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने 17 करोड़ करोड़ में से 7 करोड़ खर्च किया। पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा को 17 करोड़ का बजट मिला, 5 करोड़ खर्च किया। उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद हंसराज हंस ने 17 करोड़ में से 5 करोड़ रुपये खर्च किया। दक्षिणी दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी ने 17 करोड़ में से 7 करोड़ रुपए खर्च किया। नई दिल्ली से सांसद मीनाक्षी लेखी जो मंत्री भी थीं उन्होंने 17 में से 7 करोड़ रुपए खर्च किया।

आयोजन *रेहडी पटरी दुकानदार न्याय पंचायत का हुआ आयोजन*

रेहड़ी पटरी वालों को न्याय दिलाने के लिए की चर्चा

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली के कंस्ट्टीट्यूशन क्लब में रेहड़ी पटरी वालों को न्याय दिलाने के लिए रेहडी पटरी दुकानदार न्याय पंचायत विषय पर टाउन हाल कार्यक्रम में रेहड़ी पटरीवालों की समस्याओं और परेशानियों को सुना और उनके समाधान के लिए लिए मौजूद दिल्ली के रेहड़ी पटरी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने 10 वर्षों में रेहड़ी पटरी, खोमचा और साप्ताहिक बाजार लगाने वालों की उपेक्षा की वजह से रेहड़ी पटरी लगाने वाले लगभग 5 लाख लोग अपनी अजीविका के लिए परेशान और लाचार है, परंतु कांग्रेस की यूपीए सरकार ने 2014 में रेहड़ी पटरी वालों की अजीविका को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2024 बनाया था। कांग्रेस सरकार ने यह कानून इसलिए बनाया था कि कोई भी सरकारी विभाग इन्हें अपनी अजीविका और रोजगार कमाने में तंग न करें, इसलिए उन्हें रोजगार का हक देने का काम कांग्रेस की

■ लगभग पाचं लाख लोग अपनी अजीविका के लिए हैं परेशान व लाचार

सरकार ने 10 वर्ष पहले ही दे दिया था। लेकिन भाजपा की केन्द्र सरकार ने लागू करने के लिए कोई संवेदनशीलता नही दिखाई, जिसका परिणाम आज रेहड़ी पटरी, खोमचा और साप्ताहिक बाजार लगाने वाले गरीब, भाई बहनों को एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए और पुलिस समय दर समय तंग करके इनको परेशान करते है और रेहड़ी पटरी वालों को अपना रोजगार चलाने के लिए भारी भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस द्वारा कानून बनाने पर भाजपा ने निगम की सत्ता में रहते हुए टाउन वेंडिग कमेटियों का गठन नहीं किया जिसके कारण रेहड़ी पटरी वालों को अजीविका चलाने में भारी परेशानी होती है। यादव ने चर्चा के दौरान कहा कि रेहड़ी पटरी वालो का यह दुर्भाग्य है कि उनकी अजीविका सुरक्षित बनाने के लिए कांग्रेस की केन्द्र सरकार द्वारा इन्हें संरक्षित करने के लिए कानून बनाने के बावजूद भाजपा सरकार की निष्क्रियता के कारण सरकारी विभाग, पुलिस की मिलीभगत से बड़ा माफिया काम कर रहा है और एमसीडी/एनडीएमसी के कर्मचारी कभी भी इनका सामान उठाकर ले जाती है जिस कारण इन्हें भारी खामियाजा भुगतना पड़ता है।

रेहड़ी पटरी दुकानदार न्याय पंचायत टाउन हाल में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, अरबिंद सिंह, तस्वीर सोलंकी ने भी चर्चा की।

कार-होम लोन के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी, दंपती गिरफ्तार

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। कार और होम लोन के नाम पर दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के कई बैंकों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले एक दंपती को तिमारपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दंपती की पहचान भिवानी, हरियाणा निवासी दीपक गोयल और इसकी पत्नी चंचल गोयल के रूप में हुई है। पति के खिलाफ दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में 16 व पत्नी के खिलाफ पांच मामले दर्ज हैं। एक मामले में पहले से दीपक तिहाड़ जेल में बंद था। पुलिस ने आरोपी को जेल से औपचारिक तौर पर गिरफ्तार किया। दंपती को एक दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की गई। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीना ने बताया कि 26 फरवरी 2022 को तिमारपुर थाने में इलाहाबाद बैंक (मौजूदा समय इंडियन बैंक) के चीफ मैनेजर संजीव कुमार ने ठगी की एक शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि कार लोन के नाम पर चंचल गोयल नामक एक महिला ने उनके बैंक से 18.25 लाख ठग लिए थे। तिमारपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने लोन के डिमांड ड्रॉफ्ट को जयपुर के एक निजी बैंक में डाला। यहां जिस कंपनी के नाम पर कार लोन लिया गया था, उसके नाम में हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन लिया गया था।

कैपिटल ज़ोन

उवाच "

हमारे पास आने वाले मरीज मांसपेशियों में क्रैम्प्स पड़ने, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी और दस्त आदि की शिकायतें कर रहे हैं। ऐसे मरीज इन दिनों ओपीडी में लगातार पहुंच रहे हैं। ये सभी लक्षण हीट एग्जॉस्शन के हैं। उन्होंने बताया कि हीट एग्ज़ॉस्शन का कारण खराब शारीरिक फिटनेस, मोटापा, डीहाइड्रेशन, अत्यधिक गंभीर बीमारी, एक्टीमटाइज़ेशन का अभाव और अधिक तापमान में थकान वाली एक्सरसाइज करना है : **डॉ अजय अग्रवाल, डायरेक्टर, फोर्टिस अस्पताल**

मतगणना की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

■ जिले से बाहर के व्यक्ति को एजेंट बनाने के लिए करानी होगी पुलिस वेरिफिकेशन

■ सुबह आठ बजे कड़े सुरक्षा बन्दोबस्त के बीच शुरू होगा मतगणना का कार्य

गाजियाबाद, 20 मई (देशबन्धु)। निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह सोमवार को कलेक्ट्रेट में लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों को लेकर प्रत्याशियों/प्रत्याशी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रत्येक चरण होने वाले कार्यों और पूरी कार्यशैली से भी उन्हें अवगत कराया ।

सिंह ने बताया कि गाजियाबाद—12 लोकसभा में सुबह 8:00 बजे से मतगणना प्रारम्भ हो जाएगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी प्रत्याशी या उनके एजेन्ट प्रात: 6 बजे ही मतगणना स्थल पर पहुंच जाए जिससे उनकी मौजूदगी में स्ट्रांग रूम के ताले खोले जा सके। कार्य की पारदर्शितापूर्ण शुरूआत की जा सके। उन्होने उपस्थित सभी प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों को प्रारूप—18 उपलब्ध कराए और बताया कि प्रत्येक विधान सभा के लिए आप 15 एजेन्ट नामित कर सकते हैं और यदि एजेन्ट जिला से बाहर का हो तो उसकी पुलिस वैरिफिकेशन भी करवाए। जिससे कि यह प्रमाणित हो सके कि वह युवक अपराधिक प्रवृत्ति का नही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि ईवीएम के वोटो की गिनती विधानसभावार होगी। जिसमें लोनी—53 में 530 मतदान स्थलों के 06 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए 01 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 टेबिल लगायी जाएंगी। जिनकी गणना 38 चक्रों में होगी। मुरादनगर—54 में 515 मतदान स्थलों के 12 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए 01 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 टेबिल लगाई जाएंगी जिनकी गणना 37 चक्रों में होगी। साहिबाबाद—55 में 1127 मतदान स्थलों के 11 स्ट्रांग रूम हैं जिनकी गणना के लिए 02 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 व 14+1 टेबिल लगाई जाएंगी जिनकी गणना 41 चक्रों में होगी। गाजियाबाद—56 में 506 मतदान स्थलों के 11 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए 01 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 टेबिल लगाई जाएंगी जिनकी गणना 37 चक्रों में होगी। मोदीनगर—57 में 387 मतदान स्थलों के 05 स्ट्रांग रूम जिनकी गणना के लिए 01 मतगणना हॉल व उसमें 14+1 टेबिल लगाई जाएंगी जिनकी गणना 28 चक्रों में होगी। इसके साथ ही पोस्टल बैलेट तथा ईटीपीबीएस की मतगणना हॉल संख्या 07 में होगी, उक्त हॉल में ईटीपीबीएस की प्री काउंटिंग स्कैनिंग हेतु 07 टेबिल व मतगणना हेतु 07 टेबिल लगाई जाएगी। इनके लिए भी प्रत्याशी अपने मतगणना एजेन्ट नामित करेंगे।

27 स्कूलों को प्राधिकरण का नोटिस जारी

नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। स्कूल के बाहर सड़क या किसी खाली जगह बसें खड़े करने वाले स्कूलों के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण कार्रवाई करेगा। इसी क्रम में 27 स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। इन सभी को 15 दिन बाद दूसरा नोटिस जारी किया जाएगा।

ये नोटिस धारा-10 यानी अतिक्रमण का होगा। नोटिस के तहत लीज डीड की शर्तों का उल्लंघन करने पर आवंटन निरस्त किया जा सकता है। इसके अलावा प्राइवेट बस सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों का सर्वे किया जा रहा है। इन सभी को नोटिस जारी कर भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। करीब दो सप्ताह पहले नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने सेक्टर-25ए के खाली मैदान में स्कूली बसों को खड़ा हुआ देखा था। इस पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसके अलावा बसों के सड़कों पर खड़े होने से जाम भी लगता है। इसको देखते हुए नोएडा प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने बताया कि स्कूली बसों पर कार्रवाई के लिए यातायात पुलिस को भी पत्र भेजा गया है। इसके साथ ही सभी स्कूलों को सूचना नोटिस भी भेजे जाने शुरू कर दिए हैं।

नोएडा में नियम नहीं माने तो आवंटन होगा निरस्त

शर्तो के अनुसार होगी कठोर कार्रवाई

नोटिस में लिखा है स्कूल बसे बच्चों को उतारने के बाद स्कूल कैंपस में खड़ी करना सुनिश्चित करे। जिससे सड़क पर दुर्घटनाओं की संभावना न रहे। यातायात संचालन अवरुद्ध न हो। यदि इस प्रकार की पुर्नावृत्ति पाई गई को आपके विरुद्ध आवंटन की शर्तों के अनुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। बता दे भीषण गर्मी के चलते नोएडा के स्कूल में नर्सरी से आठवी तक की क्लासों को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है स्कूल खुलने के बाद यदि नियमों का उल्लंघन किया तो आवंटन शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

इन स्कूलों को जारी किया गया नोटिस

सिटी पब्लिक स्कूल, सफायर इंटरनेशनल स्कूल, ग्लोबल इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मोहन इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसिस कॉन्वेंट एजुकेशनल सोसाइटी, समर विला स्कूल, एपीजे स्कूल, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, कोठारी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, लोट चेरी मियान, स्टेप बाई स्टेप, एनएस पब्लिक स्कूल, बाल भारती स्कूल, ऑल इंडिया मेरीगोल्ड चाइल्ड, खेतान पब्लिक स्कूल, द मिलेनियम स्कूल, नवोदय विद्यालय समिति, फादर एंगल स्कूल, लोटस वैली एजुकेशन सोसाइटी, राघव ग्लोबल स्कूल, जेबीएम ग्लोबल स्कूल, केएससी एजुकेशन सोसाइटी, माता भगवती देवी चड्डा चैरिटेबल ट्रस्ट, केंब्रिज पब्लिक स्कूल जूनियर, जेनेसिस ग्लोबल स्कूल।

नोएडा में सिर्फ स्कूल बस ही नहीं बल्कि प्राइवेट बस सर्विस प्रोवाइडर कंपनियां भी बड़ी संख्या में है। ये बस सेक्टर के अंदर सड़क पर खड़ा करते है। जिससे सामान्य यातायात बाधित रहता है। इन सर्विस प्रोवाइडर के खिलाफ प्राधिकरण अभियान चलाने जा रहा है।

सार संक्षेप

243 में से 198 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

नोएडा। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विद्यार्थियों के विकास के लिए समर्पित लीडरशिप एकेडमी, विद्याज्ञान ने आज सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अपने कक्षा 10 के विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बारे में बताया। इस स्कूल के बुलंद शहर और सीतापुर परिसरों से कक्षा 10 की परीक्षा में बैठने वाले कुल 243 विद्यार्थियों में से 198 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। विद्याज्ञान, बुलंदशहर से आदित्य शर्मा ने 98.80 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। उनके बाद विद्याज्ञान, बुलंदशहर के शिवम यादव और विद्याज्ञान सीतापुर के सचिन कुमार ने क्रमशः 98.4 प्रतिशत और 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

पांच साल के लापता बच्चे को 12 घंटे में तलाशा

नोएडा। पार्क में खेलते समय गुम हुए पांच साल के बच्चे को सेक्टर-24 पुलिस ने तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस का आभार प्रकट किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार को डायल-112 पर एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि उसका पांच साल का बेटा सेक्टर-54 स्थित खरगोश पार्क में खेल रहा था और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। पुलिस ने बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित की जो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने लगी। पार्क के आसपास मिले लोगों से पुलिस ने बच्चे के बारे में जानकारी जुटाई और उसका हुलिया बताया। यहां से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस आगे बढ़ी और बच्चे को तलाशती रही। करीब 12 घंटे बाद पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को सेक्टर-22 स्थित चौड़ा गांव से बरामद कर लिया।

युवती के साथ छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-104 के हाजीपुर गांव में रहने वाली युवती के घर में रविवार रात एक युवक घुस गया और उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और आरोपी युवक को पकड़कर पीट दिया। स्थानीय लोगों ने ही उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय युवक ने युवती के साथ अश्लील हरकत की,वह शराब के नशे में था। थाना प्रभारी ने बताया कि हाजीपुर गांव में एक युवती रहती है। एक युवक कार्तिक भी उसी मकान में किराए का कमरा लेकर रहता है। रविवार रात दो बजे के करीब युवती जब गहरी नींद में अकेले सो रही थी तभी कार्तिक जबरन उसके कमरे में घुस गया और अश्लील हरकत करने लगा।

सिल्ट उठी अब धूल ने किया लोगों को परेशान

खोड़ा। नाले और नालियों की सफाई के उपरांत सड़कों से सिल्ट उठाने के बाद सड़कों पर उड़ने वाली धूल से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात शुरू होने से पहले नगर पालिका परिषद द्वारा नाले और नालियों की सफाई का कार्य कराया जाता है। नपा कर्मचारियों द्वारा सड़कों से सिल्ट उठाने के बाद अवशेष लोगों के घरों और सड़कों पर उड़ रहा है। जिससे सांस और दमा के मरीजों को दिक्कतें हो रही है। स्थानीय निवासी अरविंद शुक्ला ने बताया कि सड़कों से सिल्ट उठाने के बाद सड़कों की सफाई नहीं की जाती है सड़को पर बचा अवशेष लोगो के दुकानों और घरों में जा रहा है। नगर पालिका परिषद की स्प्रे गन मशीन जंग खा रही है। लोगों को धूल मिट्टी की वजह से सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

पर्यावरण सुधार हेतु प्लांटेशन की ओर निगम के बढ़ते कदम, बनाई गई कार्य योजना

■ अब तक नगर आयुक्त ने 247 करोड़ की भूमि कराई कब्जा मुक्त

गाजियाबाद, 20 मई (देशबन्धु)। नगर निगम के संपत्ति विभाग ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में अभियान चलाते 247 करोड़ की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। जिसमें लगभग पांचो जोन में टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 8.2374 हेक्टर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है।

नगर आयुक्त ने रिक्त भूमि पर अधिक से अधिक प्लांटेशन का कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव वरिष्ठ प्रभारी संपत्ति, पल्लवी सिंह सहायक नगर आयुक्त प्रभारी संपत्ति, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज व अन्य उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने प्लांटेशन की आगामी योजना बनाते हुए संपत्ति प्रभारी तथा उद्यान प्रभारी को अर्थला में स्थित निगम की भूमि को कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए जिसमें लगभग 10 एकड़ की भूमि पर मियावकी पद्धति से प्लांटेशन का कार्य कराया जाएगा। जिसका खसरा नंबर 1833 से इसको कब्जा मुक्त करते हुए सीएसआर एक्टिविटी के तहत प्लांटेशन का कार्य कराया जाएगा। बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम होगी अधिक प्लांटेशन से पर्यावरण में भी सुधार होगा। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा बैठक करते हुए अधिकारियों को सी एंड डी वेस्ट निस्तारण के लिए स्थान चयन करने के लिए भी कहा गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार अभियान के रूप में कार्य किया जा रहा है। रिक्त भूमि पर लगातार गाजियाबाद नगर निगम कार्यवाही करते हुए अपने बोर्ड लगा रहा है तथा बाउंड्री का कार्य भी कर रहा है।

कार ने बाइक सवार छात्रों को मारी टक्कर, एक की मौत

■ गुस्साएं परिजनों व छात्रों ने सड़क पर किया हंगामा

नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। बाइक से स्कूल जा रहे छात्रों को स्विफ्ट डिजायर गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि यह हादसा नहीं रोडरेज का मामला है, जिसमें बार-बार टक्कर मारकर छात्र की हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आकस्मिक दुर्घटना का है, लेकिन परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

नोएडा के सेक्टर 167 में तीन छात्र शहीद भगत सिंह स्कूल जा रहे थे तभी एक कार ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें एक छात्र अमन की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और छात्रों ने गांव के मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र भी शामिल हो गए। इसमें छात्र अमन के साथी भी शामिल रहे।

लोगों ने आरोप लगाया कि अमन अपनी बाइक से स्कूल जा रहा था तभी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी पर सवार कुछ लोगों ने उसे टक्कर मार दी और यह टक्कर कई बार मारी गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को वहां से हटाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि कार चालक की पहचान प्रमोद शर्मा निवासी मंगरौली हुई है। एडीसीपी ने बताया कि उनकी पत्नी को दो दिन पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रमोद शर्मा अपने बच्चों के साथ सेक्टर-27 स्थित निजी अस्पताल में देखने के लिए जा रहे थे। तभी छपरौली के पास सड़क हादसा हुआ। प्रमोद शर्मा रोहन मोटर के कर्मचारी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर प्रमोद शर्मा को हिरासत में लिया गया है

हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी मिला

एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा का कहना है कि थाना एक्सप्रेस-वे के छपरौली गांव की यह घटना है। सूचना मिली थी कि बाइक पर सवार एक बच्चे की हादसे में मौत हुई है। हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें बाइक सवार बच्चा और कार सवार दिखाई दे रहे हैं। प्रथम दृष्टया यह मामला आकस्मिक दुर्घटना का है, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

आग से घर का लाखों रुपए का सामान जलकर राख

खोड़ा, 20 मई (देशबन्धु)। गीतांजलि विहार स्थित मकान की तीसरी मंजिल पर आगजनी से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। आगजनी की वजह शॉर्ट सर्किट बताया गया। गनीमत रही कि आग को पड़ोसियों दमकलकर्मियों और खोड़ा चौकी पुलिस की सहायता से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। और घर में तीसरी मंजिल पर रखे दोनो सिलेंडर फटने से बाल बाल बच गए। अन्यथा आस पास के लोगो को भारी क्षति पहुंच सकती थी। ईश्वर दयाल मिश्र परिवार सहित गीतांजलि विहार में किराए के मकान में रहते है। रविवार रात्रि में तीसरी मंजिल पर बाहर बरामदे में सो रहे थे। मध्य रात्रि के दौरान बाई तरफ वाले कमरे में आग लग गई घर में रखा सामान धू धू कर जलने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटे बरामदे की तरफ फैल गई।

चीख पुकार मच गई आनन फानन में पड़ोसी भी एकत्रित हो गए। अंजू मिश्र घर में रखे दो सिलेंडर को नीचे उतारने के लिए दौड़ी लेकिन तब तक आग की लपटे और तपन के कारण आगे नहीं बढ़ सकी। वापस जीने से भागते समय हाथ भी झुलस गया। पंद्रह फिट तंग गली होने के कारण अग्निशमन की गाड़ी भी दो सौ मीटर दूर ही खड़ी रही। स्थानीय लोगों अग्निशमन कर्मियों और पुलिस की मदद से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। आगजनी की वजह शॉर्ट सर्किट बताई गई है।

राष्ट्रवादी नव निर्माण दल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

तीन सौ ने कराई जांच

गाजियाबाद, 20 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी नव निर्माण दल व हर्ष अस्पताल ने नि:शुल्क स्वास्थ शिविर लगाया। जिसमें तीन सौ लोगों के स्वास्थ की जांच की गई। जिसमें ज्यादातर लोग स्किन व नाक की एलर्जी के मरीज निकले।

दल के स्वास्थ प्रकोष्ठ के प्रभारी व वरिष्ठ ई एनटी सर्जन डॉ. बीपी त्यागी ने बताया कि शिविर हिंडन विहार स्थित मदनी स्कूल में लगाया गया। कुछ मरीज़ पेट की बीमारी के भी मिले। जो गंदी वाटर सप्लाई व अधिक गर्मी के कारण हैं। उन्होंने बताया कि नाक, कान व गला के ऑपरेशन के मरिजो को अस्पताल में नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए बुलाया ऑपरेशन का खर्चा अवक्निंग इंडिया उठाएगा ।

जीडीए ने राजनगर में सड़क के किनारे से हटाया अतिक्रमण

■ दुबारा अतिक्रमण करने पर सख्ती से निपटने की दी चेतावनी

गाजियाबाद, 20 मई (देशबन्धु)। जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) के सख्त तेवर के बाद सोमवार को जीडीए ने राजनगर राजनगर एक्सटेंशन में सेन्ट्रल वर्ज एवं सड़क के किनारे पर विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाया और सड़क को साफ कराया। जीडीए को विशेषधिकारी व जोन एक की प्रभारी कनिका कौशिक ने बताया कि जीडीए की टीम सोमवार को राजनगर एक्सटेंशन पहुंची और आशियाना ग्रुप हाउसिंग की 45.00 मीटर चौड़ी रोड पर स्थित सैन्ट्रल वर्ज एवं फुटपाथ पर अस्थाई रूप से रखे गए लकड़ी के खोखे आदि को हटवाकर सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

अतिक्रमण हटवाते समय अभियन्त्रण जोन-1 के समस्त सुपरवाईजर एवं अवर अभियन्ता की उपस्थिति में कार्यवाही की गई। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत सड़कों के सेन्ट्रल वर्ज एवं फुटपाथ के मूल स्वरूप में परिवर्तन होने पर सम्बन्धित के विरूद्व कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नोएडा में लगे यूनीपोल, होर्डिंग, एफओबी का होगा स्ट्रक्चर ऑडिट

■ मुंबई में हुए हादसे से लिया सबक

■ नोएडा में पहले हो चुके हादसों में जा चुकी लोगों की जान

नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। मुंबई के घाटकोपर में सड़क पर अवैध होर्डिंग गिरने से 16 लोगों की मौत गई थी। नोएडा में विज्ञापन के लिए बड़े स्तर पर होर्डिंग लगे है। यहां भी कई हादसे हो चुके है। इसलिए नोएडा प्राधिकरण एफओबी , यूनीपोल , विद्युत पोल, ग्रेंट्री का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने के निर्देश दिए है। इनकी एक रिपोर्ट जल्द से जल्द देने के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि अचानक जलवायु परिवर्तन होने की वजह से इनके गिरने या हादसे से बचा जा सके। नोएडा प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक यहां बीओटी के आधार पर 6 यूनीपोल लगे है। इसके अलावा पिंक टायलेट पर 16 , सार्वजनिक शौचालय पर 102 और एफओबी पर 31 विज्ञापन बोर्ड लगे है। ये टनों वजनी विज्ञापन के बोर्ड हैं। आंधी तूफान के कारण के गिरे नहीं इसलिए इन सभी का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने के लिए कहा गया है। यदि मजबूती मानकों के अनुसार नहीं मिलती तो कंपनी को इसे बदलने के लिए कहा जाएगा साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

नोएडा में पहले भी हो चुके हादसे

2 मई 2022 सेक्टर-62 मॉडल टाउन अंडर पास के आगे गाजियाबाद जाने वाली सड़क पर यूनीपोल गिरा था। 13 मई 2018 बिसरख और किसान चौक के बीच होर्डिंग गिरने से पिता की मौत और बच्चा घायल हो गया था।

नोएडा में 4 दिन का रेड अलर्ट, एडवाइजरी जारी

■ अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक रहेगा

■ तेजी से बढ़ रहे हीट एग्जॉस्शन के मरीज

नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने 24 मई तक नोएडा में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। हीट वेव के साथ अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इसके बाद दो दिन तक तापमान में दो डिग्री तक गिरावट आएगी। इसको देखते हुए नोएडा जिला प्रशासन ने एडवाइजरी की है। इस बीच डॉक्टरों ने सलाह दी है गर्मी के दौरान घर से बाहर निकलने से परहेज करे। 24 मई तक हवा की रफ्तार भी 5 मीटर प्रति सेकेंड होगी। बारिश के आसार नहीं है।

लगातार बढ़ रहे तापमान और गर्मी के मौसम के मद्देनजर, हीट एग्ज़ॉस्शन (गर्मी से होने वाली थकावट) के शिकार हुए मरीजों की संख्या 20-30 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। डॉ अजय अग्रवाल, डायरेक्टर, फोर्टिस अस्पताल ने बताया कि हमारे पास आने वाले मरीज मांसपेशियों में क्रैम्प्स पड़ने, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी और दस्त आदि की शिकायतें कर रहे हैं। ऐसे मरीज इन दिनों ओपीडी में लगातार पहुंच रहे हैं। ये सभी लक्षण हीट एग्जॉस्शन के हैं। उन्होंने बताया कि हीट एग्ज़ॉस्शन का कारण खराब शारीरिक फिटनेस, मोटापा, डीहाइड्रेशन, अत्यधिक गंभीर बीमारी, एक्टीमटाइज़ेशन का अभाव और अधिक तापमान में थकान वाली एक्सरसाइज करना है। गर्मी की वजह से थकावट (हीट एग्ज़ॉस्शन) महसूस करने वाले मरीजों में घबराहट, अत्यधिक कमजोरी, बेहोशी, सिरदर्द, पेट में मरोड़, मितली, उलटी, दस्त, लगातार मांसपेशियों में क्रैम्प्स पड़ने की शिकायतें देखी जाती हैं।

रोजाना 2000 मरीजों की ओपीडी

नोएडा में जिला अस्पताल में रोजाना करीब 2000 मरीज की ओपीडी हो रही है। इनमे से 50 प्रतिशत मरीज सिर्फ हीट एग्जॉस्शन के आ रहे है। यहां स्पेशल ओपीडी चलाने की बात हो रही है। ताकि मरीजों को नियतिम तौर पर देखा जा सके। इसके अलावा जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी की गई है।

हीट वेव के दौरान क्या करे

- अधिक से अधिक पानी पिएं, यदि प्यास न लगी हो तब भी।
- हल्के रंग के पसीना शोषित कर-घर से बाहर निकलते समय घूप के चश्मे, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग जरूर करें।
- खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ, पैरों को गीले कपड़े से ढककर रखें तथा छाते का प्रयोग करें।
- लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपडे से पोंछे अथवा नहलाएं ।

22वें राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड कार्यशाला का आयोजन

नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। एमिटी विश्वविद्यालय में क्लास 6वीं से 12 वी के स्टूडेंट्स के लिए 22वें राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का शुभारंभ एमिटी विद्यालय समूह की चेयरपर्सन डा अमिता चौहान ने किया।

24 मई तक चलने वाली इस कार्यशाला में अल्हकॉन पब्लिक स्कूल, एयर फोर्स बाल भारती, ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल, डीटीईए मोतीबाग, जागरण पब्लिक स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सेंट जार्ज स्कूल आदि से 300 से अधिक स्टूडेंट हिस्सा ले रहे है। ये सभी यहां गणित की बारिकियों को सीखेंगे। चेयरपर्सन डा अमिता चौहान ने कहा कि एमिटी स्कूलों ने 100 पेटेंट दायर किए हैं जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भविष्य के नेताओं को विकसित करने की एमिटी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। देश भर से छात्रों ने इस कार्यशाला में दाखिला लिया है और अपने बच्चों के सीखाने की जिम्मेदारी हमें सौंपने के लिए माता-पिता के आभारी हैं।

एमिटी छात्रों को न केवल सर्वोत्तम शिक्षा बल्कि सर्वोत्तम अवसर भी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके करियर में प्रगति में मदद कर सके। गणित एक ऐसा विषय है जो छात्रों को गंभीर रूप से सोचने, उनकी निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाने और उनमें आत्मविश्वास पैदा करने में सक्षम बनाता है। छात्रों को अपने कौशल को निखारने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अपने समय का उपयोग करना चाहिए।

उवाच "

परियोजना विभाग को शहर के विकास को लेकर सड़क, नाली, सीवर, पानी, बिजली आदि का निर्माण कार्य एक साथ करने के लिए कहा गया है। निर्माण कार्य पूरा करने के लिए परियोजना विभाग के सभी अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। निर्धारित लक्ष्य पर ठेकेदार निर्माण कार्य पूरा नहीं करता है तो उसे काली सूची में डाला जाएगा। निर्माण कार्यो की हर सप्ताह समीक्षा भी की जाएगी : **डॉ. अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

यूपीपीसीएल की हठधर्मिता : यीडा के सेक्टरों में नहीं हो रही बिजली आपूर्ति

- **यमुना प्राधिकरण 33/11केवी के 22 सब स्टेशन यूपीपीसीएल नहीं ले रहा हैंडओवर**
- **यूपीपीसीएल कई सेक्टरों में बिजली आपूर्ति व बिल वसूल कर रहा लेकिन सब स्टेशन लेने को तैयार नहीं**

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शहर बसने से पहले बिजली आपूर्ति की आवश्यकता से ज्यादा व्यवस्था कर रखी है। यहां तक प्राधिकरण ने 33/11 केवी के 22 सब स्टेशन बना कर तैयार कर दिया है। इसे यूपीपीसीएल को हस्तानान्तरण करना चाहता है। वह प्राधिकरण के सामने ऐसे शर्ते रखी दी है, जिससे यूपीपीसीएल के उच्चधिकारी भी हस्यास्पद है। यूपीपीसीएल अपने पुराने ढर्रे पर काम करने का आदी हो गया है। प्राधिकरण इन सब स्टेशन को नई तकनीकी पर बनाकर तैयार किया है। यूपीपीसीएल के अधिकारी चाहते है कि सब स्टेशन पुराने ढर्रे पर तैयार किया जाए तो वह हैंडओवर करने को तैयार होगा। यह मामला मुख्य सचिव स्तर तक पहुंच गया।

नोएडा एयरपोर्ट फेस एक में विस्थापित जेवर बांगर में यमुना प्राधिकरण ने बिजली आपूर्ति के लिए 33/11 केवी के दो बिजली सबस्टेशन बहुत पहले बनाकर तैयार कर दिया है। इसी सब स्टेशन से जेवर बांगर में यूपीपीसीएल 1068 बिजली कनेक्शन दे रखा है। उपभोक्ताओं से बिजली बिल भी वसूल रहा है। अगर बिजली सब स्टेशन में कोई गड़बड़ी आ गई तो उसका मरम्मत यूपीपीसीएल नहीं यमुना प्राधिकरण को करना होगा। यूपीपीसीएल अभी तक बिजली बस स्टेशन को अपने कब्जे में नहीं लिया। प्राधिकरण की तरफकई बार यूपीपीसीएल को पत्र भेजकर सब स्टेशन हैंडओवर लेने के लिए कहा गया है। यूपीपीसीएल की तरह से कहा गया कि सब स्टेशन नई तकनीक कंपेक्ट डिजाइन बना हुआ है। इसे प्राधिकरण ने पुराने डिजाइन पर तब्दील करे और डीपी भी बदले। प्राधिकरण के सामने समस्या है नई तकनीकी को पुरानी तकनीकी कैसे बदल सकता है। यूपीपीसीएल का यह भी कहना है कि बिजली स्टेशन बनाते समय टेक्नो फिजिबिलिटी रिपोर्ट को उनसे मंजूर नहीं कराया गया। जबकि प्राधिकरण पहले ही उत्तर पावर कारपोरेशन से टीएफआर को उप्र पावर कारपोरेशन से मंजूरी ले चुका है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम को पत्र लेकर सब स्टेशन को हस्तानान्तरण करने के लिए कहा चुका है। 17 मई को यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण में चेयरमैन व प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास प्राधिकरण अनिल सागर की अध्यक्षता में बिजली विभाग के साथ बैठक हो चुकी है। जिस पर प्रमुख सचिव ने यूपीपीसीएल अधिकारियों के इस रवैये पर फटकार लगाई थी। बैठक में यूपीपीसीएल अधिकारियों की तरफसे कहा गया इस मद्दे पर एक कमेटी बनाकर दस दिन के अंदर राय लेंगे।

सीईओ ने 33/11 सब स्टेशन निर्माण का प्रस्ताव यूपीपीसीएल को दिया

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने बैठक में यूपीपीसीएल को 33 केवी के सब स्टेशन का निर्माण करने का प्रस्ताव दिया। उसका पैसा प्राधिकरण भुगतान करने को भी तैयार है। जिससे आने वाले समय में इस तरह की समस्या आगे न आए। इसके बावजूद यूपीपीसीएल सब स्टेशन के निर्माण का प्रस्ताव अभी तक स्वीकार करने को तैयार नहीं हुआ।

रेरा ने अट्ठाइस शिकायतों की ऑनलाइन सुनवाई के लिए जारी की सूचना

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित प्रोमोटर्स को उनसे जुड़ी 28 शिकायतों में आने वाले माह की विभिन्न तिथियों पर निर्धारित पीठों की ऑनलाइन सुनवाई में उपस्थित होने एवं अपना पक्ष रखने के लिए समाचार पत्रों में सार्वजनिक सूचना जारी की है। उ.प्र. रेरा की विभिन्न पीठों की सुनवाई में कई तिथियों पर उपस्थित न होने वाले पक्षकारों को समाचार पत्रों में सार्जनिक सूचना के जरिए उपस्थित होने का अंतिम मौका दिया जाता है। सुनवाई में उपस्थित न होने से शिकायतकर्ता पक्षकार की समस्या का समाधान नहीं हो पाता है तथा उनकी सुनवाई अगली तिथि के लिए निर्धारित करनी पड़ती है जो रेरा अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत एवं आवंटी या अन्य हिस्सेदारों के हितों के प्रतिकूल है। यह शिकायतें पाम एस्टेट, आईएमसीओ मल्टी ट्रेड प्रा. लि., शाइन सिटी इंफ्राप्रॉजेक्ट्स प्रा. लि.द्वारिका रेजीडेंसी, गणपति बिल्डर्स, आइकोनिक इंफ्रावेंचर्स लि., अग्रणी होम्स प्रा. लि., मान्य इंफ्रा बिल्डवेल प्रा. लि., जी.आई.डी हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि., खालसा रियल एस्टेट प्रा. लि., ओमेगा इंफ्राबिल्ड प्रा. लि. तथा समृद्धि इंफ्रास्टेट प्रा. लि. आदि की है। ई-कोर्ट के माध्यम से सुनवाई में जुडने के लिए पक्षकारों को नियत सुनवाई तिथि से 2 दिन पहले रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर और ई-मेल आईडी पर लिंक भेज दिया जाएगा, जिसपर क्लिक करके पक्षकार किसी भी स्थान से सुनवाई में जुड़ सकते है।

ज्ञातव्य है कि यू.पी. रेरा ई-कोर्ट मॉडल के अनुरूप घर खरीदारों के शिकायतों की सुनवाई ऑनलाइन माध्यम से कर रहा हैं जिसमें किसी भी पक्ष को यू.पी. रेरा के कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। यदि प्रोमोटर इस सार्वजनिक सूचना के बाद भी सुनवाई में उपस्थित नहीं होते है तो रेरा अधिनियम के प्राविधानों के तहत पीठों द्वारा शिकायतकर्ता आवंटियों के हितों का ध्यान रखते हुए एकतरफा फैसला दे दिया जाएगा जिसके जिम्मेदार स्वयं प्रोमोटर होंगे।

लोकसभा चुनाव के बाद मतगणना की तैयारियां हुई तेज

- **जिला निर्वाचन अधिकारी ने फूल मंडी फेस-2 में पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा**

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के बाद आगामी 4 जून को मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मतगणना स्थल फूल मंडी फेस-2 नोएडा में पहुंचकर मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहाकि मतगणना से पूर्व सभी तैयारियां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण कराने की कार्रवाई की जाए, ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को जिले में निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। मतगणना स्थल पर पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, शौंचालय, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुदृढ़ करा ली जाए। साथ ही उन्होंने स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सीसीटीवी मॉनिटरिंग टीम के द्वारा निरंतर सीसीटीवी स्क्रीन की भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप विशेष निगरानी की जा रही है एवं सीसीटीवी नियमित संचालित रहे इसके लिए पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, डिप्टी कलेक्टर अनुज नेहरा तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित कर दिया गया प्रमाण-पत्र

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। केनरा बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की तरफ से स्वरोजगार हेतु नि:शुल्क 'कॉस्टयूम ज्वेलरी उद्यमी' का 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित कुल 35 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। 'कॉस्टयूम ज्वेलरी उद्यमी' का प्रशिक्षण और उनका प्रैक्टिकल डोमेन स्किल ट्रेनर रजनी चौहान ने दिया, जिसमें महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की ज्वेलरी जैसे कि मंगलसूत्र, ब्रेसलेट, चूड़ी, हार, पायल, हेयरबेंड, आदि बनाना सीखा।

इसके अतिरिक्त सॉफ्ट स्किल (उद्यमिता कौशल, बाजार एवं ग्राहक प्रबंधन, रचनात्मकता, समस्या समाधान, प्रोजेक्ट बनाना, मार्केटिंग, बैंकिंग योजनाओं) की जानकारी निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी को प्रदान किया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में फनिश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी दादरी, व ओ.पी. सहायक विकास अधिकारी, दादरी मौजूद रहे। खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि महिलायें आज देश के विकास में कदम से कदम मिला कर चल रही है। अत: उन्होंने महिलाओं से कहा कि वो प्रशिक्षण उपरान्त अपना नया व्यवसाय शुरू कर जनपद की उन्नति में भागीदार बने और अपनी आजीविका अर्जित करे।

इंटरनेशनल क्लीनिकल ट्रायल दिवस पर बताई गई मेडिकल राइटिंग एण्ड डाटा एनालिसिस की बारीकियां

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (फार्मेसी) में सोमवार को इंटरनेशनल क्लीनिकल ट्रायल डे के अवसर पर लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी और इंडियन सोसाइटी फॉर क्लीनिकल रिसर्च के जॉइंट कोलैबोरेशन में मेडिकल राइटिंग एंड डाटा एनालिसिस विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य क्लिनिकल परीक्षण के लिए डेटा का महत्व, डेटा को ट्रैक करने और उसका विश्लेषण करने की प्रक्रिया के विभिन्न आयामों पर छात्रों को विस्तार से जानकारी दी गयी।

इसमें विधि वशिष्ठ, वी.पी., लैंग्वेज राइटिंग क्रिस्टेलिस, पूजा बैनर्जी, डायरेक्टर मेडिकल कम्युनिकेशन सर्विसेज, पूजा फोगट सीओ फाउंडर एंड सीओ क्रिस्टेलिस, साई प्रिया जे., हेल्थ इकोनॉमिक्स एंड आउटकम रिसर्च परएक्सेल, शालिनी द्विवेदी, वी.पी. क्लीनिकल ट्रायल ट्रांस्परेन्सी क्रिस्टेलिस ने बतौर रिसोर्स पर्सन वर्कशॉप को संबोधित किया।

इसमें इंडस्ट्री के डेलीगेट्स और दिल्ली, एन.सी.आर. के विभिन्न कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के लगभग 200 से अधिक बी.फार्म और एम.फार्म.के छात्रों ने हिस्सा लिया। शालिनी द्विवेदी ने कहा कि क्लीनिकल रिसर्च में लिबर्टी है पर इस लिबर्टी में ध्यान यह रखना होगा कि हरेक फेज में ट्रायल होने वाले पर खास नजर रखी जाए। सेमिनार के अंत में क्विज कम्पटीशन आयोजित किया गया । प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को वॉलिडिक्टरी सेशन में ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और अन्य छात्रों को सर्टिफिकेट दिया गया। लायड ग्रुप की समूह निदेशिका डा. वंदना अरोरा सेठी ने सेमिनार के सफलता पूर्वक आयोजन के लिए रिसोर्स पर्सन ,सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं और फैकल्टीज को धन्यवाद दिया।

किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पंप पर मिलेगा अनुदान

- **सोलर पंप अनुदान के लिए विभागीय पोर्टल पर लक्ष्य पूरा होने तक कर सकते हैं ऑनलाइन बुकिंग**

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। जलवायु परिवर्तन के तहत राष्ट्रीय स्तर पर कार्बन की तीव्रता कम करने, सोलर पंप की स्थापना से सिंचाई लागत को कम करने एवं विद्युत रहित क्षेत्र में उपलब्ध डीजल पंप अथवा सिंचाई के अन्य साधनों के स्थान पर सोलर पंप से सिंचाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में सोलर पंप पर अनुदान की व्यवस्था की गई है, जिससे कृषकों की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर उप कृषि निदेशक ने जिले के समस्त कृषकों का आह्वान करते बताया कि सोलर पंप वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के रूप में कृषकों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है। जनपद में 2 एचपी से अधिक 03 एचपीएसी (सबमर्सिबल) के 55 सोलर पंप, 5 एचपीएसी (सबमर्सिबल) के 80 सोलर पंप, 7.5 एचपीएसी (सबमर्सिबल) के 90 सोलर पंप, 10 एचपीएसी के 35 सोलरपंप, कुल 260 सोलर पंप स्थापित कराए जाएंगे। जिले में ही योजना का लाभ कृषकों को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना से लाभान्वित होने के लिए इच्छुक कृषक पहले आओ पहले पाओ के आधार पर विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी। साथ ही सोलर पंप के लिए बुकिंग जनपदवार एवं क्षमतावार आवंटित लक्ष्य की सीमा तक ही टोकन कंफर्म होने पर कृषक अंश जमा करने के लिए निर्गत किए जाएंगे।

NAME CHANGE

I, Dhirendra Kumar S/o Surendra Kumar Singh R/o C-718, Gaur Atulyam, Omicron-I, Greater Noida U.P. have changed my son's name from Anshuman Singh to Aaron Shakya for all future purposes.

NAME CHANGE

I, Dhirendra Kumar S/o Surendra Kumar Singh R/o C-718, Gaur Atulyam, Omicron-I, Greater Noida U.P. have changed my daughter name from Mahi Raj to Eva Shakya for all future purposes.

NAME CHANGE

I, Ramautar Singh S/o Laxman Singh R/o Dayanatpur, Jewar Gautambudh Nagar U.P. have changed my name to Ramotar Singh for all future purposes.

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

यमुना प्राधिकरण ने वर्क सर्किल के हिसाब से तैयार किया विकास का खाका

- **समय से निर्माण कार्य न करने वाले ठेकेदारों को डाला जाएगा काली सूची में**

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे ने शहर के विकास को लेकर पूरा खाका तैयार कर लिया है। किस वर्क सर्किल में कितना काम कितने समय में होना है इसका लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। इसकी हर माह सीईओ समीक्षा भी करेंगे। हर वर्क सर्किल को जिम्मेदारी दी गई है कि विकास कार्य निर्धारित समय पर पूरा होना चाहिए। अगर कोई ठेकेदान निर्धारित समय से कार्य पूरा नहीं करता है तो उसे काली सूची में डाला जाएगा। प्राधिकरण विकास कार्य के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 1536 करोड़ रूपए खर्च करने का लक्ष्य रखा है। जिसमें जिसमें 224 करोड़ रूपए का निर्माण कार्य चल रहा है। 251 करोड़ का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसमें 44 करोड़ कार्य के स्टीमेंट तैयार किया गया। 43 टेंडर की प्रक्रिया चल रही है, 21 विकास कार्य कर ले आउट तैयार किया जा रहा है। प्राधिकरण ने शहर के विकास कार्य को वर्क सर्किल के हिसाब से बांट रखा है। जिसमें वर्क सर्किल एक में 30.24 करोड़, वर्क सर्किल-दो में 27.26 करोड़, वर्क सर्किल तीन में 24.91 करोड़, वर्क सर्किल चार में 37.36 करोड़, वर्क सर्किल पांच में 33.90 करोड़ रूपए का विकास कार्य कराया जाना है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने बताया कि परियोजना विभाग को शहर के विकास को लेकर सड़क, नाली, सीवर, पानी, बिजली आदि का निर्माण कार्य एक साथ करने के लिए कहा गया है। निर्माण कार्य पूरा करने के लिए परियोजना विभाग के सभी अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। निर्धारित लक्ष्य पर ठेकेदार निर्माण कार्य पूरा नहीं करता है तो उसे काली सूची में डाला जाएगा। निर्माण कार्यो की हर सप्ताह समीक्षा भी की जाएगी।

रोल बॉल व स्पीड स्केटिंग में जिले चार खिलाड़ियों ने जीता पदक

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। चतुर्थ इंटर स्कूल रोल बॉल व स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन गाजियाबाद के सेन्ट जेवियर वर्ल्ड स्कूल में हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 4 खिलाड़ी पदक जीतने में सफल हुए। इनके कोच मिलिंद शर्मा ने बताया कि यह इस प्रतियोगिता में प्रिशा बंसल जो की सबसे छोटी बच्ची है जिसकी उमर 1.5 साल है उसने सबसे कम उमर की खिलाड़ी का खिताब भी बनाया है। स्पीड स्केटिंग में पदक पाने वालों में हर्ष रावल-अंडर-14 में समसारा वर्ड स्कूल, ट्वाय इनलाइन में कांस्य पदक, समसारा के ही हर्ष राज अडर-11 में रजत पदक, रेयांश सिन्हा, लर्नर इंटरनेशनल स्कूल टॉय इनलाइन अंडर-7 में कांस्य पदक। प्रिशा बंसल नरौली ललितपुर, एडजस्टेबल अंडर-5 में स्वर्ण पदक हासिल किया। समसरा द वर्ल्ड अकेडमी स्कूल की टीम ने अंदर-14 बालक वर्ग रोल बॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें हर्ष रावल, यूवी तोमर, रुद्र प्रताप सिंह, हिमांश तोमर, दक्ष बिष्ट और हर्ष राज शामिल हैं।

डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण करने पर ग्रेनो प्राधिकरण ने भेजा नोटिस

- **करीब 350 नोटिसें जारी, अवैध निर्माण को तत्काल हटाने के निर्देश**

ग्रेटर नोएडा, 20 मइ (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों पर प्राधिकरण ने कार्रवाई और तेज कर दी है। प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया के साथ ही डूब क्षेत्र में भी अवैध निर्माण करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से करीब 350 लोगों को नोटिस जारी की गई है, जिसमें अवैध निर्माण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में प्राधिकरण की अनुमति के बगैर निर्माण नहीं किया जा सकता है। इस बाबत प्राधिकरण की तरफसे लगातार जानकारी भी दी जाती है, लेकिन खुद के आशियाने के मोह में कुछ लोग कालोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई को फंसा ले रहे हैं। अवैध कालोनियों में जमीन खरीदकर घर बनाने की कोशिश करते हैं। संज्ञान में आते ही प्राधिकरण इन अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई करता है। अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अभियान चलाकर निर्माण तोड़ने के निर्देश दिए हैं। ध्वस्तीकरण से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण करने वाले 350 लोगों को धारा 10 के अंतर्गत नोटिस जारी की है, जिसमें अवैध निर्माण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल एक व दो की तरफसे ये नोटिसें जारी की गई हैं। इनमें हिंडन किनारे डूब क्षेत्र में हैबतपुर की जमीन पर लगभग 176 अवैध निर्माण करने वाले भी शामिल हैं।

शेष नोटिसें सुनपुरा गांव की हैं। इससे पहले भी कई गांवों में अवैध निर्माण करने पर प्राधिकरण की तरफ से नोटिसें जारी कर कार्रवाई की गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने साफकिया है अधिसूचित एरिया में किसी को भी निर्माण करने की अनुमति नहीं है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दसवीं व बारहवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

ग्रेटर नोएडा, 20 मई (देशबन्धु)। एम.सी.गोपीचंद इंटर कॉलेज खेड़ी में सीबीएसई के कक्षा 10वीं व 12वीं में वर्ष 2024 मे उत्तीर्ण हुए मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि जगमाल सिंह नागर, सेवानिवृत्त अध्यापक-दिल्ली ने मेधावी विद्यार्थियों को मेडल्स व प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। समारोह की अध्यक्षता जयकरण भाटी ने की। प्रबंध निदेशक करतार सिंह ,प्रबंधक जगत सिंह, प्रबंध समिति सदस्य राजेंद्र सिंह, भंवर सिंह, करण सिंह तथा विद्यालय प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह, प्रशासनिक प्रमुख सौरभ सिंह ने आए हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। मेधावी छात्र छात्राओं के अभिभावकों में उनके माता-पिता भाई आदि की उपस्थिति रही तथा विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया। कक्षा 10 में कु.प्राची तोंगड़ ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा रूद्र शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा कृष्टि विकल, हर्ष कुमार व निखिल भाटी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में कु.समीक्षा शर्मा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, ईशा भाटी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा रिया बैसोया ने 93 प्रतिशथ अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा प्रशस्ति- पत्र, प्रतीक-चिन्ह प्रदान किए गए। प्रबंध निदेशक करतार सिंह ने कक्षा 10 व 12 के विद्यालय परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यार्थियो की सफलता के पीछे विद्यार्थियो के अनुशासन के साथ-साथ समय प्रबंधन, अथक परिश्रम व निरंतर अभ्यास तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को सफलता का मूल मंत्र दिया।

गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने किया ओपन जिम का उद्घाटन

जेवर, 20 मई (देशबन्धु)। कस्बे के श्री दुर्गे देवी मंदिर परिसर में सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल और सीएसआर रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन दीनदयाल अग्रवाल के द्वारा ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। श्री दुर्गा मंदिर प्रबंध समिति के संयोजक कुलदीप पंडित ने बताया कि कस्बे की जनता के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक गोपाल कृष्ण अग्रवाल और सीएसआर रिसर्च फाउंडेशन के चेयरमैन दीनदयाल अग्रवाल के द्वारा मंदिर परिसर में एक ओपन जिम लगवाया गया था। सोमवार की सुबह गोपाल कृष्ण अग्रवाल व दीनदयाल अग्रवाल मंदिर परिसर में पहुंचे और यहां उन्होंने ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंदिर के पास स्थित एक निजी स्कूल की छात्राओं को बुलाकर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह का आयोजन मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा किया गया। इस मौके पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, कोषाध्यक्ष देवेश जैन ऊर्फ दीपू, एवं महामंत्री सुभाष चन्द्र गर्ग आदि सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 284/एस.टी.-एस.डी.एम./2024 दिनांक 18.04.2024 मृतक श्री लज्जाराम पुत्र श्री हरनारायण, निवासी ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर, स्व0 श्रीमती धोला पत्नी श्री लज्जाराम निवासी ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर तहसील व जिलागौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक क्रमश: 22.12.2023 व 04.05.2001 व 20.07.2017 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खाता संख्या	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु लगभग	विशेष
औरंगपुर	447	508 509	श्री लज्जाराम पुत्र श्री हरनारायण निवासी ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर	श्री जग्गी	पुत्र	64 वर्ष	विवाहित
				श्री महावीर नागर	पुत्र	54 वर्ष	विवाहित
				श्री गजराज	पुत्र	56 वर्ष	विवाहित
				श्री सुखपाल सिंह	पुत्र	51 वर्ष	विवाहित
मथुरापुर	59	14		श्रीमती केशवती	पुत्रवधू	67 वर्ष	विधवा
				श्री मनोज कुमार	पौत्र	39 वर्ष	विवाहित
				श्री सोनू कुमार	पौत्र	34 वर्ष	विवाहित
				श्रीमती रमेश	पुत्री	67 वर्ष	विवाहित
				श्रीमती रजनी चावड़ा	पुत्री	53 वर्ष	विवाहित
				श्रीमती सुखवती	पुत्री	49 वर्ष	विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

संपादकीय

नई दिल्ली, मंगलवार 21 मई 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

चुनाव आयोग की साख का सवाल

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनावों के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग पर एक सख्त टिप्पणी की है। भाजपा के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर समय रहते हुए कार्रवाई न करने को लेकर हाईकोर्ट के जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने कहा है कि यह अदालत आश्चर्यचकित है कि चुनाव खत्म होने के बाद शिकायतों का समाधान तय समय में करने में भारत का चुनाव आयोग विफल हुआ है। यह अदालत निषेधाज्ञा आदेश (स्टे) पारित करने के लिए बाध्य है। गौरतलब है कि भाजपा ने बंगाल के कुछ क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया था, जिनमें एक में तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी और दूसरे में सनातन विरोधी कहा गया था। टीएमसी ने इस पर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करते हुए कहा था कि ये विज्ञापन अपमानजनक, झूठे थे और मतदाताओं से धार्मिक आधार पर वोट करने की अपील करते थे।

भाजपा के आपत्तिजनक विज्ञापनों को लेकर टीएमसी ने 4 मई को केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत की थी। लेकिन जब चुनाव आयोग से समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई तो फिर टीएमसी इस मामले को लेकर अदालत में गई, जहां आदेश में कोर्ट ने कहा कि 'साइलेंस पीरियड' (चुनाव से एक दिन पहले और मतदान के दिन) के दौरान भाजपा के विज्ञापन आदर्श आचार संहिता और टीएमसी के अधिकारों और नागरिकों के निष्पक्ष चुनाव के अधिकार का भी उल्लंघन थे। अदालत ने आदेश जारी करते हुए कहा- टीएमसी के खिलाफ लगाए गए आरोप और प्रकाशन पूरी तरह से अपमानजनक हैं और निश्चित रूप से इसका उद्देश्य प्रतिद्वंद्वियों का अपमान करना और व्यक्तिगत हमले करना है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और बेदाग चुनाव प्रक्रिया के लिए, भाजपा को अगले आदेश तक ऐसे विज्ञापन प्रकाशित करने से रोका जाना चाहिए।

आश्चर्य की बात है कि स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने का दायित्व चुनाव आयोग का है, लेकिन उसकी निष्क्रियता के कारण अदालत को यह बीड़ा भी उठाना पड़ रहा है। टीएमसी का मामला जब अदालत में चला गया, तब जाकर आयोग शनिवार 18 मई को सक्रिय हुआ। इसके बाद पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को उनकी पार्टी द्वारा कथित तौर पर टीएमसी को निशाना बनाने वाले विज्ञापनों पर दो अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी किए। आयोग ने भाजपा नेता को मंगलवार शाम 5 बजे तक अपना जवाब देने को कहा है। हालांकि अब इस कार्रवाई का कोई अर्थ नहीं रह जाता है।

इस पूरे प्रकरण से चुनाव आयोग की किरकिरी तो हुई ही है, लेकिन लोकतांत्रिक चुनावों को लेकर चिंताएं भी बढ़ गई हैं। इस पूरे चुनाव में शुरु से अब तक कई बार चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठे हैं। हाल ही में उत्तरप्रदेश से एक प्रकरण सामने आया है, जिसमें एक लड़का ईवीएम पर आठ बार वोट देता नजर आ रहा है और सारे वोट भाजपा के लिए। यह वीडियो जब वायरल हुआ और विपक्ष के नेताओं ने इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं देते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, तब जाकर आयोग की ओर से कार्रवाई की पहल की गई। इसी तरह गुजरात से दाहोद का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें भाजपा नेता के बेटे ने बूथ में जाकर ईवीएम को अपने कब्जे में ले लिया था और इस दुस्साहस को सोशल मीडिया पर प्रचारित भी किया था। इसके विरोध में जब आवाजें तेज हुईं तब जाकर चुनाव आयोग ने इस बूथ पर फिर से मतदान करवाया।

इसी तरह 13 मई को हुई चौथे चरण की वोटिंग के दौरान हैदराबाद में भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने एक बूथ पर मुस्लिम महिलाओं के बुर्के उठवाकर उनके पहचान पत्र की जांच की। उनका वीडियो भी वायरल हुआ और विपक्ष ने कार्रवाई की मांग की, तब जाकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। इन बड़ी घटनाओं के अलावा दसियों छिटपुट घटनाएं हुई हैं, जिनमें सारे कागजात सही होने के बावजूद किसी मतदाता को मतदान से वंचित कर दिया गया या उसका वोट किसी और पार्टी को दिलवाया गया। कहीं पुलिस अधिकारी तो कहीं पार्टियों के बूथ एजेंट मतदाताओं को धमकाते हुए भी नजर आए। ये सारी घटनाएं इसलिए हो रही हैं क्योंकि कहीं न कहीं चुनाव आयोग की कमजोरी सामने आ चुकी है। उसकी कार्यप्रणाली या पक्षपाती रवैये पर सवाल उठने लगे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी विपक्ष के इस आरोप को ही पुख्ता करती है कि चुनाव आयोग भाजपा के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं दिखाता है।

जब आम चुनावों की घोषणा केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने की थी तो बड़े दम के साथ कहा था कि हम बेदाग चुनाव चाहते हैं। यह बात बोलने में आसान लगती है लेकिन क्रियान्वयन में काफी कठिन है। इसके लिए जिस दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है, उसके प्रदर्शन में चुनाव आयोग बार-बार चूका है। नरेन्द्र मोदी समेत सत्तारुढ़ दल के कई नेता लगातार धार्मिक, सांप्रदायिक आधार पर वोट मांग रहे हैं, लोगों को उकसाने वाले बयान दे रहे हैं। इनकी शिकायतें लेकर कई बार विपक्षी दल चुनाव आयोग तक गए, लेकिन आयोग की ओर से भाजपा अध्यक्ष को एक नोटिस जारी कर दिया गया, मानो औपचारिकता का निर्वाह हो रहा है। जबकि इन चुनावों में जब संविधान और लोकतंत्र के सवाल सबसे अहम बनकर उभरे हैं तो इसका साफ अर्थ है कि जनाधिकारों पर कहीं न कहीं कोई खतरा महसूस किया जा रहा है। जिस तरह से भाजपा ने चुनाव शुरु होने से पहले ही 4 सौ पार सीटों का दावा करते हुए फिर से सत्ता में लौटने का ऐलान किया था, वह भी लोकतांत्रिक प्रवृत्ति का परिचायक नहीं था। ऐसे में चुनाव आयोग की यह जिम्मेदारी है कि वह पूर्ण सजगता और निष्पक्षता के साथ काम करे। मगर वह दोनों जगह चूक रहा है। चुनाव आयोग को जगाने के लिए विपक्षी दल बार-बार उसका दरवाजा खटखटा रहे हैं और उसके निष्पक्ष न होने की शिकायतें भी कर रहे हैं।

चुनाव आयोग अपनी साख तभी बचा सकता है, जब लोकतंत्र और संविधान बचाने के सवाल को वह गंभीरता से सुने और उचित कार्रवाई करे।

एक चाल का तानाशाह

पांचवे चरण में 49 सीटों के लिए मतदान के साथ, 2024 के चुनाव का नतीजा एक तरह से तय होकर, ईवीएम मशीनों में बंद हो चुका है। बचे हुए दो चरणों में जिन 125 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनकी संख्या और मिजाज, दोनों ऐसे नहीं हैं कि, चुनाव अचानक पलटा खा जाए। अब 428 सीटों के लिए मतदान के साथ ईवीएम मशीनों में बंद यह नतीजा क्या है, इसका ठीक-ठीक पता तो 4 जून को मतगणना से ही चलेगा। फिर भी इतना तय है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा की बदहवासी साफ-साफ दिखाई दे रही है। इस बदहवासी के दूसरे अनेक लक्षणों के अलावा, एक और नया लक्षण जो व्यापक रूप से राजनीतिक तथा विशेष रूप से मीडिया प्रेक्षकों ने दर्ज किया है, चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का, भांति-भांति के मीडिया संस्थानों को पांचवे चरण के मतदान के दिन तक 42 साक्षात्कार दे चुका होना है।

यह दूसरी बात है कि मीडिया से आमने-सामने होने में सौ फीसद अनुकूलता और नियंत्रण हासिल करने की हवस में, मोदी के प्रचार प्रबंधकों ने इन्हें साक्षात्कार के नाम पर मजाक ही बनाकर रख दिया है। अब तक आई जानकारियों के अनुसार, इन सभी आयोजनों में अगर साक्षात्कार के नाम पर कुछ है तो यही कि संबंधित मीडिया संस्थानों के सावधानी से चुने गए साक्षात्कारकर्ताओं को, इस बहाने से प्रधानमंत्री मोदी से दस-पंद्रह मिनट की आमने-सामने की मुलाकात और मामूली गप-शप करने का भी मौका दिया जाता है, जिसकी तस्वीरों का बाद में उपयोग भी किया जा सकता है। वर्ना साक्षात्कारकर्ताओं के चयन से लेकर, प्रश्नों के सूत्रीकरण और जवाबों की रिकार्डिंग/ लेखन और अंततः संपादन तक, सब कुछ प्रधानमंत्री कार्यालय खुद करता है और तैयार कॉपी प्रसारण/ प्रकाशन के लिए, मीडिया संस्थान को उपलब्ध करा दी जाती है। हैरानी की बात नहीं है कि सोशल मीडिया में इस पर व्यंग्यात्मक चर्चा ही चल पड़ी है कि साक्षात्कार की इस प्रजाति को किस नाम से पुकारा जाना चाहिए।

और भी गहरी विडंबना यह कि इन्हीं छद्म साक्षात्कारों में से एक में, प्रधानमंत्री मोदी ने एक सवाल के अपने जवाब में अपने कार्यकाल के दस साल में, एक भी खुली प्रेस कान्फ्रेंस नहीं करने की सफाई देने की सरासर बेईमान कोशिश भी की है। मोदी ने अपने खुली प्रेस कान्फ्रेंस न करने के लिए, प्रेस को ही दोषी ठहराने का रास्ता चुना है। उन्होंने इसकी शिकायत की है कि अब प्रेस, पहले की तरह तटस्थ या वस्तुनिष्ठ नहीं रह गई है; पत्रकार अपनी राय से, अपने विचारों से संचालित होते हैं। जाहिर है कि इसीलिए, उन्होंने कोई प्रेस कान्फ्रेंस नहीं की। मोदी के स्वतंत्र प्रेस से भागने की इस झूठी बहानेबाजी की विडंबना सिर्फ इतनी ही नहीं है कि इसमें उन्होंने सारे के सारे प्रेस पर ही पक्षपाती और पूर्वाग्रही होने की तोहमत लगा दी है। इस तर्क का विस्तार करें तो नरेंद्र मोदी ने पक्षपाती तथा पूर्वाग्रही का यह ठप्पा सिर्फ भारतीय प्रेस पर ही नहीं लगाया है बल्कि दुनिया भर के प्रेस पर लगाया है। आखिरकार, यह तो किसी से छुपा हुआ नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी देश में ही नहीं, विदेशी धरती पर और विदेशी पत्रकारों से रूबरू होने से भी,सायास बचते आए हैं। मोदी की स्वतंत्र प्रेस नीति तो इस हद तक जाती है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ आए पत्रकारों को मोदी राज के आदेश पर घंटों तक उनके वाहन में ही बंधक बनाकर बैठाए रखा गया था, ताकि इस सम्मेलन के हाशिए पर हुई मोदी-बाइडेन मुलाकात के बाद, मोदी को पत्रकारों के सवालों का सामना नहीं करना पड़े। भारत को दुनिया भर में हँसी का पात्र बनाने वाले इस प्रसंग के आखिर में, बाइडेन को वियतनाम पहुंचकर ही अमरीकी व अन्य पत्रकारों को संबोधित करना पड़ा था।

राजेंद्र शर्मा

> स्वतंत्र प्रेस के जरिए और जाहिर है कि संसद के जरिए भी, जनता के सामने जवाबदेही से ही प्रधानमंत्री मोदी के इस तरह भागने की असली वजह, उनका तानाशाहाना मिजाज है। नरेंद्र मोदी खुद को भारत का बादशाह या शहंशाह या चक्रवर्ती सम्राट जैसा कुछ समझते हैं, जिसकी इच्छा ही सर्वोपरि है और जिसका निर्णय ही कानून है। वास्तव में निर्वाचित सत्ताधीश के सर्वोपरि होने की दलील, मोदी राज में सत्ता के प्रधान नैरेटिव के रूप में बार-बार हमें सुनने को मिलती है।

इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि मीडिया/ प्रेस में वस्तुगतता और निष्पक्षता के न रह जाने की शिकायत वही प्रधानमंत्री कर रहे थे, जिसके दस साल के राज में मीडिया की मुख्यधारा को पालतू बनाने और स्वतंत्र मीडिया को कुचलने में जितनी ऊर्जा लगाई गई है, उतनी ऊर्जा तो शायद अपने राजनीतिक विरोधियों को बर्बाद करने पर भी नहीं लगाई गई होगी। विडंबना के साथ, मजाक का छौंक यह कि प्रेस की स्वतंत्रता के ह्रास की शिकायत भी छद्म साक्षात्कारों की ऐसी शृंखला के दौरान की जा रही थी, जिसे चुनाव के संदर्भ में पहले कभी पेड न्यूज के रूप में आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन ही माना गया होता।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने, एक और बेढब दलील यह दी कि अब मैं संसद में हूं, वहीं जवाब दिया जाता है। लेकिन, यह दलील भी मीडिया के तटस्थ न रह जाने जितनी ही झूठी है। पहली बात तो यह कि मोदी कोई पहले प्रधानमंत्री तो हैं नहीं, जो संसद में हों और जिनकी संसद के प्रति जवाबदेही बनती हो। हरेक प्रधानमंत्री को, संसद के किसी न किसी सदन का सदस्य होना ही होता है। फिर भी, मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने दस साल में एक भी खुली प्रेस कान्फ्रेंस का सामना नहीं किया है। दूसरी बात यह है कि संसद में सवालों के जवाब देने का प्रधानमंत्री मोदी का रिकार्ड, पत्रकारों के सवालों का सामना करने के उनके रिकार्ड जितना ही खराब है। सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दस साल में नरेंद्र मोदी ने संसद में भी एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया है। प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने संसद में, खास-खास सत्रों में, खास-खास बहसों के जवाब के नाम पर, अपने मन की बात भर की है, वर्ना उनका रिकार्ड संसद से ज्यादातर समय गायब रहने का और उसकी चर्चाओं में हिस्सा लेने से बचने का ही रहा है।

स्वतंत्र प्रेस के जरिए और जाहिर है कि संसद के जरिए भी, जनता के सामने जवाबदेही से ही प्रधानमंत्री मोदी के इस तरह भागने की असली वजह, उनका तानाशाहाना मिजाज है। नरेंद्र मोदी खुद को भारत का बादशाह या शहंशाह या चक्रवर्ती सम्राट जैसा कुछ समझते हैं, जिसकी इच्छा ही सर्वोपरि है और जिसका निर्णय ही कानून है। वास्तव में निर्वाचित सत्ताधीश के सर्वोपरि होने की दलील, मोदी राज में सत्ता के प्रधान नैरेटिव के रूप में बार-बार हमें सुनने को मिलती है। यही दलील जरा तिर्यक रूप से खुद प्रधानमंत्री मोदी के दावों में भी हमें सुनने को मिलती है, जब वह 140 करोड़ भारतीयों की ओर से बोलने का दावा ही नहीं करते हैं, यह दावा भी करते हैं कि 140 करोड़ भारतीयों के प्रतिनिधि की उनकी हैसियत, उनकी तमाम आलोचनाओं को, उन के खिलाफ तमाम आरोपों को, खारिज कर देती है। नरेंद्र मोदी के शब्दों में, 140 करोड़ भारतीय उनकी ढाल बन जाते हैं।

इसी तानाशाहाना मिजाज का नतीजा है कि मोदी राज के दस साल में खुद संसद समेत, जनतंत्र की सभी संस्थाओं को कमजोर किया गया है, उनकी स्वतंत्रता को खत्म किया गया है। खुद कार्यपालिका तक में सारी की सारी शक्ति को प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रित किया गया है। संसद की कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने की भूमिका को लगभग खत्म ही कर दिया गया है। न्यायपालिका को पालतू बनाने की कोशिशों के अलावा, उस पर प्रत्यक्ष नियंत्रण कायम करने के लिए, मोदी राज ने बराबर एक जंग सी ही छेड़े रखी है। मुख्यधारा के मीडिया पर सत्ताधारियों द्वारा करीब-करीब पूरा कब्जा ही किया जा चुका है। ऐसा ही हाल उच्च शिक्षा संस्थानों का है और जेएनयू आदि की तरह जिन इक्का-दुक्का संस्थाओं ने अपवादस्वरूप अपनी स्वायत्तता की रक्षा करने के लिए संघर्ष जारी रखा है, उन्हें शासन द्वारा एक प्रकार से शत्रु-संस्थाएं ही घोषित कर दिया गया है, जिन्हें जीतने की उसकी जंग लगातार जारी रही है। सीबीआई, ईडी, एनआईए आदि व पुलिस बलों, सभी संस्थाओं को सत्ताधारियों के ही नहीं, उनमें भी सबसे बढ़कर बादशाह सलामत और उनके दरबार के औजारों में बदल दिया गया है। कहने की जरूरत नहीं है कि ये बदलाव, वर्तमान सत्ता के तकाजों के अनुरूप हैं जरूर, लेकिन तात्कालिक तकाजों तक ही सीमित नहीं हैं। वे पूरी राज्य व्यवस्था को ही तानाशाही में तब्दील कर रहे हैं।

और तो और बहुसंख्यक धार्मिक प्रतिष्ठान को भी महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया गया है। एक ओर राम मंदिर और दूसरी ओर सेंगोल जैसे टोटकों के सहारे, न सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी को धार्मिक अनुमोदन-प्राप्त महाराजा के रूप में स्थापित किया गया है, जिसके आगे धार्मिक सत्ता भी व्यवहारतः नतमस्तक है। और दूसरी ओर, इससे भी महत्वपूर्ण रूप से बहुसंख्यक धार्मिकता को, अल्पसंख्यक विरोधी सांप्रदायिकता से खुद को परिभाषित करने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ा दिया गया है। इसी का नतीजा हम चुनाव की हाथ से निकलती नजर आती बाजी को बचाने के लिए, अंतिम और इकलौते उपाय के रूप में, मोदी की भाजपा द्वारा चुनाव प्रचार में लौट-लौटकर, मुस्लिमविरोधी सांप्रदायिकता का सहारा लिए जाने के रूप में देख रहे हैं।

यह बेढब होते हुए भी कम से कम हैरान नहीं करता है कि चौथे चरण के मतदान के दिन, गंगा के तट पर एक और छद्म साक्षात्कार में मोदी जी ने अचानक यह ऐलान कर दिया कि वह हिंदू-मुस्लिम नहीं करते हैं, वह हिंदू-मुस्लिम करें तब तो वह सार्वजनिक राजनीति के लायक ही नहीं रहेंगे और यह भी कि उनका संकल्प है कि वह हिंदू-मुस्लिम नहीं करेंगे। और चौबीस घंटे भी पूरे होने से पहले-पहले, अगले दिन महाराष्ट्र में वह हिंदू-मुस्लिम करने से भी आगे, इसका ऐलान करने तक चले गए कि उनके विरोधी जीत गए, तो राम मंदिर पर बाबरी ताला लगवा देंगे। बाद में उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपने राजनीतिक विरोधियों से राम मंदिर पर बुलडोजर ही चलवा दिया! बेशक, यह हार की बदहवासी का संकेत है, लेकिन यह इसका भी संकेत है कि तानाशाह के पास यही एक चाल बची है, जिसे वह रह-रहकर आजमा रहा है।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

बिहार लोकसभा चुनाव में वाम दलों की सक्रियता से एनडीए चिंतित

■ अरुण श्रीवास्तव

बिहार में 2020 के विधानसभा चुनाव में युगांतकारी जीत के बाद, जिसमें सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने उन 16 में से 12 सीटें जीतीं जहां उसके उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। पार्टी इस बार अपने प्रतिनिधियों को लोकसभा में भेजने के लिए काफी आशान्वित है। उस चुनाव में तीन मुख्य वामपंथी दलों ने 29 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ा और 16 पर जीत हासिल की थी। सीपीआई और सीपीआई (एम) ने क्रमशः जिन छह और चार सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से दो-दो पर कब्ज़ा कर लिया।

हालांकि वाम दल राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन में भागीदार थे। सीपीआई (एमएल) -एल के कम से कम दो सीटें जीतने की आशावादिता का कारण यह है कि 2020 में उसने महागठबंधना का घटक दल होने के बावजूद कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में राजद उम्मीदवारों के खिलाफ लड़कर जीत हासिल की थी।

हालांकि राजद मुसलमानों और यादवों (एमवाई) का पारंपरिक समर्थन आधार रहा है, सीपीआईएमएल को गरीब यादवों, मुसलमानों और अन्य बेहद गरीब जातियों का भारी समर्थन मिला। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि इसे गरीबों के इस वर्ग का अडिग विश्वास प्राप्त है।

> इस साल की चुनावी लड़ाई का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पहली बार सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने चुनावी लड़ाई में प्रवेश किया है। हालांकि इसके वरिष्ठ नेता रामेश्वर प्रसाद ने 1989 में आरा लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी, लेकिन उन्होंने उस समय सीपीआई (एमएल) के जन संगठन इंडियन पीपुल्सफ्रंट के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

इस बार सीपीआई (एमएल)-एल ने कम से कम छह सीटों की मांग की थी, लेकिन इंडिया गठबंधन के बड़े भाई लालू यादव अनिच्छुक थे क्योंकि उनकी कुछ अन्य प्रतिबद्धताएं थीं। सीपीआई (एमएल) ने जो सीटें मांगी थीं, वे अंततः कांग्रेस को सौंप दी गयीं। इनमें से एक सीट थी पूर्णिया। अब चुनाव की घोषणा से बमुश्किल एक हफ्ते पहले जेडीयू से अपनी निष्ठा बदलने वाली राजद की बीमा भारती को कांग्रेस के बागी पप्पू यादव से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

फिर भी सीपीआई (एमएल) को तीन सीटें दी गयीं। वह आरा, नालंदा और काराकाट की तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य इन सीटों पर जीत को लेकर आश्वस्त हैं। नालंदा को छोड़कर, दो अन्य सीटों पर सत्तर के दशक की शुरुआत में सीपीआई (एमएल) द्वारा बड़े पैमाने पर किसान लामबंदी देखी गयी थी। भोजपुर का मुख्यालय आरा किसान सशस्त्र संघर्ष के सर्वोच्च क्रम का गवाह रहा है जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता शामिल थे।

इस साल की चुनावी लड़ाई का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पहली बार सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने चुनावी लड़ाई में प्रवेश किया है। हालांकि इसके वरिष्ठ नेता रामेश्वर प्रसाद ने 1989 में आरा लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी, लेकिन उन्होंने उस समय सीपीआई (एमएल) के जन संगठन इंडियन पीपुल्सफ्रंट के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

काराकाट में, सीपीआई (एमएल) के उम्मीदवार पूर्व विधायक राजाराम सिंह का मुकाबला एनडीए के सहयोगी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा से है। इसके अलावा, एआईएमआईएम उम्मीदवार की मौजूदगी से निर्वाचन क्षेत्र में मुस्लिम वोटों का विभाजन हो सकता है।

पुराने समय के सुदामा सिंह, जिन्होंने साठ के दशक के अंत में एक छात्र नेता के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया और अब आरा से विधायक हैं, आरा संसदीय क्षेत्र से बिहार के पूर्व गृह सचिव और केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का विरोध कर रहे हैं। नालंदा सीट से विधायक संदीप सौरभ भी मैदान में हैं। नालदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गृह क्षेत्र है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजाराम सिंह काराकाट लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों आरा, काराकाट और नालंदा में एक जून को मतदान होगा।

फिर भी सौरभ को जदयू के कौशलेंद्र कुमार से गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में कोइरी और कुर्मियों की सघनता अधिक है। चूंकि कुमार जद(यू) के नीतीश कुमार के उम्मीदवार हैं इसलिए उम्मीद है कि नीतीश की निजी अपील का असर होगा। हालांकि सत्तर और अस्सी के दशक में निर्वाचन क्षेत्र के एक हिस्से में बेलछी और प्रमुख किसान संघर्ष जैसी घटनाएं देखी गयी थीं, इसलिए पार्टी की अपील का असर होगा।

सीट बंटवारे की व्यवस्था के तहत राजद ने बिहार में वामदलों को जो पांच सीटें दी हैं, उनमें से सीपीआई (एम) ने खगड़िया से संजय कुमार सिंह को मैदान में उतारने का फैसला किया है, जबकि सीपीआई ने बेगुसराय से पूर्व विधायक अवधेश राय को टिकट दिया है। भट्टाचार्य को पूरी उम्मीद है कि दोनों पार्टियां अच्छा प्रदर्शन करेंगी और सिंह खगड़िया में एनडीए उम्मीदवार के लिए बड़ी चुनौती बनेंगे।

सीपीआई (एम) के संजय कुमार, जो ओबीसी कुशवाहा समुदाय से हैं, राजद के पारंपरिक एम-वाई वोट बैंक मुसलमानों और यादवों के समर्थन पर भरोसा कर रहे हैं। सीपीआई ने भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह को हराने के लिए कड़ी मेहनत की, जिन्होंने भयानक सांप्रदायिक अभियान चलाया और बेगुसराय की सीट वापस जीत ली, जिसे 1950 के दशक के अंत से 1990 के दशक के अंत तक सक्रिय कम्युनिस्ट आंदोलन के कारण 'बिहार का लेनिनग्राद' कहा जाता था।

खगड़िया में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान हुआ। यहां लड़ाई कुमार और चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) उम्मीदवार राजेश वर्मा के बीच थी। एक अन्य कारक जिसने कुमार के पक्ष में काम किया, वह है विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता मुकेश साहनी का उन्हें समर्थन। वह अब महागठबंधन के साथ हैं। साहनी एक मल्लाह नेता हैं।

लालू द्वारा वामपंथी गुट को वांछित संख्या में सीटें देने से इंकार करना एक रणनीतिक कदम है। सीपीआई (एमएल) राज्य के पूरे उत्तर और पूर्वी हिस्सों में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में इसकी सफलता इस तथ्य को रेखांकित करती है बड़े पैमाने पर राज्य दमन के बाद भी इसे गरीबों का समर्थन और निष्ठा प्राप्त है। सीपीआई (एमएल) और सीपीआई और सीपीआई (एम) के पुनरुत्थान ने बड़े पैमाने पर राजद की छवि को उसके पारंपरिक आधारों में प्रभावित किया होगा।

एक और कारक जिसने लालू को नौ सीटें देने की वामपंथियों की मांग को मानने से रोका, वह है मुस्लिम वोटों के खिसकने का डर। वामपंथियों को दलितों, गरीबों और मुसलमानों, विशेषकर पसमांदा, गरीबों और दलित मुसलमानों की आवाज होने की बेदाग प्रतिष्ठा प्राप्त है। एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वामपंथी ताकतें लोकसभा चुनाव के बाद एक प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में पुनर्जीवित होने जा रही हैं। वर्तमान लोकसभा में बिहार से वामपंथियों की कोई मौजूदगी नहीं है। यदि तीन पार्टियां सीपीआई, सीपीआई (एम) और सीपीआई (एमएल)-एल पांच में से तीन सीटें जीत सकती हैं, जिन पर वे चुनाव लड़ रही हैं, तो यह बिहार के वामपंथी परिवर्तन को एक नई गतिशीलता प्रदान करेगी।

पावन प्रसंग

पर्यावरण संरक्षण

भारतीय संरक्षण में जियो और जीने दो का सिद्धांत सर्वोपरि रहा है, जो केवल प्राणियों तक सीमित नहीं रहा। इसमें चर-अचर, जड़ -चेतन, प्रकृति का हर घटक शामिल रहा है। मनुष्य जीवन और प्रकृति के बीच सामंजस्य इसका मूलमंत्र रहा है, जिसमें प्रकृति का अंग बन कर रहने का भाव रहा है कि उससे उतना ही लिया जाए जितना कि आवश्यक हो। हवा, पानी, पृथ्वी, अग्नि, आकाश जैसे मूलतत्वों से सृष्टि की रचना होने के कारण भारतीय दर्शन एवं चिंतन में इनकी शुद्धता एवं प्रदूषणरहितता पर विशेष ध्यान दिया गया है। हमारी संस्कृति आगाह करती है कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने से ही पर्यावरणीय संरक्षण संभव है, जो हमें वर्तमन एवं भविष्य में होने वाले दुष्परिणामों से बचा जा सकता है। प्रकृति के साथ सहअस्तित्व, सामंजस्य और सौहार्द्रपूर्ण मातृभावयुक्त सम्माननीय दृष्टि ही भारतीय संस्कृति का विधान है। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने वनों के बीच रहकर जीवन के उच्चतर सत्यों का संधान किया। प्रकृति से हमारा न तो कोई संघर्ष रहा तथा न प्रकृति पर विजय पाने जैसे विचारों से हमारी सस्कृति निर्मित रही। जहां विजित-विजेता का नियंत्रित नियामक का भाव होगा, वहां संघर्ष तो होगा ही। गांधी जी ने उचित ही कहा था कि प्रकृति के पास सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन तो हैं, पर लालसाओं की पूर्ति के नहीं। भारतीय सस्कृति लालसा पर रोक लगाती है, जिससे प्रकृति का दोहन रुक सके।

पर्यावरण के प्रति भारतीय दृष्टि पर प्रकाश डालते गुए कवि टैगोर कहते हैं कि भारत में वन और प्राकृतिक जीवन मानव जीवन को एक निश्चित दिशा देते थे, मानव जीवन की वृद्धि के साथ निरंतर संपर्क में था। वह अपनी चेतना का विकास आस-पास की भूमि से करता था, उसने विश्व की आत्मा तथा मानव की आत्मा के बीच के संबंध को महसूस किया। मानव और प्रकृति के मध्य के इस तारतम्य ने पर्यावरण को आत्म-अर्पित करने के शांति पूर्ण एवं बेहतर तरीकों को जन्म दिया।

वस्तुतः भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशिष्ट भाव अंतर्निहित रहा है। प्रकृति के नियमों के अनुरूप जीवन व्यतीत करने की बात करते हुए यजुर्वेद कहता है कि प्रकृति देवी के सौंदर्य को देखो, उससे प्रसन्नता को प्राप्त करो, जो मूर्तरूप में भगवान का काव्य है। अथर्ववेद कहता है कि हे पृथ्वी! तेरी धरती पर विचरण करने वाले सभी छोटे-बड़े प्राणी, जिनमें मनुष्य का भी समावेश हो जाता है, परमपिता परमात्मा के अंश से उत्पन्न हुएहैं। उनको तेरे जल, वायु और सौर ऊर्जा से सुखरूपी पोषण प्राप्त हो।

श्रीमद्भागवत के अनुार हम सभी परमात्मा के खेल खिलौने हैं और उनकी रचना को सुंदर व समुन्नत बनाने के लिए विशेष उददेश्य हेतु भेजे गए हैं। हम सब उस एक परमपिता से उत्पन्न भाई-भाई हैं, इसके अंग0 अवयव हैं। यदि ऐसा भाव रहा तो प्रकृति के प्रति स्वस्फूर्त संवेदना रहेगी और ऐसे में न ही पर्यावरण प्रदूषण होगा और न ही प्रकृति का दोहन होगा। इसी तरह शांति पाठ में पर्यावरण के महत्व के भाव ही निहित हैं और साथ ही प्रकृति के कोप से होने वाले भयंकर परिणाम से बचने के उपाय भी। शांतिपाठ के अनुसार वायु हारे लिए सुखस्वरूप हो, सूर्य सुखकर होकर तपे । अत्यन्त गर्जन करने वाल पज4न्य देव भी हमारे लिए सुखकर होकर अच्छी तरह से बरसें। जल, औषधियां और वनसस्पतियां शांतिक देने वली हों समस्त देवता, ब्रह्म और सब कुछ शांतिदायी हों। जो शांति सर्वत्र विश्व में फैली हुई है, वह सभी को प्राप्त हो। सभी को बराबर शांति का अनुभव होता रहे। सृष्टि के हर घटक में दैवी आस्था रखने वाली वैदिक संस्कृति में पर्यावरण को तैयार करने वाले पृथ्वी, वायु, जल, आकाश,चंद्र और सूर्य आदि मूलभूत तत्वों को देवत की संज्ञा दी गई है। हमारे शरीर व जीवन के पोषण करने वाले इन तत्वें के संरक्षण के लिए तन-मन-धन से अर्पित होने का आदेश दिया गया है। इनकी शुद्धि, पवित्रता का भाव इसमें निति है।जिसके लिए यज्ञ, हवन आदि करने का निर्देश दिया गया है।

अखंड ज्योति

आपके पत्र

सामूहिक भीड़ का फैसला राज्य तंत्र के लिए बड़ी चुनौती

सामूहिक भीड़ का कोई मस्तिष्क नहीं होता। उसके द्वारा उन्माद में लिए गए सड़क पर त्वरित फैसले सामाजिक संरचना के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं और राजकीय संपत्ति के लिए कई बार भारी नुकसानदायक भी होते हैं। भीड़तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्त

सऊदी शाह का होगा फेफड़ों के संक्रमण का इलाज

रियाद। सऊदी अरब के शाह सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद के फेफड़ों के संक्रमण का इलाज कराएंगे। सऊदी रॉयल कोर्ट ने रविवार को यह घोषणा की। उच्च तापमान और जोड़ों में दर्द के कारण जेद्दा में अल-सलाम पैलेस के रॉयल क्लीनिक में उनकी चिकित्सीय जांच की गई। सऊदी शाह को नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए 24 अप्रैल को जेद्दा के किंग फैसल स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया था।

देश विदेश

ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर संभालेंगे राष्ट्रपति का कार्यभार

तेहरान, 20 मई (एजेंसियां)। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद, देश के पहले उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालेंगे। तेहरान टाइम्स ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में 1979 में स्वीकार किए गए इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के संविधान के पहले संस्करण के अनुच्छेद 130 और 131 के अनुसार, अगर

■ ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुलाहियान की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत की पुष्टि हो गई है

देश के राष्ट्रपति बर्खास्तगी, इस्तीफे, अनुपस्थिति, बीमारी या मौत के कारण अपने कानूनी कर्तव्यों को पूरा करने में असमर्थ होने पर पहला उपराष्ट्रपति उनके कर्तव्यों का निर्वहन करेगा। संविधान यह निर्धारित करता है कि इन जिम्मेदारियों को इस्लामी क्रांति के नेता की मंजूरी प्राप्त होने के बाद प्रथम उपराष्ट्रपति को हस्तांतरित किया जाएगा और 50 दिनों के भीतर देश में एक नए राष्ट्रपति का चुनाव कराने की बात भी कही गयी है। ईरानी राजनीतिक के अनुसार देश के प्रमुख इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई हैं और राष्ट्रपति को सरकार का प्रमुख, दूसरा-इन-कमांड माना जाता है। राष्ट्रपति के आकस्मिक मृत्यु होने पर जब तक नए राष्ट्रपति का चुनाव नहीं हो जाता पहले उपराष्ट्रपति से इस दौरान देश का नेतृत्व करने की उम्मीद की जाती है। ईरानी

संविधान में 1989 में संशोधन कर महत्वपूर्ण बदलाव किया गया था। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुलाहियान की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत की पुष्टि हो गई है। ईरानी राष्ट्रपति रईसी और विदेश मंत्री अब्दुलाहियान को ले जा रहा हेलीकॉप्टर रविवार को पूर्वी अजरबैजान प्रांत के घने जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हेलीकॉप्टर के यात्रियों में रईसी, अब्दुल्लाहियान, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मालेक रहमती और पूर्वी अजरबैजान प्रांत में इस्लामी क्रांति के नेता के प्रतिनिधि अयातुल्ला मोहम्मद अली अले-हाशेम सहित कई अन्य लोग शामिल थे। राष्ट्रपति रईसी ने रविवार तड़के पूर्वी अजरबैजान प्रांत की यात्रा की थी, जहां उन्होंने अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन किया था। कार्यक्रम से वापसी के दौरान क्षेत्र में घने कोहरे के कारण यह दुर्घटना हुई।

ईरान के उप विदेश मंत्री कानी कार्यवाहक विदेश मंत्री का पदभार संभालेंगे

तेहरान। ईरानी कैबिनेट ने सोमवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की मौत के बाद कार्यवाहक विदेश मंत्री के रूप में उप विदेश मंत्री अली बघेरी कानी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। ईरानी सरकार के प्रवक्ता अली बहादुरी जहरोमी ने सोमवार को यह घोषणा की। श्री कानी ने 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए ईरान के मुख्य वार्ताकार के रूप में काम किया। ईरान के संरक्षक परिषद के प्रवक्ता हादी ताहान-नाज़िफ़ ने कहा कि संविधान के अनुसार, उपराष्ट्रपति अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालेंगे। ताहान-नाज़िफ़ ने कहा कि इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मंजूरी से ईरानी न्यायपालिका प्रमुख, संसद अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति की एक परिषद 50 दिनों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव करवायेगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति इब्राहीम रायसी और विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन को लेकर जा रहा हेलीकॉप्टर रविवार को पूर्वी अजरबैजान के ईरानी प्रांत के घने जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें इनकी मौत हो गई।

इजरायली हवाई हमले में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के दो सदस्यों की मौत, दो घायल

बेरूत, 20 मई (वार्ता) लेबनान के दक्षिणी मरून अल-रास गांव के एक घर पर इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए और दो अन्य घायल हो गए हैं। समचार एजेंसी शिन्हुआ ने यह जानकारी लेबनानी सैन्य सूत्रों के हवाले से दी है। सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली युद्धक विमान ने मारून अल-रास में दो मंजिला घर पर चार मिसाइलें दागीं, जिससे घर नष्ट हो गया और लोग हताहत हुए। इस बीच, हिजबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कई इजरायली ठिकानों पर हमला किया, जिससे लोग हताहत हुए। बनान-इज़राइल सीमा पर तनाव आठ अक्टूबर, 2023 को उस समय बढ़ गया, जब लेबनानी सशस्त्र समूह हिज़्बुल्लाह ने एक दिन पहले इज़राइल पर हमास के हमले के साथ एकजुटता दिखाते हुए इज़राइल की ओर कई रॉकेट दागे। इसके बाद इजरायल ने दक्षिण-पूर्वी लेबनान की ओर तोपखाने दागकर जवाबी कार्रवाई की।

सुडोकू 6561

	8		6				5	
					2	3		
3	2					6	1	
			9	2		7		
			1		7			
		4		6	3			
	9	7					4	3
		8	7					
	4				1		2	

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 21 मई , 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 13

राशिफल

मेष - आज आपका दांपत्यजीवन सुखमय रहेगा। इसके साथ ही बाहर घूमने-फिरने और मनपसंद भोजन मिलने का योग है। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी।

वृषभ - आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ होगा। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे।

मिथुन - आज का दिन शुभ फलदायी और लाभकारी है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। पत्नी के पीछे खर्च होगा। अविवाहित लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार एवं नौकरी में आय बढ़ेगी। घर में शुभ- प्रसंगों का आयोजन होगा।

कर्क - शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दु:ख होगा।

सिंह - कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

कन्या - परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा।

तुला - अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

वृश्चिक - आज आपके विदेश में बसनेवाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। लाभ होगा। आमोद- प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्यजीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे।

धनु - आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

मकर - व्यवसाय में आपकी आय तथा मान- सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

कुंभ - आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। हालांकि मानसिक स्वस्थता बनाए रख सकेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

मीन - स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। बीमारी के पीछे खर्च करने पड़ेंगे। अचानक धन खर्च होगा। अन्य कामकाज में भी आपको थोड़े विरोध का अनुभव करना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव की संभावना है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

राष्ट्रपति रईसी की मौत की पुष्टि के बाद ईरान के मंत्रिमंडल की आपात बैठक

तेहरान, 20 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियान की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत की पुष्टि के बाद ईरानी मंत्रिमंडल की सोमवार को एक आपात बैठक बुलाई गई। यह 24 घंटे से भी कम समय में मंत्रिमंडल की दूसरी आपात बैठक थी। राष्ट्रपति रईसी का हेलीकॉप्टर रविवार को ईरान के उत्तर पश्चिमी प्रांत ईस्ट अजरबैजान के पहाड़ी इलाके में लापता हो गया था। सोमवार को उसका मलबा बरामद हुआ और राष्ट्रपति की मौत की पुष्टि हुई। इससे पहले, हादसे में अनहोनी की आशंका को देखते हुए ईरानी मंत्रिमंडल ने रविवार शाम एक आपात बैठक की थी। सरकारी समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के प्रथम उप राष्ट्रपति मोहम्मद मुखबर ने उसकी अध्यक्षता की थी।प्रोटोकॉल के अनुसार, रईसी की मृत्यु के बाद अब देश के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मंजूरी मिलने पर वही अंतरिम राष्ट्रपति बनेंगे।

अमेरिकी शहर सवाना में हुई गोलीबारी में 11 घायल

वाशिंगटन, 20 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के सवाना शहर में शनिवार आधी रात हुई सामूहिक गोलीबारी में 11 लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस विभाग ने दी। गोलीबारी की घटना शहर के लोकप्रिय पर्यटक स्थल एलिस स्क्वायर में दो महिलाओं के बीच बहस के दौरान शुरू हुई।सवाना पुलिस विभाग ने रविवार को एक बयान में कहा कि सभी 11 वयस्क पीड़ितों की चोटों का इलाज किया गया और किसी की मौत नहीं हुई है। तटीय शहर हाल के दिनों में गोलीबारी की घटनाओं से ग्रसित रहा है। सवाना पुलिस विभाग के अनुसार, शनिवार रात को दो अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं में एक वयस्क, एक किशोर की मौत हो गई और एक किशोर घायल हो गया। सवाना के मेयर वान जॉनसन ने कहा कि बंदूकों का प्रसार गोलीबारी का एक प्रमुख कारण है और सही बंदूक नियंत्रण कानूनों की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस विभाग के अनुसार, सवाना में इस वर्ष अब तक 12 हत्याएं हुई हैं, जो 2023 की इसी अवधि में 11 से एक से अधिक है।

अफगानिस्तान विस्फोट में तीन की मौत, एक घायल

कंधार, 20 मई (एजेंसियां)। दक्षिणी अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में सोमवार को विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता असदुल्लाह जमशिदी ने बताया कि विस्फोटक उपकरण एक ठेले के अंदर रखी गई थी। कंधार शहर के पुलिस डिस्ट्रिक्ट 10 में सुबह के व्यस्त समय में यह धमाका हुआ। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले, मार्च में, एक बम विस्फोट में कंधार में एक बैंक के बाहर 36 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए। उस दौरान हुये विस्फोट की जिम्मेदारी प्रतिद्वंद्वी संगठन दाएश या इस्लामिक स्टेट ने ली थी। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में पिछले कुछ महीनों में कई आतंकवादी हमले हुए हैं।

तुर्की में 20 आईएस संदिग्धों को हिरासत में लिया गया

इस्तांबुल, 20 मई (एजेंसियां)। तुर्की पुलिस ने सोमवार को तुर्की के पश्चिमी प्रांत इजमिर में एक बड़े ऑपरेशन में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के 20 संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सरकारी टीआरटी ब्रॉडकास्टर के हवाले से बताया कि इजमिर लोक अभियोजक के कार्यालय ने आतंकवाद अपराध जांच ब्यूरो की मदद से मेनेमेन जिले में एक साथ कई ऑपरेशन किए। टीआरटी ने कहा कि पुलिस इकाइयों ने पतों पर तलाशी के दौरान हथियार, संगठनात्मक दस्तावेज और कई डिजिटल सामग्री जब्त की और संदिग्धों को आगे की कार्रवाई के लिए अदालत ले जाया गया। तुर्की सरकार ने 2013 में आईएस को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया था।

ईरानी राजदूत पर हमला करने के आरोप में लंकाई व्यवसायी गिरफ्तार

कोलंबो, 20 मई (एजेंसियां)। यहां के एक शॉपिंग मॉल की कार पार्किंग के अंदर कार पार्क करने को लेकर हुए झगड़े के बाद पुलिस ने ईरानी राजदूत को कुचलने की कोशिश करने के आरोप में 33 वर्षीय एक स्थानीय व्यवसायी को गिरफ्तार किया और उसे सोमवार को अदालत में पेश किया। श्रीलंका की एक अदालत ने सोमवार को व्यवसायी पर हत्या के प्रयास का आरोप तय किया। व्यवसायी ने पिछले सप्ताह पार्किंग को लेकर विवाद के बाद देश में ईरान के राजदूत अलीरेजा डेलखोश पर हमला किया था। पुलिस जांचकर्ताओं ने अदालत को सूचित किया कि संदिग्ध ने एक कार पार्क में विदेशी राजनयिक के साथ बहस की थी और बाद में राजदूत की गर्दन पकड़ ली थी और उन पर वार भी किया था।कोलंबो में रहने वाले व्यापारी ने घटना के बाद अपने वाहन से भागने की कोशिश की, लेकिन राजदूत ने कार के बोनट पर हाथ रखकर उसे रोक दिया।

हालांकि, संदिग्ध व्यापारी गाड़ी चलाता रहा, एंबेसेडर को कार के बोनट पर फेंक दिया और लगभग 15 मीटर तक ऊपर उछाल दिया, जब तक कि कई दर्शकों और मॉल के सुरक्षा कर्मचारियों ने हस्तक्षेप नहीं किया। बाद में संदिग्ध को हमले और हत्या के प्रयास के संदेह के तहत एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। ईरान और श्रीलंका के बीच छह दशकों से अधिक समय से घनिष्ठ राजनयिक संबंध हैं। तेहरान ने 1975 में कोलंबो में अपना मिशन शुरू किया था। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने पिछले महीने श्रीलंका का दौरा किया था। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हुए पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। उनका रविवार को एक हेलीकॉप्?टर दुर्घटना में निधन हो गया।

वर्ग पहेली 6561

१		२		■	■	३		४	
	■		■	५			■		■
६					■	७			८
	■		■	९			■	■	
■	१०		११		■	■	१२		
■		■		■	१३			■	
१४		१५		■		■	■	१७	
	■		■	१८		१९	■		■
२०			■		■	२१			२२
	■	२३					■	■	

बायें से दायें:-

१. धीरे-धीरे
३. बाधाओं को दूर करने वाला, गणेश
५. राहगीर, बटोही
६. कड़वी बात
७. हवा में इधर-उधर हिलाना
९. बंदरगाह, पोताश्राय, नगर
१०. आवागमन
१२. जलावन, जलाने की वस्तु
१३. विलकुल, नितांत
१४. पैरों की धूल
१६. समस्त संपूर्ण
१८. लेने वाला
२०. बागी
२१. विवेचक समीक्षक
२३. मनुष्य की खोपड़ी

ऊपर से नीचे:-

१. चंद्रकला
२. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
३. किसी के खाते में खर्च की ओर डाली गई रकम
४. वधिक
५. फिर से स्वस्थ होना, पल्लवित होना
८. हाव-भाव (उर्दू)
१०. स्वतंत्र, मुक्त (उर्दू)
११. उप-पति से उत्पन्न संतान
१२. आयताकार सांचे में टाट का पकाया गया मिट्टी का टुकड़ा
१३. आवश्यक रकम लेकर वांछित वस्तु देने या काम पूरा करने का लिखित वादा
१४. विकसित, प्रस्फुटित
१५. नीरस
१७. हिम्मत
१८. धन, संबंधी, माली
१९. आज्ञापालन, अमल करना (उर्दू)
२२. तकलीफ

वर्ग पहेली-6560

१ श	शि	२ कां	त	■	■	३ अं	ध	४ का	र
त	■	ति	■	५ कु	त्सि	त	■	र	■
६ प	त्थ	र	दि	ल	■	७ रि	क्थ	क	८ र
दी	■	हि	■	९ दे	हां	त	■	■	सा
■	१० अ	त	११ ए	व	■	■	१२ वि	मु	ख
■	ग	■	कां	■	१३ त	था	पि	■	न
१४ स	ला	१५ म	त	■	त्स	■	१६ न	१७ फा	■
वि	■	हा	■	१८ सु	म	१९ न	■	स	■
२० न	क्का	रा	■	ग	■	२१ वा	र्ता	ला	२२ प
य	■	२३ ज	ग	म	दा	ना	■	■	र

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

आज का इतिहास

1502 – पुर्तगाल के जोआओ दा नोवा ने दक्षिण अटलांटिक महासागर में सेंट हेलेना द्वीप की खोज की।
1819 – अमेरिका के न्यूयार्क शहर की सड़कों पर पहली बार साइकिल देखी गई इसे स्विफ्ट वॉकर कहा जाता था।
1840 – न्यूजीलैंड को ब्रिटेन का उपनिवेश घोषित किया गया।
1851 – दक्षिण अमेरिका के कोलंबिया में गुलामी प्रथा समाप्त हुई।
1881 – अमेरिकी रेड क्रॉस संस्था की स्थापना।
1904 – पेरिस में फुटबाल की सर्वोच्च संस्था अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की स्थापना।
1918 – अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने महिलाओं को मतदान की अनुमति दी।
1927 – अमेरिका के एक पायलट चार्ल्स लिंडनबर्ग ने एक छोटे से विमान से न्यूयार्क से पेरिस के बीच बिना रूके पहली अटलांटिक पार उड़ान भरी।
1929 – कलकत्ता और बेंगलूर के बीच भारत की पहली एयर कार्गो सेवा की शुरूआत।
1935 – क्वेटा शहर – अब पाकिस्तान में– भूकंप में बुरी तरह तबाह. 30 हजार से अधिक लोगों की मौत।
1961 – दक्षिण अफ्रीका के अलाबामा के मोंटगुमरी शहर में श्वेत और अश्वेत लोगों के बीच टकराव। रंगभेद का विरोध करने वाले डा. मार्टिन लूथर किंग की सभा के दौरान श्वेत लोगों द्वारा हंगामा करने से झगड़ा शुरू हुआ।
1971 – प्रसिद्ध निर्देशक, स्क्रिप्ट लेखक आदित्य चोपड़ा का जन्म।
1991 – तमिलनाडु के श्रीपेरम्बदूर में आत्मघामी बम हमले में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या।
1994 – सुष्मिता सेन मनीला में संपन्न 43वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता की विजेता बनीं।

मांग *फिलिस्तीन में नरसंहार बंद करो के लगाए नारे*

ब्रसेल्स में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

ब्रसेल्स, 20 मई (एजेंसियां)। गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करते हुए विभिन्न यूरोपीय देशों के हजारों प्रदर्शनकारियों ने ब्रसेल्स में प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों ने 'फिलिस्तीन में नरसंहार बंद करो', 'प्रतिरोध' और 'फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता' जैसे नारे लगाते हुए गारे डु नॉर्ड से यूरोपीय क्वार्टर में प्लेस जीन रे तक रविवार को जूलूस निकालकर प्रदर्शन किया है। बेल्जियम-फिलिस्तीनी एसोसिएशन, फ्रेंच और डच भाषी अम्ब्रेला संगठन सीएनसीडी-11.11.11 और फिलिस्तीनी समूह सहित नागरिक समाज संगठनों द्वारा

आयोजित प्रदर्शन में लगभग 40,000 प्रदर्शनकारियों ने हिस्सा लिया। आयोजकों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्थायी युद्धविराम का रास्ता निकालने, नागरिकों की रक्षा करने और बंधकों को मुक्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने गाजा पट्टी की नाकाबंदी को समाप्त करने और फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए बढ़ावा देने की भी मांग की। वोलुवे सेंट-लैंबर्ट में सीएनसीडी-11.11.11 के अध्यक्ष जॉर्जेस डी स्मुल ने कहा कि इस मुद्दे का मुख्य कारण है कि 70 वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं दी थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिलिस्तीन को देश का दर्जा पाने का वैध अधिकार है। इसके अलावा, संगठनों ने यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देशों से इजरायल पर पूर्ण अंतरराष्ट्रीय सैन्य प्रतिबंध लगाने और उसके खिलाफ आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाने का

■ इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35,386 तक पहुंची

आग्रह किया। बेल्जियम-फिलिस्तीनी एसोसिएशन के प्रवक्ता ग्रेगरी माउज ने कहा कि यूरोपीय संघ इजरायल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और सक्रिय भूमिका निभाने और अधिकांश अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और गैर सरकारी संगठनों द्वारा इस नरसंहार रोकने के लिए दबाव बनाने का महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। गौरतलब है कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजरायल-हमास का संघर्ष शुरू होने के बाद से बेल्जियम में बड़े पैमाने पर छठा विरोध प्रदर्शन हुआ है। आयोजकों ने आशा व्यक्त किया कि अंतरराष्ट्रीय दबाव से युद्धविराम और फिलिस्तीनी आबादी को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि गाजा में हो रहे इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35,386 तक पहुंच गयी है।

दुनिया को जानें

जापान में भालू के हमले से पुलिसकर्मी घायल

टोक्यो, 20 मई (एजेंसियां)। उत्तरी जापान के अकिता प्रान्त में स्थानीय जंगल से एक लापता व्यक्ति का शव बरामद करते समय भालू के हमले में दो पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जापानी मीडिया ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी। जापानी एनएचके प्रसारक के अनुसार पुलिस कर्मियों को कजुनो शहर के जंगल में शनिवार को एक मृत व्यक्ति की सूचना मिली। जिसके बाद, वे घटनास्थल पर पहुंचकर शव बरामद करके ले जा रहे थे। उसी दौरान भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में अधिकारियों को गंभीर चोटें आयीं। प्रसारक के मुताबिक जंगल में मृत पाया व्यक्ति कुछ दिन पहले पहाड़ों में बांस की टहनियों काटने गया था। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि व्यक्ति की मौत भालू के हमले के कारण हुई या नहीं। अकिता प्रांतीय पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि वे घर से बाहर निकलते समय भालू के हमले से बचने के लिये अपने पास शोर पैदा करने वाले उपकरण रखें, जिससे भालू डरकर भाग जाये। उन्होंने लोगों से रात में बाहर न निकलने का भी अनुरोध किया है।

प्रादेशिकी

अब तक 10890 मतदाताओं ने दिया होम वोटिंग का विकल्प: डीसी

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र में 10890 मतदाताओं को होम वोटिंग के लिए विकल्प दिया है। इसमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 7409 तथा 3481 दिव्यांग मतदाता घर से वोट डालेंगे। उपायुक्त बैरवा ने बताया कि 21 मई से लेकर 26 मई तक सहायक निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से होम वोटिंग के लिए पोलिंग दल भेजे जाएंगे तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार होम वोटिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी इस बाबत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि निष्पक्ष तौर पर होम वोटिंग करवाई जा सके। उन्होंने बताया कि पोलिंग दल 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के साथ-साथ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने के लिए घर-घर दस्तक देंगें। है। उन्होंने कहा कि एक बार अगर मतदाता किसी कारण घर पर नहीं होता है तो टीम दूसरी बार मतदाता के घर पहुंच कर मतदान करवाएगी।

बिकने और खरीदने वालों को सबक सिखाएंगी जनता : सुक्खू

शिमला, 20 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज चम्बा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा

- भंजराडू में लगे जनबल जीतेगा, धनबल हारेगा के नारे
- चम्बा जिले में मुख्यमंत्री ने आनंद शर्मा के पक्ष में किया प्रचार

के पक्ष में प्रचार किया और लोगों से आनंद शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। भंजराडू में एक विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा पिछले 15 सालों से कांगड़ा लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करती आ रही है लेकिन भाजपा के सांसद कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में नाकाम सिद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी ने दिग्गज नेता आनंद शर्मा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा पहले भी हिमाचल प्रदेश के मुद्दों की पैरवी करते रहे हैं और लोकसभा

सांसद के रूप में इस लोकसभा क्षेत्र की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा संसद में हिमाचल प्रदेश के हितों की मजबूती के साथ पैरवी करेंगे। ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस बार का चुनाव देश और प्रदेश की आने वाली राजनीति को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 6 विधायकों को भारतीय जनता पार्टी ने खरीदा है तथा यह चुनाव खरीद फरोख्त की राजनीति को करारा जवाब देने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इस बार बिकने वाले विधायकों के साथ साथ खरीददार पार्टी को भी कड़ा सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायक भी बिके हैं और दूसरी किश्त पाने के लिए अपना इस्तीफा स्वीकार कराने के लिए विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास धनबल नहीं है और जनता की ताकत ही कांग्रेस पार्टी की ताकत है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर का सिला-सिलाया कोट दर्जी के पास ही रह जाएगा।

जनता की ताकत को चुनौती दे रहे जय राम : मुख्यमंत्री

शिमला। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में चम्बा जिले के सलूणी में एक विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि आनंद शर्मा ने बतौर केन्द्रीय मंत्री हिमाचल प्रदेश को बहुत कुछ दिया है। कांगड़ा में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फैशन टैक्नोलजी, नादौन में सपाईस पार्क, शिमला में पासपोर्ट ऑफिस आनंद शर्मा ही लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि चम्बा का मेडिकल कॉलेज भी कांग्रेस पार्टी की ही देन है और इसका नाम भी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम पर रखा गया है। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से आनंद शर्मा को बड़े अंतर से विजयी बनाने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी का मानसिक संतुलन बिगड़ता जा रहा उन्हें आराम की जरूरत : विक्रमादित्य

शिमला, 20 मई (देशबन्धु)। मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ज्यू ज्यू मतदान की तारीख नजदीक आ रही है त्यों त्यों यहां से भाजपा प्रत्याशी का मानसिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है,उन्हें अब आराम की जरूरत है ।उन्होंने कहा है कि जो कुछ डायलॉग उन्हें बोलने थे,वह बोल चुकी है। अब स्क्रिप्ट खत्म हो चुकी है और उनका पैकअप चल पड़ा है। आज मण्डी जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के टकोली,शिवा बदार, कटौला व भ्यूली में अपनी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कंगना पर वार करते हुए कहा कि कुर्सी से चिपकना उनके रक्त में नही ंहै। लोकतंत्र में जनता ही किसी को कुर्सी पर बैठाती है। उन्होंने कहा कि शायद कंगना ने यह डायलॉग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य भाजपा नेताओं के लिए ही बोला है जो पिछले 10 सालों से प्रधानमंत्री पद पर है और अबकी बार 400 का नारा देकर फिर इसी कुर्सी पर बैठना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंगना अपनी हार को सामने देख पूरी तरह से हताश व निराश हो गई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह मण्डी लोकसभा के चुनावों में एक विजन के साथ लोगों के बीच जा रहें है,जबकि भाजपा की प्रत्याशी अपना कोई भी विजन नही बता रही है। वह तो केवल प्रधानमंत्री के नाम का जाप ,उनका गुणगान ,उन्हें विष्णु व राम का अवतार बता कर लोगों से वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि कंगना की सांसद बनने की इच्छा कभी पूरी होने वाली नही क्योंकि लोग अंधभक्ति पर नही काम पर विश्वास करते है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सांसद बनने के बाद उनकी प्राथमिकताओं में इस संसदीय क्षेत्र को देश का नंबर बन संसदीय क्षेत्र बनाने का है। मण्डी को स्मार्ट सिटी, पर्यटक स्थलों का विकास,युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकताओं में है।

मंदिरों में जा रही हैं कंगना, उनकी सफाई करवाना जरूरी : विक्रमादित्य

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत को लेकर तीखा जुबानी हमला बोला है। श्री सिंह ने देव समाज का हवाला देते हुए कहा कि आज कंगना जिन-जिन मंदिरों में जा रही है, उन मंदिरों की साफ-सफाई करवाना जरूरी है। यह बात श्री सिंह ने देव नीति व देव संस्कृति का हवाला देते हुए द्रंग विधानसभा के टकोली में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कंगना के खान पान को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें हो रही हैं, उससे देव समाज व देव नीति के लोग आहत हैं। देव नीति के विपरीत कई तरह के प्रहार कर देव समाज को कलंकित करने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। देवभूमि में रहकर प्रदेश के लोग देव नीति पर निष्ठा व विश्वास रखते हैं।

सार संक्षेप

भाजपा ने कांग्रेस की गुंडागर्दी के काज़ा प्रकरण पर चुनाव आयोग से की शिकायत

शिमला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एंव पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से काज़ा प्रकरण पर शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत में भाजपा ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन व हिमाचल प्रदेश चुनाव आयोग प्रदेश सरकार के दवाब में आकर काम कर रहा हैं। भाजपा ने मांग की कि इस प्रकरण में शामिल कांग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाई की जाए व इस मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग भी चुनाव आयोग से की है। आयोग से शिकायत करने वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक सुशील राठौर, जिला मीडिया प्रवक्ता विवेक शर्मा, प्रदेश अधिवक्ता संयोजक अंशुल बंसल भी शामिल थे।

बड़ा भंगाल के मतदाताओं की सुविधा के लिए सहायक मतदान केंद्र : बैरवा

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि चुनाव आयोग ने राज्य निर्वाचन विभाग को कांगड़ा जिला के 20-बैजनाथ (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र 99-बड़ाभंगाल, जिसमें कुल 469 मतदाता पंजीकृत के लिए सहायक मतदान केन्द्र (ऑक्सिलरी पोलिंग स्टेशन) बनाने की अनुमति प्रदान की है। श्री बैरवा ने बताया कि कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र में 1910 पोलिंग बूथ तथा एक सहायक मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा जिला के अति दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में पोलिंग बूथ स्थापित करने तथा पोलिंग पार्टियों के पहुंचाने के लिए व्यवस्था कर ली गई है।

ऊना में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

ऊना। हिमाचल प्रदेश के जन्नत होटल संतोषगढ़ के समीप ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठे दो अन्य युवक घायल हुए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गुरप्रीत सिंह निवासी नंगल, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दमन सैणी निवासी संतोषगढ़ रविवार रात गुरप्रीत व गुरदीप सिंह निवासी नंगल, पंजाब के साथ बाइक पर सवार होकर अपने निजी काम से अजौली आए थे।

सुडोकू 6561 का हल

7	8	1	6	3	9	4	5	2
4	5	6	8	1	2	3	7	9
3	2	9	4	7	5	6	1	8
5	1	3	9	2	8	7	6	4
8	6	2	1	4	7	9	3	5
9	7	4	5	6	3	2	8	1
1	9	7	2	8	6	5	4	3
2	3	8	7	5	4	1	9	6
6	4	5	3	9	1	8	2	7

12 की सीबीएसई परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए

नोएडा। उत्तर प्रदेश मेंग्रामीण विद्यार्थियों के विकास के लिए समर्पित लीडरशिप एकेडमी, विद्याज्ञान ने आज सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अपने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बारे में बताया। इस स्कूल के बुलंदशहर और सीतापुर परिसरों से कक्षा 12 की परीक्षा में बैठने वाले कुल 144 विद्यार्थियों में से 86 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। विद्याज्ञान, बुलंदशहर से अर्पित बालियान ने विज्ञान में 97.50 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। वो हाल ही मेंजेईई मेन्स और एनडीए की परीक्षा में भी सफल हो चुके हैं। विद्याज्ञान के पूर्वछात्र, कैप्टन अनुज धारीवाल से प्रेरणा पाकर अर्पित का झुकाव सेना की ओर है। अर्पित के साथी उन्हेंप्रॉब्लम-सॉल्वर के रूप में जानते हैं, और वो स्कूल में अपनेजूनियर्स का मार्गदर्शन भी करते हैं। अर्पित के बाद विद्याज्ञान, बुलंदशहर की अमृता औरविद्याज्ञान सीतापुर की रागिनी तिवारी ने क्रमशः विज्ञान और मानविकी में 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

चुनावी नतीजों के बाद कांग्रेस के शहज़ादे चले जाएंगे छुट्टी पर विदेश : सुरेश कश्यप

नाहन/सिरमौर, 20 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा सांसद एंव प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के नोहरी और रूग बखोटा में जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस के शहज़ादे छह जून को छुट्टी पर विदेश चले जाएंगे। चुनाव नतीजों के साथ ही कांग्रेस का सूपड़ा पूरे देश से साफ हो जाएगा। श्री कश्यप ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव का आज पांचवा चरण शुरू हो चुका है और अभी दो और चरणों में चुनाव होना बाकी हैं तथा यह भी स्पष्ट दिखाई देता है कि जिस प्रकार से राहुल गांधी को हार मिलने के बाद अमेठी सीट छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ना पड़ा, यह उनके डर को दिखाता है। उन्होंने दावा किया कि इस बार गांधी रायबरेली से भी चुनाव हारने वाले है। श्री गांधी रायबरेली को अपनी पुशतैनी सीट समझ कर वहां से चुनाव लड़ रहे है, परन्तु उन्हें यह समझना चाहिए कि सीट किसी की जागिर नहीं होती। जनता ही तय करेगी की उनका प्रतिनिधत्व संसद में कौन करेगा? जनता आज राहुल गांधी से यह पूछना चाहती हैं कि कोरोना काल में उन्होंने, उनकी माता व उनकी बहन ने क्या किया और आज वह किस मुंह से चुनावों में वोट मांगने जनता के बीच जा रहें है? श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के नेता कह रहे है कि हमें पाकिस्तान के साथ मिलकर चलना चाहिए क्योंकि उनके पास एटम बम है। कांग्रेस के नेता देश को डराना चाहते है, परन्तु हम उनकों बताना

> कांग्रेस के नेता कह रहे है कि हमें पाकिस्तान के साथ मिलकर चलना चाहिए क्योंकि उनके पास एटम बम है : सुरेश कश्यप

चाहते है कि जो पाकिस्तान 70 साल से हमे बम का गोला दिखाकर डराने का काम करता था आज उसके हाथ में भीख का कटोरा हैं। कांग्रेस का इतिहास हमारी सेनाओं और फौजियों को धोखा देने का रहा हैं। देश का सबसे बड़ा घोटाला कांग्रेस ने सेना में ही किया था। कांग्रेस जब तक सत्ता में रही, तब तक हमेशा नए-नए घोटाले कर इस ट्रैक रिकार्ड को स्थापित करती रही।

प्रदेश के लोग कंगना पर हुए हमले का देंगे जवाब : जयराम

काज़ा/कुल्लू, 20 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि काज़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंची भारतीय जनता पार्टी की मंडी से लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत, विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी रवि ठाकुर और अन्य नेताओं के ऊपर कांग्रेस की ओर से किए गया हमला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। श्री ठाकुर ने काज़ा से सोमवार को जारी बयान में कहा कि देश और प्रदेश भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिल रहे अपार जन समर्थन से कांग्रेस हतोत्साहित है और इस तरह के कायराना कृत्य पर उतर आई है। कांग्रेस के लोग यह याद रखें कि प्रदेश के लोग देवभूमि की बेटी के खिलाफ़ हुए इस कायराना हमले को कभी माफ़ नहीं करेंगे। लोक सभा के चुनाव में कांग्रेस को इस बात का जवाब मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को भाजपा चुनाव आयोग के सामने रखने के साथ क़ानूनी पहलुओं पर विचार करेगी और सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई की माँग करेगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब से भाजपा ने देवभूमि का देश दुनिया में नाम करने वाली हिमाचल की बेटी व बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को मंडी से लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाया है तब से कांग्रेस उनके खिलाफ़ अमर्यादित प्रचार कर रही है।

एम्स की आयोजित एमडी परीक्षा में नकल कराते 5 गिरफ्तार

देहरादून, 20 मई (देशबन्धु)। ऑल इण्डिया स्तर पर एम्स की आयोजित एमडी परीक्षा में नकल कराते पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए लोगों मे दो एम्स के चिकित्सक भी शामिल है। जिनके कब्जे से मोबाइल फोन, तीन टैब व मेडिकल से सम्बन्धी पुस्तकें बरामद की गयी है। सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिहं ने बताया कि ऑल इण्डिया स्तर पर आयोजित एम्स की एमडी परीक्षा के दौरान नकल माफियाओं के सक्रिय होने तथा देहरादून से अन्य प्रान्तों में स्थित परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान परिक्षार्थियों को अनुचित माध्यमों से नकल कराये जाने की गोपनीय सूचनाएं प्राप्त हुई थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए उस पर रोक लगाने के लिए एसओजी सहित एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने एक सूचना के आधार पर बीते रोज बैराज रोड से एक टाटा सफारी में बैठे 5

- दो डॉक्टर भी शामिल, नकल कराने के लिए थे 50 लाख रूपए

व्यक्तियों को ऑल इण्डिया स्तर पर आयोजित एम्स की एमडी परीक्षा (इंस्टीट्यूट आफ नेशनल इंपोर्टेंस कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट जुलाई 2024) में गैर प्रान्त कांगडा हिमांचल के परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन एवं टैब के माध्यम से प्रश्न पत्रों के सॉल्वड उत्तर उपलब्ध कराते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अजीत पुत्र स्वर्गीय सतवीर सिंह निवासी जिला जींद हरियाणा, अमन शिवाच पुत्र अर्जुन निवासी विकास कॉलोनी रोहतक हरियाणा, वैभव कश्यप पुत्र संजीव कश्यप निवासी अंबिका एनक्लेव सनौर पटियाला पंजाब, विजुल गौरा पुत्र गोविंद लाल निवासी पटेल नगर जिला हिसार हरियाणा, जयंत पुत्र प्रकाश निवासी मकान डिफेंस कॉलोनी जिला हिसार हरियाणा बताये। गिरफ्तार लोगों में से 2 एम्स ऋषिकेश के चिकित्सक है, जिनके द्वारा परिक्षार्थियों को प्रश्न पत्रों के सॉल्वड उत्तर बताये जा रहे थे। पूछताछ में मुख्य आरोपी अजित द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा आज प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित एम्स की एमडी परीक्षा में हिमांचल इन्सीटयूट आफ इनजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी, विध्यानगर, नियर गर्वनमेंट डिग्री कॉलेज शाहपुर, जिला कांगडा, हिमांचल प्रदेश में स्थित परीक्षा केन्द्र में परीक्षा दे रहे 3 अभ्यर्थियों को परीक्षा में नकल करायी जा रही थी, परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र में बैठे परिक्षार्थियों द्वारा उन्हें अपने मोबाइल से प्रश्न पत्रों की फोटो खींचकर टेलीग्राम के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही थी, जिसका उत्तर उनके द्वारा टेलीग्राम पर बनाये गए ग्रुप के माध्यम से परिक्षार्थियों को उपलब्ध कराया जा रहा था। प्रश्न पत्रों के उत्तर सॉल्वड कराने के लिये उनके द्वारा एम्स अस्पताल के डॉक्टर वैभव जेआर व एक अन्य डॉक्टर अमन को हायर किया गया था, डा. अमन आरोपी के एक दोस्त की मौसी का लडका है।

मसूरी के शिखर फॉल के पास थार खाई में गिरने से दो की मौत, तीन घायल

देहरादून, 20 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड के देहरादून में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां शिखर फॉल के पास थार गाड़ी गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में एक युवती समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। हादसे का

- मृतकों के शव थाना राजपुर पुलिस को सौंपे
- मृतकों में एक मर्चेंट नेवी में है कार्यरत

कारण ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों का ग्रुप रविवार को मसूरी घूमने गया था। सुबह मसूरी से लौटते वक्त ये लोग शिखर फॉल गए थे। बताया जा रहा है कि शिखर फॉल से लौटते वक्त ही राजपुर थाना क्षेत्र में थार गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया था। इसी वजह से ड्राइवर का गाड़ी के नियंत्रण खो गया और गाड़ी सीधे गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तत्काल

घटनास्थल पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने खाई में उतरकर कार सवार पांचों लोगों का रेस्क्यू किया और उन्हें ऊपर सड़क पर लाए। इसके बाद सभी को पास के हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक महिला समेत दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में जान गंवाने वालों में 30 साल से आयुष शर्मा है, जो मर्चेंट नेवी में कार्यरत थे। आयुष शर्मा देहरादून के डालनवाला के ही रहने वाले थे। युवती का नाम अवनी कुकरेती था, जिसकी उम्र 29 साल थी। अवनी कुकरेती कौलागढ़ की रहने वाली थी और मसूरी रोड पर उनका अपना कैफे है। 29 साल के सागर नरूला निवासी दिल्ली, 33 साल के युवराज सिंह मसूरी रोड स्थित कैफे का संचालक निवासी कालीदास रोड और ईशा निवासी धर्मपुर देहरादून हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।

श्रद्धालुओं के लिए खुल गए भगवान रुद्रनाथ के कपाट

- शुक्रवार को रुद्रनाथ मंदिर पहुंच गई थी डोली

चमोली, 20 मई (देशबन्धु)। भगवान रुद्रनाथ जी के मंदिर में भगवान शिव के मुखारबिंद के दर्शन होते हैं। भगवान रुद्रनाथ जी का शीतकालीन गद्दी स्थल गोपेश्वर स्थित भगवान गोपीनाथ के मंदिर में है। यहां से भगवान रुद्रनाथ की डोली बीती 16 मई को रुद्रनाथ के लिए प्रस्थान कर गई थी। दो पड़ावों में रात्रि विश्राम करने के पश्चात डोली 17 मई को ही रुद्रनाथ मंदिर पहुंच गई थी। जिसके बाद आज सुबह भगवान रुद्रनाथ जी के कपाट खोल दिये गये

हैं। चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ की डोली यात्रा ब्रह्ममुहूर्त के बाद पहले पड़ाव ल्वींटी बुग्याल से रुद्रनाथ मंदिर पहुंच गई थी। इस दौरान श्रद्धालुओं सहित स्थानीय हक-हकूकधारियों में खासा उत्साह था। शनिवार को ब्रह्ममुहूर्त में रुद्रनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनाथ खोल दिए गए। उच्च हिमायली क्षेत्र में स्थित चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर की यात्रा अति दुर्गम मानी जाती है। गोपेश्वर के निकट सगर गांव से 22 किमी पैदल यात्रा कर भगवान रुद्रनाथ के मंदिर पहुंचा जा सकता है। रुद्रनाथ मंदिर में भगवान के मुख के दर्शन होते हैं। पंचकेदारों में चतुर्थ केदार के रूप में माने जाने वाले रुद्रनाथ मंदिर में शिव ने पांडवों को मुख के दर्शन दिए थे। यहां ग्रीष्मकाल में कपाट खुलने के बाद छह माह तक पूजा अर्चना होती है, जबकि शीतकाल में गोपेश्वर के गोपीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना होती है। शुक्रवार सुबह ब्रह्ममुहूर्त में इस यात्रा के पहले पड़ाव ल्वींटी बुग्याल में पुजारी वेद प्रकाश भट्ट ने भगवान रुद्रनाथ की पूजा-अर्चना कर यात्रा को शुरू किया। दिनभर 11 किमी पैदल चलने के बाद यात्रा शाम को रुद्रनाथ

आज रांसी में रात्रि विश्राम करेगी मदमहेश्वर की डोली

चमोली। पैदल डोली यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त साथ चल रहे हैं। डोली का विभिन्न यात्रा पड़ावों पर भव्य स्वागत किया जा रहा है। भगवान मदमहेश्वर को न्याय के देवता के रूप में पूजा जाता है। मदमहेश्वर धाम में भगवान शिव के मध्य भाग की पूजा होती है। बदरी-केदार मंदिर समिति के वेदपाठी विश्वमोहन जमलोकी ने बताया कि 20 मई को आम भक्तों के लिये भगवान मदमहेश्वर के कपाट खोले जा रहे हैं। आज डोली रांसी और कल गौंडार गांव में रात्रि प्रवास करेगी।

आज रांसी में रात्रि विश्राम करेगी मदमहेश्वर की डोली

चमोली। पैदल डोली यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त साथ चल रहे हैं। डोली का विभिन्न यात्रा पड़ावों पर भव्य स्वागत किया जा रहा है। भगवान मदमहेश्वर को न्याय के देवता के रूप में पूजा जाता है। मदमहेश्वर धाम में भगवान शिव के मध्य भाग की पूजा होती है। बदरी-केदार मंदिर समिति के वेदपाठी विश्वमोहन जमलोकी ने बताया कि 20 मई को आम भक्तों के लिये भगवान मदमहेश्वर के कपाट खोले जा रहे हैं। आज डोली रांसी और कल गौंडार गांव में रात्रि प्रवास करेगी।

प्रादेशिकी

आठ बार मतदान करने वाला किशोर गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, 20 मई (देशबन्धु)। आठ बार बीजेपी के पक्ष में मतदान करने वाले किशोर के खिलाफ पुलिस नें मुकदमा दर्ज करनें के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लापरवाही पाए जाने पर पोलिंग टीम को निलंबित भी किया गया है। पुनर्मतदान की संस्तुति भी की गई है। दरअसल 13 मई को चौथे चरण के मतदान के दौरान के अलीगंज विधानसभा के अंतर्गत थाना नयागांव के ग्राम खिरिया पमारान बूथ संख्या 343 पर प्रधान अनिल ठाकुर के 17 वर्षीय पुत्र नें फर्जी मतदान लगभग 7 से 8 बार किया। जिसका वाकायदा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर खुद वायरल भी किया। वीडियो को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी नें अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट किया। जिसके बाद किशोर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया।

देश के संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हराना है : अखिलेश यादव

■ चुनावी सभा में इंडिया गठबंधन के समर्थन में की वोट देने की अपील

लखनऊ/बस्ती/सिद्धार्थनगर, 20 मई (देशबनधु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए सभी लोगों को मिल कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराना होगा। बस्ती के राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन को पूरे देश में अपार जनसमर्थन मिल रहा है। ये चुनाव संविधान बचाने का है। संविधान बचाने के लिए हर वर्ग के लोग इण्डिया गठबन्धन से जुड़ रहे है। भाजपा हताश और निराश हो गई है, इसलिए विभिन्ना प्रकार के जुमलेबाजी कर रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सभी सीटें हारने जा रही है। भाजपा हटेगी तभी संविधान बचेगा और देश तथा प्रदेश के लोगों को रोजगार मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जान-बूझकर पेपर को इसलिए लीक करा दिया जिससे यहां के नौजवान बेरोजगार रहे लेकिन अब यहां के नौजवान पेपर लीक कराने वाले लोगों को लीक करने जा रहे है। इण्डिया गठबन्धन ने तय किया है कि गरीब परिवार की महिलाओं को हम एक लाख

संविधान बचाने के लिए हर वर्ग के लोग इंडिया गठबंधन से जुड़ रहे हैं : अखिलेश यादव

रुपए प्रतिवर्ष उनके खाते में भेजेंगे जिस तरीके से भाजपा ने शिक्षामित्रों, नौजवानों, बेरोजगारों के ऊपर अन्याय किये है इनके लिए इण्डिया गठबन्धन अलग से बजट बनाकर इनके लिए बेहतर कार्य करेंगी और शिक्षामित्रों को शिक्षक भी बनायेगी। पौष्टिक आटा के साथ-साथ डाटा भी फ्री मिलेगा। यादव ने कहा कि प्रदेश की अस्सी सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा सरकार ने डराकर सभी लोगों को वैक्सीन लगवायी वैक्सीन से जान का खतरा बढ़ गया। हार्ट की समस्याएं हो रही है। इन लोगों ने वैक्सीन वालों से चन्दा वसूल लिया है। उन्होंने कहा कि बस्ती की मुण्डेरवा चीनी मिल को सरकार बनने के बाद चलाया जायेगा। सपा सुप्रीमो ने डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में जिला मुख्यालय पर बीएसए ग्राउंड में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कुशल तिवारी के पक्ष में भी जनसभा को सम्बोधित किया है।

पूरे प्रदेश में भाजपा हार रही चुनाव

सपा अध्यक्ष ने कहा पूरे प्रदेश में भाजपा चुनाव हार रही है। मैंने कई चरणों का चुनाव देखा है पहले चरण से सपा-कांग्रेस गठबन्धन लगातार चुनाव प्रचार में जुटी हुई है ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है कि जनता का गुस्सा भाजपा के खिलाफ बढ़ता जा रहा है ये लोग बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहते है लेकिन जनता ने इन्हें बदलने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि हमारी सरकार किसानों की हितैषी है तभी ये लोग किसानों के लिए काला कानून लाने जा रहे थे लेकिन किसानों के प्रदर्शन से भाजपा सरकार पीछे हट गई लेकिन इस प्रदर्शन में हजारों किसान शहीद हो गये। जब चुनाव आता है तो ये लोग किसानों की आय दोगुनी होने की बात करते है लेकिन दस वर्ष के भीतर इनकी आय दोगुनी तो नही हुई फिलहाल बीज,कीटनाशक, डीजल,पेट्रोल, किसान यंत्रों के मूल्यों में जरूर वृद्धि हुई है जिससे किसान मारा-मारा फिर रहा है।

मवाना मिल ने 55.64 करोड़ किया गन्ना मूल्य भुगतान

मवाना, 20 मई (देशबन्धु)। मवाना चीनी मिल ने चालू पेराई सत्र 2023-24 में 18 मार्च से 31 मार्च 2024 तक खरीदे गए गन्ने का 55.64 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को कर दिया है। अभी चीनी मिल पर किसानों का एक अप्रैल से 24 अप्रैल तक डाले गए गन्ने का भुगतान बकाया रह गया है। उधर मिल प्रबन्धन अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई नहीं करने के सम्बंध में किसानों को जागरुक कर रहा है। मवाना चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 में 18 मार्च से 31 मार्च 2024 तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान 55.64 करोड़ रुपये का समस्त गन्ना समितियों को भेज दिया गया है। गन्ना समितियों ने इस गन्ना मूल्य को किसानों के बैंक खातों में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गन्ना विकास कार्य के अन्तर्गत विभिन्न प्रचार प्रसार के माध्यम जैसे वॉल पेटिंग, एसएमएस, पम्पलेट और ग्राम बैठकें कर कृषको को गन्ना प्रजाति को.-0238 के लाल सड़न रोग से ग्रसित होने के बारे में जानकारी दी जा रही है। वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान ने बताया कि चोटी बेधक कीट की दूसरी पीढ़ी के मॉथ (तितली) 3-4 दिनो में गन्ने के प्रभावित कल्लों से निकल जायेगी व गन्ने की फसल को नुकसान करेगी, इसलिये किसान अपने-अपने खेंतो का निरीक्षण करें और 3-4 दिनो में कीट द्वारा प्रभावित कल्लों को जमीन की सतह से काटकर खेत से बाहर निकालकर नष्ट कर दें।

यूपी उद्योग व्यापार मंडल ने उठाया यातायात समस्याओं का मामला

■ एसपी ट्रैफिक से मिले पदाधिकारी सौंपा ज्ञापन
■ शहर में कई मुख्य चौराहों की बदली थी यातायात व्यवस्था
■ बदलाव के बाद भी ई-रिक्शा बन रहे परेशानी का कारण

मेरठ, 20 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद मेरठ का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर व युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अकरम गाजी के नेतृत्व में यातायात पुलिस अधीक्षक (यातायात) एसपी ट्रैफिक से उनके कार्यालय पर मिला और उनको लिखित रूप में समस्याएं बताई। जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर ने कहा की शहर में कई मुख्य चौराहों की यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है परंतु अभी भी काफी समस्याएं यातायात में आ रही है जिससे व्यापारियों को भी व्यापार करने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। युवा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अकरम गाजी ने कहा की जो ई रिक्शा/ऑटो शंभू दास गेट पर यातायात पुलिस द्वारा रोके जा रहे है जिसकी वजह से बच्चे बुजुर्ग महिलाओं को सवारी मिलने में बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है एवम व्यापारियों के व्यापार भी काफी प्रभावित हो रहे है , ई रिक्शा ऑटो को कम से कम हापुड़ अड्डा के पेट्रोल पम्प तक रोका जाए ताकि बच्चे बुजुर्ग महिलाओं व राहगीरों को किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े एवम व्यापारियों के व्यापार पर भी कोई प्रभाव ना पड़े। जिस पर एस पी ट्रैफिक महोदय ने आश्वासन दिया की आपकी समस्याओं पर जल्द ही विचार विमर्श कर आपकी समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

सार संक्षेप

मध्य गंग नहर किनारे स्थित होटल सील

मवाना। मध्य गंग नहर पटरी किनारे हस्तिनापुर रोड पर स्थित होटल पर पुलिस ने बीती रात बड़ी छापेमारी कर होटल को सील कर दिया। होटल में अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया और होटल से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें कई दिनों से इस होटल में अवैध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और गुप्त तरीके से मामले की जांच शुरू की गई। होटल में अनैतिक गतिविधियां हो रही थीं, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल छापेमारी का निर्णय लिया। होटल के प्रबंधक और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है और होटल को सील कर दिया गया है। इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं और जांच जारी है। इस छापेमारी के बाद स्थानीय लोगों में काफी हड़कंप मच गया है और वे पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

प्रसूता की मौत पर अस्पताल में किया गया हंगामा

फर्रुखाबाद। प्रसूता की मौत पर परिजनों नें लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। मौके पर पंहुची पुलिस नें मामले को शांत कराया। मृतका के स्वजनों नें पुलिस पर भी मिली भगत का आरोप लगाया है। परिजन बाद में बिना कानूनी कार्यवाही के लिए शव लेकर चले गये। पड़ोसी जनपद कन्नौज के सौरिख कबीरपुर निवासी 28 वर्षीय तराना पत्नी कामरान अली को प्रसब पीड़ा होनें होनें पर बढ़पुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। बीती रविवार की रात को 9 बजे उसने पुत्र को जन्म दिया। परिजनों नें आरोप लगाया की प्रसब के बाद से ही तराना की हालत बिगड़ गई। उसे परिजनों को देखनें तक नही दिया गया। उसने रात 11 बजे दम तोड़ दिया। प्रसूता की मौत पर परिजन आक्रोशित हो गए, उन्होंने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर थाना कादरी गेट पुलिस मौके पर पंहुची। परिजनों नें अस्पताल के बाहर शव रखकर जाम लगानें का प्रयास किया। पुलिस उन्हें समझाकर लोहिया अस्पताल ले आयी। परिजनों नें पुलिस पर मिली भगत का आरोप लगाया और पुलिस से नोकझोंक हुई। बाद में पुलिस के समझानें पर परिजन शव लेकर घर चले गए।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी पिता समेत पांच को उम्रकैद

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद की एक अदालत ने नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में लेखपाल पिता समेत पांच को उम्रकैद की सजा सुनाइ है जबकि पीड़िता की दादी को आठ वर्ष का कारावास की सजा से दंडित किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट राकेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह सजा सुनायी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के निवासिनी नाबालिग पीड़िता की मां प्रीती सिंह ने फतेहगढ़ कोतवाली में 20 जनवरी 2020 को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके पति प्रवेश सिंह तोमर एवं उसके दोस्तों ने नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

हस्तिनापुर खादर क्षेत्र में बंधा बनाने का विरोध, प्रदर्शन

मवाना, 20 मई (देशबन्धु)। हस्तिनापुर खादर क्षेत्र के अनेक किसानों ने बंधा बनाने जाने का विरोध करते हुए तहसील मवाना

■ तहसील मवाना में तहसील प्रशासन को दिया ज्ञापन

परिसर में प्रदर्शन किया, वहीं उन्होंने बंधे में जा रही खेती की जमीन के मुआवजे की मांग की। इस सम्बंध में सोमवार को तहसील प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। हस्तिनापुर खादर क्षेत्र के अनेक गांवों के किसान नैन सिंह, राजेन्द्र, परमवीर, कृष्णपाल, मित्रपाल, राजवीर, शिवकुमार, राजविंदर, अवतार सिंह, जरनैल सिंह, अशोक कुमार, कुंती देवी, सुरेन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश शर्मा, प्रवेश सोमवार दोपहर तहसील परिसर में पहुंचे और तहसील प्रशासन को दिये ज्ञापन में कहा कि उनके खेतों के बीच से बंधा बनाने के लिए जमीन ली जा रही है। इससे उनके खेत दो टुकड़ों में बट जायेंगे। इस कारण काफी जमीन अनउपजाऊ हो जाएगी। उनके परिवार की रोजा रोटी प्रभावि तहो जाएगी।

समुदाय विशेष के लोगों ने दलित परिवार पर किया हमला

■ खुलेआम लहराया तमंचे जान से मारने की नीयत से चलाई गोली
■ पीड़ित ने तीन नामदर्ज और साथ अज्ञात लोगों के खिलाफदी तहरी

मवाना, 20 मई (देशबन्धु)। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी समुदाय विशेष के कुछ लोगों ने दलित परिवार के घर में घुसकर तमंचे के बल पर मारपीट कर तमंचे से कई फायर किए। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। घटना के अनुसार, शुक्रवार की रात को कुछ लोग अचानक दलित परिवार के घर में घुस गए और तमंचों के बल पर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों ने न केवल शारीरिक हिंसा की, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

क्या कहती है पुलिस

थाना प्रभारी सुभाष सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। इस प्रकार की हिंसा को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। सामाजिक संगठनों ने दलित परिवार के समर्थन में आवाज उठाई है और न्याय की मांग की है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और विश्वास दिलाया है कि दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना मवाना में जातिगत हिंसा की एक और बानगी है, जो समाज में फैली असमानताओं और सामाजिक तनाव को उजागर करती है।

गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करना सुभारती के संस्कार: दीपक

मेरठ, 20 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ग्राम डूंगरावली स्थित पृथ्वी सिंह सुभारती जूनियर हाई स्कूल में छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन सुभारती ग्रामीण स्कूल एवं स्वास्थ्य केन्द्र के निदेशक दीपक गुप्ता एवं प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सुभारती ग्रामीण स्कूल एवं स्वास्थ्य केन्द्र निदेशक दीपक गुप्ता ने कहा कि सेवा करना इंसानियत के लिए बहुत जरूरी है और सुभारती विश्वविद्यालय एवं अस्पताल के द्वारा शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज उत्थान हेतु कार्य किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि शिविर में सुभारती अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 261 मरीजों जांच की गई। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों, स्टाफ एवं क्षेत्र के लोगों की जांच की गई। इस मौके पर सुभारती अस्पताल से नेत्र चिकित्सक डॉ.आयुष, सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीदीप, दंत चिकित्सक डॉ.हिमांशी, डॉ.फलक, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.सिन्धुरी, खुशबू रानी, प्रभात, गुंजाली, राजेन्द्र, चेतन, पारूल गुप्ता, रवि कुमार, राहुल कुमार का सहयोग रहा।

सीएटीसी-250 में कैडेटस् ने जाने आग बुझाने के तरीके

मेरठ, 20 मई (देशबन्धु)। बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क में 70 यूपी वाहिनी

एनसीसी मेरठ द्वारा आयोजित दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन एनसीसी कैडेट्स ने अपने दिन की शुरुआत पी टी एवं योग से की। इसके पश्चात् सूबेदार जोगिन्द्र सिंह के नेतृत्व में सीएचएम मुथप्पा, हवलदार दिवेन्द्र कुमार एवं हवलदार चौन सिंह ने कैडेट्स को चार कम्पनी एल्फा, ब्रावो, चार्ली, डेल्टा में बॉटकर 5.56 एम एम इन्सास राईफल के खोलने व जोड़ने के बारे में विस्तारपूवर्क समझाते हुए कठिन अभ्यास कराया। सूबेदार सुभाष चन्द के नेतृत्व में बी एच एम विनोद कुमार एवं सी एच एम पवन कुमार ने कैडेट्स को कम्पास को प्रयोग करने का तरीका सीखाते हुए उसके हिस्से पुर्जों एवं कम्पास की सहायता से दिशाओं का ज्ञात करने के विषय में विस्तारपूवर्क अवगत कराया। सूबेदार एस पी शर्मा के साथ सी एच एम जितेन्द्र कुमार, हवलदार कुलदीप सिंह एवं हवलदार सुभाष चन्द्र ने कैडेटस् को अलग अलग कक्षाओं के माध्यम से युद्व के समय अपने आप को दुश्मन से छुपाते हुए आड़ लेने का तरीका समझाते हुए आड़ लेने का अभ्यास कराया। ले मनीष कुमार एवं एन सी सी अधिकारी जूली सिंह ने कैडेटस् को नागरिक सुरक्षा संगठन एवं कैडेट्स के कतर्व्य' विषय पर व्याख्यान दिया। नायब सूबेदार प्रवीण ठाकुर के नेतृत्व में सी एच एम संजीव कुमार एवं कन्या कैडेट अनुदेशक लक्ष्मी ने कैडेट्स को संयुक्त रूप से एक साथ सेना में संचार हेतू प्रयोग किए जाने वाले साधनों एवं मोटोरोला वॉकी टॉकी सैट को प्रयोग करने का तरीका बताया।

जोगी समाज की बैठक का किया गया आयोजन

किठौर,20 मई (देशबन्धु)। किठौर में मुस्लिम जोगी समाज ने अपना चौधरी जोगी समाज का चौधरी किठौर जोगी समाज हनीफ चौधरी और सेक्रेटरी वासिल रुस्तम को नियुक्त किया है और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए

आबिद इसहाक पहुंच गए और बीच में खड़े आबिद इसहाक दोनों चौधरी और सेक्रेटरी को संभालते हुए मुबारकबा दी। जोगी समाज की मीटिंग में काफी लोग एकत्र हुए और सभी लोगों ने कंधा से कंधा मिलाकर साथ चलने का निर्णय किया कस्बे में जोगी समाज की बैठक का काफी असर रहा और लोग इधर-उधर चर्चा करते देखे गए।

ब्रिगेडियर बरूआ व कैप्टन पुष्पेन्द्र ने कैडेटों में भरा जोश

मवाना,20 मई (देशबन्धु)। कृषक इण्टर कालिज, मवाना परिसर में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना के तत्वावधान में कैम्प कमांडेंट कर्नल मृदुल मित्तल के निर्देशन में सोमवार को आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन कैडेट्स के प्रशिक्षण का असर साफ-साफ दिखाई देने लगा। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने बताया कि लगातार एक गोली एक दुश्मन ध्येय वाक्य को सार्थक करते कैडेट्स के हुनर को मेरठ की फायरिंग रेंज पर ग्रुप प्रशिक्षण अधिकारी कर्नल पारस तोमर ने बारीकी से परखा। वहीं दूसरी ओर 73 बटालियन के पूर्व कमान अधिकारी ब्रिगेडियर जेके बरूआ व बटालियन के एक्स कैडेट, कैप्टन पुष्पेन्द्र (से.नि.) ने कैडेट्स को अपने एनसीसी समयकाल के संस्मरण सुनाते हुए कैडेट्स में देशभक्ति की भावना जागृत कर सेना में सेवा देने के लिए प्रेरित

■ कर्नल पारस तोमर ने परखा कैडेट्स का हुनर

किया। इसी दौरान थल सैनिक कैम्प में चयन को लेकर कैडेट्स के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने पूर्ण उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अन्त में ब्रिगेडियर जेके बरूआ को डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट कर्नल शरद पाठक व कैप्टन पुष्पेन्द्र कुमार को सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

तैयारी *मतगणना की तैयारियों को लेकर बोले जिला निर्वाचन अधिकारी*

मतगणना की समस्त तैयारियां की जा रही हैं पूर्ण : मीणा

मेरठ, 20 मई (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना की तैयारी के संबंध में संबंधित नोडल अधिकारियों, एआरओ तथा मेरठ लोकसभा क्षेत्र व जनपद मेरठ की हस्तिनापुर, सरधना तथा सिवालखास से संबंधित लोकसभा क्षेत्र के समस्त प्रतिनिधि प्रत्याशी के साथ बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रत्याशियों के साथ मतगणना से संबंधित जानकारी साझा की गई तथा मतगणना केन्द्र पर की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा उनके द्वारा उनकी जिज्ञासा का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि समस्त मतगणना एजेंट समय से मतगणना स्थल पर पहुंचकर मतगणना कार्यवाही में सम्मिलित हो समस्त पार्टी प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतगणना की समस्त तैयारियां पूर्ण की

■ जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि व प्रत्याशीयों के साथ की बैठक

जा रही है। उन्होने डीआईओ एनआईसी को निर्देशित किया कि मतगणना के दौरान कोई भी दिक्कत न हो इसके लिए समस्त प्रत्याशी प्रतिनिधि का आवश्यक प्रशिक्षण कराया जाये। जिलाधिकारी ने मतगणना एजेंटो की विधानसभावार नियुक्ति व प्रशिक्षण, उनके पास जारी करना, मतगणना टेबिल, मतगणना में लगने वाले कर्मचारियों का प्रशिक्षण, काउंटिंग का राउंडवार एनाउन्समेंट, ऑब्जर्वर तथा आरओ के लिए व्यवस्थाएं, मतगणना की ससमय फीडिंग तथा उसका एनाउन्समेंट, पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती हेतु मतगणना टेबिल व कर्मचारियो का प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन सेंटर, साफ-सफाई, इंटरनेट, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, मतगणना स्थल पर विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, जलपान, बैठने की व्यवस्था, मीडिया सेंटर पर सुविधाएं आदि तैयारियो की समीक्षा करते हुये समस्त नोडल अधिकारियो को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कांत त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, समस्त एआरओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मेरठ लोकसभा क्षेत्र व जनपद मेरठ की हस्तिनापुर, सरधना तथा सिवालखास से संबंधित लोकसभा क्षेत्र के समस्त प्रतिनिधि/प्रत्याशी उपस्थित रहे।

ट्रांसफार्मर अनुरक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ईशा दुहन

मेरठ, 20 मई (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की मैनेजिंग डायरेक्टर ईशा दुहन ने हापुड, गाजियाबाद, लोनी, धामपुर बिजनौर एवं बबराला संभल में पावर ट्रांसफार्मर के अनुरक्षण कार्य में लापरवाही बरतने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर 8 अधिशासी अभियन्ता, 4 उपखण्ड अधिकारी, 4 सहायक अभियन्ता (मी.) एवं 4 अवर अभियन्ताओं को कारण बताओं नोटिस निर्गत किये गये है।

इसके अतिरिक्त गाजियाबाद में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बार-बार क्षतिगस्त होने से सप्लाई बाधित रही, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करने पर, उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता को आरोप पत्र निर्गत किए गए हैं। प्रबन्ध निदेशक की अध्यक्षता में डिस्काम मुख्यालय ऊर्जा भवन गेरठ, मे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में विद्युत सप्लाई की समीक्षा की गई।

संजय दत्त, काजोल, जैकी भगनानी और रकुल प्रीत ने डाला वोट

मुंबई, 20 मई (एजेंसियां)। संजय दत्त, काजोल, जैकी भगनानी और रकुल प्रीत सिंह ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को मुंबई में अपना वोट डाला। वोट डालने पहुंचे संजय ग्रीन और व्हाइट शर्ट में बेहद आकर्षक लग रहे थे। उन्होंने सनग्लासेस पहना हुआ था। उन्होंने फोटोग्राफरों को उंगली में लगी स्याही दिखाते हुए पोज दिए। वहीं, काजोल ने इंस्टाग्राम पर कार से अपनी एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में वह व्हाइट ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपना वोट डाल दिया है। फिल्म मेकर जैकी भगनानी और उनकी पत्नी व एक्ट्रेस रकुल एक साथ वोट डालने पहुंचे। जैकी ने ब्लू टी-शर्ट पहनी थी, वहीं रकुल ने मुंबई की गर्मी से बचने के लिए व्हाइट कलर की ड्रेस चुनी। वोट देने के बाद दोनों ने मीडिया और कैमरामैन के लिए पोज दिए। मुस्कुराते हुए नेहा धूपिया ने भी अपनी कार से वोटिंग इंक दिखाते हुए एक सेल्फी शेयर की।

ऋतिक ने पिता राकेश रोशन और बहन सुनैना के साथ डाला वोट

मुंबई। मुंबई में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में वोट डालने के लिए कड़ी धूप में बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन अपने पिता व फिल्म निर्माता राकेश रोशन और बहन सुनैना रोशन के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। एक वीडियो क्लिप में, ऋतिक ब्लैक टीशर्ट के साथ ग्रे पैंट और बेसबॉल कैप में नजर आए। वह बूथ पर अपनी उंगली पर स्याही लगवा रहे थे, वहीं बैकग्राउंड में उनके पिता राकेश रोशन, सुनैना से बात करते नजर आए। ऋतिक से पहले, गुलजार, जावेद अख्तर, सलीम खान, महेश भट्ट, अनिल कपूर, अनुपम खेर, डेविड धवन, अक्षय कुमार और गोविंदा, जैसे बॉलीवुड हस्तियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ऋतिक को पिछली बार स्क्रीन पर सिद्धार्थ आनंद की 'फाइटर' में देखा गया था, जिसमें स्टार कास्ट में दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी हैं।

सुनील शेट्टी और इमरान हाशमी ने भी किया मतदान

मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी ने सोमवार को मुंबई की भीषण गर्मी के बीच अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। एक्ट्रेस को व्हाइट शर्ट पहने देखा गया। उन्होंने अपने लुक को सनग्लासेस से पूरा किया। इससे पहले, सुनील शेट्टी ने अपने फॉलोअर्स के साथ एक वीडियो मैसेज शेयर किया और उनसे बड़ी संख्या में मतदान करने और चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनने का आग्रह किया। हाल ही में स्ट्रीमिंग फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया की भूमिका निभाने वाले एक्टर इमरान हाशमी ने भी सोमवार को मुंबई में अपना वोट डाला। वह ब्लैक वी-नेक टी-शर्ट पहनकर बांद्रा के माउंट मैरी चर्च मतदान केंद्र पर पहुंचे।

शाहरुख खान ने परिवार के साथ लोकतंत्र के महापर्व में लिया हिस्सा

मुंबई, 20 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण

के मतदान को लेकर आम लोगों के साथ-साथ बॉलीवुड हस्तियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। सिने जगत की कई बड़ी हस्तियां अपने परिजनों के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेते दिखीं। इस दौरान कइयों ने इस पल को तस्वीरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया और अपने प्रशंसकों से भी लोकतंत्र के इस महापर्व में एक जागरूक मतदाता के रूप में हिस्सा लेने की अपील की। इस बीच, बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान अपने बेटे अबराम और बेटी सुहाना खान के साथ मतदान करते हुए जाते दिखे।

नासिक में टमाटर व प्याज की माला पहनकर मतदान करने पहुंचे दो किसान

नासिक (महाराष्ट्र)। केंद्र सरकार की कृषि नीतियों के खिलाफ विरोध जताने के लिए सोमवार को दो किसानों ने अनोखा तरीखा अपनाया। वे टमाटर और प्याज की माला पहनकर निफाड शहर के नैताले में एक मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे। दोनों ने टमाटर और प्याज की माला पहनकर केंद्र सरकार की कृषि नीतियों के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध जताया। मतदान केंद्र में प्रवेश करने के पहले वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने दोनों को थोड़ी देर के लिए रोका और उनके माला की जांच की। इसके बाद उन्हें मतदान केंद्र में जाने दिया। मतदान के बाद दोनों किसानों ने केंद्र सरकार की नीतियों से असहमति जताते हुए कहा कि इस समय किसान बेहद परेशानी का सामना कर रहे हैं। हाल ही में इलाके में हुई बेमौसम बारिश और ओला गिरने के कारण उनकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। उन्हें अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

अन्नाद्रमुक को लोकसभा चुनाव में अधिक सीटें जीतने की उम्मीद

चेन्नई, 20 मई (एजेंसियां)। मौजूदा लोकसभा चुनाव में एआईएडीएमके को अधिक सीटें जीतने और अधिक वोट पाने की उम्मीद है। 2019 के लोकसभा चुनाव में, एआईएडीएमके ने केवल एक सीट जीती थी और 30.56 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। चेन्नई में पार्टी मुख्यालय में आयोजित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में पार्टी ने कम से कम 35 प्रतिशत वोट हासिल करने और सीटों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई। 2019 के लोकसभा चुनावों में, अन्नाद्रमुक के गठबंधन में भाजपा और पीएमके शामिल थे। इस बार के लोकसभा चुनावों में पार्टी ने स्वर्गीय विजयकांत की देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) के साथ गठबंधन किया है। अन्नाद्रमुक नेतृत्व को उम्मीद है कि पार्टी मौजूदा चुनावों में कम से कम चार से पांच सीटें जीतेगी। अन्नाद्रमुक के एक वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री ने बताया, 'अन्नाद्रमुक के पास जमीनी स्तर पर ताकत है और वह द्रमुक से लड़ सकती है। तमिलनाडु में लड़ाई केवल अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच है। सेंटर फॉर पॉलिसी एंड डेवलपमेंट स्टडीज के निदेशक सी. राजीव ने बताया कि 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम अन्नाद्रमुक और विशेष रूप से इसके महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) के लिए महत्वपूर्ण होंगे। राजीव ने कहा, 'अगर अन्नाद्रमुक अपने दावे के मुताबिक 35 प्रतिशत वोट शेयर हासिल कर लेती है, तब तो ठीक है, अन्यथा ईपीएस पर नेतृत्व परिवर्तन का दबाव बढ़ जाएगा।

आरजेडी ने साधा पीएम मोदी पर निशाना, कहा

बीजेपी देश का संविधान बदलना चाहती है

पटना, 20 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की विदाई तय कर चुकी है। प्रधानमंत्री अब राम मंदिर के बाद हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रहे हैं। ये लोग अब आरक्षण खत्म करने का भी मन बना चुके हैं। उन्होंने आगे कहा, 'इंडिया गठबंधन के सभी नेता लगातार इस बात का दावा कर रहे हैं कि एनडीए चार सौ पार का नारा इसलिए दे रही है, क्योंकि इन्हें संविधान बदलना है। आरक्षण खत्म करना है। इन्हें जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है।' मृत्युंजय तिवारी ने कहा, 'पीएम की पार्टी के ही नेता इस बात को कह रहे हैं कि ये चार सौ सीटें जनता से मांग ही इसलिए रहे हैं कि संविधान में संशोधन कर सकें, लेकिन इस देश की गरीब जनता इन्हें समझ चुकी है। इसलिए इन लोगों को आने वाले दिनों में माकूल जवाब मिलेगा। इस बार प्रधानमंत्री की विदाई इस चुनाव में तय है। यह चाहे जितना भी जोर लगा लें, चुनाव नहीं जीतने वाले।'

झांसी : चार आर्दश बूथों पर व्यवस्थाओं ने किया मतदाताओं को मंत्रमुग्ध

झांसी, 20 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में झांसी लोकसभा सीट पर झांसी महानगर में 1586 पोलिंग बूथों में बनाये गये चार आर्दश बूथों ने यहां सोमवार को मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांसी महानगर में चार बूथों जीआई, हाफिज सिद्दीकी, बीकेडी कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज को आर्दश बूथ के रूप में सजाने और संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली स्वीप अभियान की स्वीप की सदस्य डॉ नीति

■ झांसी जिला प्रशासन द्वारा अधिकतम मतदान कराए जाने के लिए मतदान केंद्रों में से चार आदर्श बूथों का निर्माण कराया था

शास्त्री ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत झांसी जिला प्रशासन द्वारा अधिकतम मतदान कराये जाने के लिए मतदान केंद्रों में से चार आर्दश बूथों का निर्माण कराया गया है। चार मॉडल बूथों को पहली बार इतने सुंदर , व्यवस्थित , विषय प्रधान सेल्फी पॉइन्ट के रूप में सजाया गया है। जीआईसी बूथ को झांसी दुर्ग के रूप में सजा धजा कर तैयार किया गया है। इस बूथ पर आने वाले मतदाताओं को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे वह झांसी के किले में मतदान करने जा रहे हैं। हाफिज सिद्दीकी स्कूल में बनाये गये मतदाता बूथ को बुंदेली कला एवं संस्कृति के रंगों से सजाया गया है द्वार से लेकर निकासी तक।

कंगना की वापसी का टिकट मतदाता कन्फर्म करेंगे : अग्निहोत्री

मंडी/सिराज, 20 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को कहा कि मंडी से भारतीय जनता पार्टी की टिकट लेकर आई फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी वापसी की टिकट भी करवा कर आई हैं और मंडी की जनता रिटर्न टिकट कंफर्म कर देगी। श्री अग्निहोत्री सिराज व नाचन विधानसभा क्षेत्र में मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि श्री सिंह बतौर सांसद मंडी क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाएंगे, मंडी लोकसभा क्षेत्र के विकास की भागडोर जनता श्री विक्रमादित्य को सौंपे। उन्होंने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह ने लगातार प्रदेश में लंबे समय तक सियासत करते हुए समूचे हिमाचल का विकास किया। उन्होंने कहा कि श्री वीरभद्र सिंह का पूरे हिमाचल में सम्मान है। वही मंडी के साथ उनका गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि इस रिश्ते को रानी प्रतिभा सिंह ने मजबूत किया और अब श्री विक्रमादित्य सिंह मजबूत रिश्ता बनाते हुए विकास को आगे बढ़ाएंगे।

वीरभद्र सिंह का मंडी के साथ उनका गहरा रिश्ता रहा है। इस रिश्ते को रानी प्रतिभा सिंह ने मजबूत किया और अब श्री विक्रमादित्य सिंह मजबूत रिश्ता बनाते हुए विकास को आगे बढ़ाएंगे: मुकेश अग्निहोत्री, उपमुख्यमंत्री

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने कैडर को साइड लाइन करके जिस प्रकार से कंगना रनौत को टिकट दिया उससे साफ है कि भाजपा पहले ही अपनी हर को स्वीकार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की टिकट लेकर आई कंगना अपनी वापसी की टिकट भी करवा कर आई हैं और मंडी की जनता रिटर्न टिकट कंफर्म कर देगी। उन्होंने कहा कि सिराज क्षेत्र में मुख्यमंत्री बने जयराम ठाकुर अपने क्षेत्र के विकास के लिए भी काम नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य अधूरे हैं ,बड़े संस्थान नहीं खोल पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार सिराज के विकास को भी आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर साजिश में शामिल रहे, सरकार को गिराने का प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा कि नया कोट पेंट सिलवाकर राज्यपाल के पास गए थे। उन्होंने कहा कि श्री जयराम ठाकुर को नया कोट पेंट नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी पहनना चाहिए।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास का मुद्दा है, रोजगार युवाओं को देना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है ,विकास पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा मुद्दों को इधर-उधर कर रही है, मुद्दों से भाग रही है।

बिहार में मतदाताओं में दिख रहा उत्साह, बैलगाड़ी व भैंस पर सवार होकर वोट डालने पहुंचे

पटना, 20 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर सोमवार को मतदान जारी है। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस चरण में भी बुजुर्ग, युवा, दिव्यांग मतदान केंद्र पहुंचे और मताधिकार का प्रयोग कर यह संदेश दिया कि मैंने तो लोकतंत्र के इस महापर्व पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया, आपने किया क्या? हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के कर्णपुरा मतदान केंद्र संख्या 274 पर दियारा क्षेत्र से कई मतदाता बैलगाड़ी पर सवार होकर पहुंचे और मताधिकार का प्रयोग किया। बैलगाड़ी पर सवार होकर मतदान करने पहुंची नैना देवी कहती हैं कि वह वोट देने को लेकर उत्साहित हैं और वोट देने पहुंची हैं। किस मुद्दे को लेकर वोट देंगी, प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह सब नहीं मालूम, लेकिन, वोट देंगे। सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय भिख्खा स्थित मतदान केंद्र संख्या 24 पर 71 वर्षीय पदारथ ठाकुर अपनी भैंस पर सवार होकर मतदान करने पहुंचे। वृद्ध मतदाता पदारथ ठाकुर ने बताया, 'दमा का मरीज हूं, घुटने में दर्द के कारण पैदल चलने में परेशानी है, जिसके कारण दो वर्षों से अपनी भैंस पर सवार होकर मतदान करने आते हैं।' हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के भगवानपुर बूथ संख्या 275 पर सैदपुर बिजली गांव के मोहम्मद शमीम (95) भी व्हीलचेयर से पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर युवाओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवा भी मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं। हाजीपुर के राजपाकर में दिव्यांग वोटर को पुलिसकर्मियों ने मदद भी पहुंचाई।

39 डिग्री तापमान में भी झारखंड के मतदाताओं में उत्साह, नक्सल प्रभावित इलाकों में बंपर वोटिंग

रांची। झारखंड की तीन लोकसभा सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में सोमवार को जारी मतदान में मतदाताओं का उत्साह देखते बन रहा है। इन इलाकों में दोपहर एक बजे 36 से 39 डिग्री तक का तापमान रिकॉर्ड किया गया है। इसके साथ ही हीट वेव भी चल रहा है, लेकिन, इसकी परवाह किए बगैर लोग वोट डालने पहुंच रहे हैं। ज्यादातर मतदान केंद्रों पर वोटरों की लंबी कतार दिख रही है। जो इलाके कभी नक्सल प्रभावित माने जाते थे, वहां भी बंपर वोटिंग की सूचना है।

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

महिंद्रा एंड महिंद्रा	5.97 प्रतिशत
जेएसडब्ल्यू स्टील	2.36 प्रतिशत
अल्ट्रासिमको	1.85 प्रतिशत
कोटक बैंक	1.50 प्रतिशत
आईटीसी	1.24 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

टीसीएस	1.70 प्रतिशत
एचसीएल टेक	1.11 प्रतिशत
हिंदुस्तान यूनिलीवर	1.00 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.85 प्रतिशत
बजाज फिनसर्व	0.73 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	73,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74400
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2600-2700
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	3740-3840
चीनी एम	4000-4100
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4400-4500

दाल-दलहन

चना	6100-6200
दाल चना	7100-7200
मसूर काली	7550-7650
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9850-9950
अरहर दाल	11700-11800

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

ईवीआर मोटर्स का भारत में विनिर्माण संयंत्र शुरू

इजरायली ऑटोमोटिव कंपनी के लिए भारत में पहले विनिर्माण ऑपरेशन के रूप में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है : सजल किशोर

मानेसर, 20 मई (एजेंसियां)। उच्च शक्ति-घनत्व वाली इलेक्ट्रिक मोटरों में विशेषज्ञता रखने वाली इजराइल कंपनी ईवीआर मोटर्स ने अपनी सहायक कंपनी आईडाटईवीआर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के तहत आज मानेसर में अपने नए ग्रीनफील्ड प्लांट की शुरूआत की।

विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर आईडॉटईवीआर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) सजल किशोर ने कहा कि यह एक इजरायली ऑटोमोटिव कंपनी के लिए भारत में पहले विनिर्माण ऑपरेशन के रूप में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और ईवीआर की वैश्विक उत्पादन रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मानेसर में अत्याधुनिक संयंत्र ट्रैपेजॉइडल ज्योमेट्री कॉपर वायर का उत्पादन करेगा, जो ईवीआर के क्रांतिकारी ट्रैपेजॉइडल स्टेटर रेडियल फ्लक्स परमानेंट मैग्नेट (आरएफपीएम) मोटर प्रौद्योगिकी का एक पेटेंट घटक है। ये वायर ईवीआर की इलेक्ट्रिक मोटरों के लिए आवश्यक हैं, जो विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए लचीलेपन को बनाए रखते हुए छोटे, हल्के और अधिक लागत प्रभावी होने के लिए जाने जाते हैं। यह अत्यधिक स्वचालित सुविधा शुरू में प्रति माह लगभग 20,000 मोटरों के लिए वायरों की आपूर्ति करने के लिए डिजाइन की गई है, इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए इसे लगभग 200,000 मोटरों तक तेजी से विस्तारित करने की योजना है।

उन्होंने कहा कि ईवीआर मोटर्स पहले ही नेपिनो, बेलराइज ग्रुप, ईकेए मोबिलिटी और आरएसबी ट्रांसमिशन जैसी प्रमुख भारतीय ऑटोमोटिव कंपनियों के साथ वाणिज्यिक समझौते कर चुकी है। ये साझेदारियां आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों को पूरा करने के लिए ईवीआर की क्षमता को बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में हमारे नए संयंत्र का उद्घाटन नवीन मोटर प्रौद्योगिकियों के साथ इलेक्ट्रिक गतिशीलता में क्रांति लाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस सुविधा की स्थापना करके हम एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करते हैं और भारत और विश्व स्तर पर हमारी विकास योजनाओं का समर्थन करते हैं। यह उद्यम भारत-इज़राइल व्यापार सहयोग का उदाहरण देता है और 'दुनिया के लिए भारत में बनाओ' के हमारे दृष्टिकोण का प्रतीक है। हमारा ग्रीनफील्ड निवेश भारतीय बाजार में हमारे विश्वास और इसके बढ़ते गतिशीलता क्षेत्र में भरोसे को उजागर करता है।

इस अवसर पर भारत में इज़राइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि भारत में ईवीआर मोटर्स के विनिर्माण संयंत्र की स्थापना इज़राइल और भारत के बीच गहरे आर्थिक और तकनीकी संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उद्यम सहयोग की भावना का प्रतीक है और नवाचार जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों को परिभाषित करता है।

रियल एस्टेट सेक्टर में जबरदस्त तेजी

■ एक दशक की ऊंचाई पर पहुंचा सेंटीमेंट इंडेक्स

मुंबई, 20 मई (एजेंसियां)। रियल एस्टेट सेक्टर में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है और इसके कारण करंट सेंटीमेंट इंडेक्स स्कोर एक दशक के उच्चतम स्तर 72 पर पहुंच गया है, जो कि पिछली तिमाही में 69 पर था।

नाइट फ्रैंक - एनएआरईडीसीओ की रियल एस्टेट सेंटीमेंट इंडेक्स पहली तिमाही 2024 (जनवरी-मार्च) की रिपोर्ट से ये जानकारी मिली। सेंटीमेंट इंडेक्स स्कोर जब भी 50 से ऊपर होता है, दर्शाता है कि रियल एस्टेट सेक्टर में बढ़त हो रही है। जब भी यह 50 से नीचे होता है तो रियल एस्टेट सेक्टर में गिरावट को दर्शाता है।

रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी-मार्च में हुए सर्वे में 73 प्रतिशत लोगों ने माना है कि आने वाले छह महीने में घरों की बिक्री में बढ़त देखने को मिलेगी। यह आंकड़ा पिछली तिमाही में 65 प्रतिशत था।

पहली तिमाही में 80 प्रतिशत लोगों का मानना था कि हाउसिंग प्रोजेक्ट के लॉन्च में आने वाले छह महीने में बढ़त देखने को मिल सकती है। जनवरी से मार्च में हुए सर्वे में 82 प्रतिशत लोगों का मानना है कि अगले छह महीने में घरों की कीमतों में इजाफा हो सकता है। इससे पहले की तिमाही में ये आंकड़ा 65 प्रतिशत पर था। नाइट फ्रैंक ने नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (एनएआरईडीसीओ) के साथ मिलकर जनवरी-मार्च के बीच किए अपने सर्वे में बताया कि 74 प्रतिशत लोगों का मानना है कि अगले छह महीने में ऑफिस लीज की मांग में इजाफा हो सकता है। इससे पहले की तिमाही में ये 69 प्रतिशत था। जनवरी से मार्च के बीच 58 प्रतिशत लोगों ने माना कि ऑफिस स्पेस की आपूर्ति अगले छह महीने में बढ़ेगी।

जिंदल स्टेनलेस ने संजय मिश्रा को किया सीडीआईओ नियुक्त

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। प्रमुख स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस ने संजय मिश्रा को अपने नए मुख्य डिजिटल और सूचना अधिकारी (सीडीआईओ) के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि मिश्रा के पास डिजिटल और सूचना प्रौद्योगिकी में लगभग तीन दशक का अनुभव है। जिंदल स्टेनलेस में, वे संगठन को एक डिजिटल पावरहाउस बनाने के उद्देश्य से रणनीतिक डिजिटलीकरण और परिवर्तन पहलों का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

कंपनी के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि डिजिटलीकरण को अपनाना और सूचना सुरक्षा को प्राथमिकता देना केवल रुझान नहीं हैं। वे हमारे संगठन के विकास और स्थिरता के लिए आवश्यक हैं। हमारे नए सीडीआईओ के रूप में मिश्रा हमें एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने में मदद करेंगे जहां हमें उद्योग में तकनीकी नवाचार के ध्वजवाहक के रूप में सम्मानित किया जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि उनका योगदान हमारी दक्षता बढ़ाएगा, कंपनी-व्यापी डेटा की अखंडता सुनिश्चित करेगा और हमारी मूल्यवान संपत्तियों की रक्षा करेगा। जिंदल स्टेनलेस में शामिल होने से पहले श्री मिश्रा ने आईबीएम, जीई और एलएंडटी सहित प्रसिद्ध वैश्विक संगठनों में काम किया है।

फोनपे ने की लंकापे के साथ साझेदारी

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। फोनपे ने लंकापे के सहयोग से श्रीलंका में सभी लंका क्यूआर मर्चेंट पॉइंट पर यूपीआई पेमेंट प्राप्त करने की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोलंबो में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा की मौजूदगी में यह घोषणा की गई और श्री झा ने भारत और श्रीलंका के संबंधों तथा अधिक मजबूत बनाने में फिनटेक कनेक्टिविटी की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे ने कहा कि इस सहयोग से श्रीलंका के मर्चेंट के लिए नए अवसर खुलेंगे और उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगा।लंकापे के सीईओ चन्ना डी सिल्वा और फोनपे के इंटरनेशनल पेमेंट के सीईओ रितेश पई ने भी संबोधित किया। श्री पई ने बताया कि यूपीआई का इस्तेमाल दुनियाभर के बाजारों में कैसे किया जा सकता है और इससे मर्चेंट को किस तरह फायदा हो सकता है। फोनपे ने घोषणा की कि उसके ऐप यूजर अब श्रीलंका की यात्रा करते समय पूरे देश में लंकापे क्यूआर वाले मर्चेंट को यूपीआई का उपयोग करके पेमेंट कर सकते हैं।

इस सहयोग से श्रीलंका के मर्चेंट के लिए नए अवसर खुलेंगे व उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगा : डॉ. नंदलाल वीरसिंघे

सार संक्षेप

लोकसभा चुनाव को लेकर शेयर व मुद्रा बाजार बंद

मुंबई। इस बार के लोकसभा चुनाव में सोमवार को मतदान करने लिए अवकाश रहने पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब मंगलवार से सामान्य कामकाज होगा।

ऑयल इंडिया लिमिटेड का मुनाफा 18प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। पब्लिक सेक्टर की ऑयल इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही का नेट प्रॉफिट 18 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च, 2024 में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,332.94 करोड़ रुपए रहा है। यह आंकड़ा इससे पिछले साल की इसी अवधि में 1,979.74 करोड़ रुपए था। देश में सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी तेल और गैस उत्पादक कंपनी ने बताया कि तेल की ऊंची कीमतों के कारण उसका कारोबार 16 प्रतिशत बढ़कर 10,375.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कच्चे तेल के उत्पादन और बिक्री से होने वाली कमाई 18 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन कम कीमतों के कारण गैस से होने वाली आय 16.5 प्रतिशत घट गई। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत घटकर 6,980.45 करोड़ रुपए पर आ गया। ओआईएल ने कहा कि उसके बोर्ड ने 1=2 के अनुपात में बोनस शेयर (प्रत्येक दो शेयर के लिए एक मुफ्त शेयर) जारी करने को मंजूरी दी है। बोर्ड ने 10 रुपए अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 3.75 रुपए के अंतिम लाभांश (बोनस शेयर जारी करने से पहले) को भी मंजूरी दी।

अशोक लेलैंड ने उत्तर भारत में अपना विस्तार किया

नोएडा। देश की प्रमुख कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने आज एनसीआर क्षेत्र में नए डीलर - टीवीएस ट्रक्स एंड बसेज के तीन नए एमएचसीवी डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन किया। तीन डीलरशिप में से दो फरीदाबाद में और तीसरी ग्रेटर नोएडा में है। पहली अत्याधुनिक 3एस डीलरशिप खसरा 9/1, डूंडसा मोड़, गदपुरी टोल प्लाजा, फरीदाबाद के पास स्थित है और दूसरी डीलरशिप खसरा 15/1 पर स्थित है। दोनों नए लॉन्च किए गए डीलरशिप रणनीतिक रूप से एनएच-19 पर हैं, जो दिल्ली को हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से जोड़ता है। ग्रेटर नोएडा में तीसरी अत्याधुनिक 3एस डीलरशिप गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में स्थित है, जो 75,423 वर्ग फुट में फैली हुई हैं। डीलरशिप एम एंड एचसीवी वाहनों की आपूर्ति करेगी और आधुनिक टूल्स और उपकरणों, व्हील अलाइनमेंट मशीनों, मोबाइल सर्विस वैन के साथ 24×7 ब्रेक-डाउन सहायता, ड्राइवरों के सुस्ताने या आराम की जगह से लेकर बीएस 6-प्रशिक्षित तकनीशियनों से सुसज्जित हैं।

स्वरोजगार में लगी महिलाओं की संख्या में वृद्धि

■ अस्थायी काम करने वाली महिलाओं की संख्या घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में शहरी इलाकों में नियमित वेतन पर नौकरी करने वाली महिलाओं की संख्या नए निचले स्तर पर पहुंच गई। वहीं इस दौरान स्वरोजगार में लगी महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

आवधिक श्रम बल सर्वे (पीएलएफएस) के ताजा तिमाही आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में काम करने वाली सभी महिलाओं में नियमित वेतन पर काम करने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी घटकर 52.3 प्रतिशत रह गई है, जो इसके पहले की तिमाही के 53 प्रतिशत की तुलना में कम है। इसके पहले का निचला स्तर वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में था, जब नियमित वेतन पर काम करने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी घटकर 52.8 प्रतिशत पर आई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा वित्त वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही से हर तिमाही में पीएलएफएस सर्वे जारी किया जाता है। इन आंकड़ों को जारी करने की शुरुआत यानी पिछले 6 साल के दौरान किसी भी तिमाही में वेतन पर काम करने वाली महिलाओं की यह सबसे कम हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही में कुल कामकाजी महिलाओं में वेतन पर काम करने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी 61.2 प्रतिशत थी। इस सर्वे में रोजगार की स्थिति को जानने के लिए 'ताजा साप्ताहिक स्थिति' (सीडब्ल्यूएस) का इस्तेमाल किया गया है। इसमें व्यक्ति के काम के प्रकार के मुताबिक वर्गीकरण किया जाता है, जिसमें संदर्भ की अवधि एक सप्ताह होती है। इस दौरान रोजगार करने वाले व्यक्ति की स्थिति, जैसे स्व रोजगार और नियमित वेतन/वेतनभोगी कर्मचारी व अस्थायी श्रमिक, शामिल की जाती है।

वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में काम करने वाली सभी महिलाओं में नियमित वेतन पर काम करने वाली की हिस्सेदारी घटकर 52.3 प्रतिशत रह गई : पीएलएफएस

सर्वे से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में स्वरोजगार करने वाली महिलाओं की संख्या बढ़कर 41.3 प्रतिशत हो गई है, जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 40.3 प्रतिशत थी। वहीं अस्थायी काम करने वाली महिलाओं की संख्या घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई है, जो पहले 6.7 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सरकार द्वारा ऋण की सुविधा उपलब्ध कराकर उद्यमशीलता पर बल दिए जाने से परिवारों को मदद मिली है और वे औपचारिक ऋण से अपना उद्यम चला रहे हैं और कारोबार का आकार बढ़ा रहे हैं। अब ज्यादा लोग अपने परिवार के कामकाज से जुड़ रहे हैं और काम पा रहे हैं, जिससे इसके संकेत मिलते हैं।

नियमित मजदूरी या वेतन पर काम करने में कामगारों को नियमित रूप से पहले से तय वेतन मिलता है। सामान्यतया इसे अस्थायी श्रम करने वालों और स्वरोजगार की तुलना में बेहतर रोजगार माना जाता है। अस्थायी कामगारों में घरों में नौकर का काम करने वाले, खेत में काम करने वाले या घर के कारोबार में हाथ बंटाने वाले या छोटा उद्यम करने वाले शामिल होते हैं।

वहीं दूसरी तरफ, कामकाजी के साथ नौकरियों की तलाश करने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में श्रम बल हिस्सेदारी दर (एलएफपीआर) बढ़कर 6 साल के उच्च स्तर 25.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है। हालांकि यह ग्रामीण इलाकों की तुलना में अभी भी कम है। 2022-23 के ताजा सालाना पीएलएफएस रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण कार्यबल में महिला श्रम बल की हिस्सेदारी 30.5 प्रतिशत रही है। श्रम अर्थशास्त्री संतोष मेहरोत्रा का कहना है कि भारत में सामान्यतया महिलाएं परिवार की आमदनी में थोड़ी सी वृद्धि करने के लिए श्रम बाजार में आती हैं, न कि वे अपने पेशेगत वृद्धि के लिए आती हैं।

योटा डेटा सर्विस ने मुख्य एआई अधिकारी के पद पर अनिल पवार को किया नियुक्त

मुंबई, 20 मई (एजेंसियां)। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज उपलब्ध कराने वाली कंपनी योटा डेटा सर्विस ने सोमवार को अनिल पवार को मुख्य एआई अधिकारी और एआई क्लाउड बिजनेस के प्रमुख के पद पर नियुक्त किया।

पवार कंपनी के सह-संस्थापक, एमडी और सीईओ, सुनिल गुप्ता को रिपोर्ट करेंगे। वे क्लाउड बिजनेस का नेतृत्व करेंगे और नवाचार एवं कंपनी के ग्राहकों को बेहतर वैल्यू देने के लिए काम करेंगे। गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि हम साथ मिलकर शक्ति एआई क्लाउड बिजनेस यूनिट को न सिर्फ बढ़ाएंगे, बल्कि डिजिटल भारत के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

पवार शक्ति क्लाउड बिजनेस यूनिट के तहत एआई-एस-ए-सर्विस (एआईएएएस), एआई प्लेटफॉर्म -एस-ए-सर्विस (एआईपीएएएस), एआई सॉफ्टवेयर-एस-ए-सर्विस (एआईएसएएएस) और लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एएलएम) का कार्यभार सभालेंगे।

पवार ने कहा कि मैं अत्याधुनिक समाधान देने और शक्ति एआई क्लाउड बिजनेस यूनिट में विकास को बढ़ावा देने के लिए योटा की प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, साथ ही स्थानीय स्तर पर योटा के इंजीनियरों की मदद करने और वैश्विक स्तर पर डिलीवरी करने के लिए तत्पर हूं। एनवीडिया के एच100 टेनसॉर कोर जीपीयू से युक्त शक्ति क्लाउड, भारत का सबसे तेज और बड़ा एआई-एचपीसी सुपर कंप्यूटर है। योटा, रियल एस्टेट ग्रुप हीरानंदानी का हिस्सा है।

खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव स्थिर

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट बढ़कर 3897 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.12 सेंट की तेजी लेकर 45.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2750-2850 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

अमेरिका को होने वाले निर्यात पर निर्भरता बढ़ी

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। वस्तु निर्यात के विविधीकरण पर जोर देने के बावजूद भारत की अमेरिका के निर्यात पर निर्भरता बढ़ी है। अमेरिका को निर्यात 13 वर्षों में 7.6 फीसदी बढ़ा व वित्त वर्ष 2023-24 में कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 17.7 फीसदी हो गई। वाणिज्य विभाग के मुताबिक भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 1998-99 के उच्च स्तर 21.7 फीसदी से लगातार गिरते हुए वर्ष 2010-11 में 10.1 फीसदी पर आ गई थी।

2021-22 में अमेरिका को निर्यात की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 से अधिक थी

महामारी के वर्ष 2021-22 में अमेरिका को निर्यात की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 के स्तर से अधिक थी। 2022-23 (वित्त वर्ष 23) में अमेरिका की हिस्सेदारी 17.4 फीसदी थी। वित्त वर्ष 23 के मुकाबले वित्त वर्ष 24 में भारत का अमेरिका को निर्यात 1.3 फीसदी और कुल वस्तु निर्यात 3.1 फीसदी गिरा था। इसके बावजूद इस अवधि में अमेरिकी निर्यात की हिस्सेदारी बढ़ी।

उभरते क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों (50.6 फीसदी हिस्सेदारी), दूरसंचार के उपकरणों (33.73 फीसदी), ड्रग फॉर्मुलेशन और बॉयोलॉजिकल (36.91 फीसदी) व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (29.25 फीसदी) के दम पर अमेरिकी निर्यात की हिस्सेदारी बढ़ी।

दिल्ली स्थित थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के कुल वस्तु निर्यात की तुलना में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के साझेदारों के साथ कुल निर्यात धीमी गति से बढ़ा। एफटीए देशों से 2018-19 की तुलना में वित्त वर्ष 24 में (पांच वर्षों) निर्यात 14.48 फीसदी बढ़कर 122.72 अरब डॉलर हो गया जबकि इस अवधि में कुल निर्यात 32 फीसदी बढ़कर 437 अरब डॉलर हो गया। विदेश व्यापार नीति की 2015-20 के मध्य अवधि की समीक्षा में वाणिज्य मंत्रालय साल 2017 में एक विजन स्टेटमेंट जारी किया था। इसमें कहा गया था कि वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल के दौर में भी मार्केट विविधीकरण की नीति ने भारत को अच्छी स्थिति में रखा। बाजार के साथ-साथ उत्पादों का विविधीकरण भारत की व्यापार नीति का प्रमुख हिस्सा था।

इसके अनुसार, 'निर्यात को उच्च वृद्धि के दायरे में रखने के लिए भारत को विश्व अर्थव्यवस्था की बदलती स्थितियों की जरूरतों के अनुरूप मार्केट का विविधीकरण करने की जरूरत है। अभी तक भारत के द्विपक्षीय व्यापार समझौते मुख्य तौर पर औद्योगिक शक्तियों से हैं। भविष्य में भारत उन क्षेत्रों और देशों के साथ कार्य करेगा जो न केवल प्रमुख बाजार हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था में प्रमुख कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता हैं।

खेल जगत

भारत की दीप्ति जीवनजी ने लहराया तिरंगा, पैरा एथलेटिक्स में जीता गोल्ड

कोबे (जापान)। भारत की 20 वर्षीय दीप्ति जीवनजी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता है। दीप्ति जीवनजी ने सोमवार को महिलाओं के 400 मीटर टी20 में विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति जीवनजी ने टी20 में 400 मीटर की दौड़ में वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने 400 मीटर की दौड़ 55.07 सेकंड में पूरी की। दीप्ति ने अमेरिकी एथलीट ब्रीना क्लार्क (55.12 सेकंड) का रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। टी-20 श्रेणी में ऐसे एथलीट आते हैं जो बौद्धिक रूप से कमजोर हैं। तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर और इक्वाडोर की लिज़ानशेला अंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

फाइनल में स्थान बनाने उतरेगी केकेआर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

आईपीएल 2024 के क्वॉलिफायर-1

■ हेड व अभिषेक की एक हजार बनाने वाली सलामी जोड़ी है हैदराबाद की ताकत

■ केकेआर के लिए बड़ा सवाल नारायण के साथ कौन करेगा पारी का आगाज

नई दिल्ली, 20 मई (देशबन्धु)। अपने कैरिबियाई ऑलराउंडर पिंच हिटर सुनील नारायण के एक शतक व तीन अर्द्धशतकों तथा आंद्रे रसेल के एक अर्द्धशतक सहित बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन के साथ समान रूप से चटकाए 15-15 विकेट की बदौलत अंतिम दो मैच बारिश से धुलने से पहले अपने पिछले लगातार चार मैच सहित 14 मैचों में 9 जीत और तीन हार की बदौलत 20 अंकों के साथ शीर्ष पर रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) दूसरे स्थान पर रही सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ लीग में मिली चार रन से जीत को मंगलवार को अब अहमदाबाद में आईपीएल 2024 के क्वालिफाई 1 में भी दोहरा सीधे फाइनल में स्थान बनाने के मकसद से उतरेगी। केकेआर क्वॉलिफायर 1 जीती तो सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी और हारी तो भी उसके बाद इलिमिनेटर के विजेता जीत के साथ फाइनल में स्थान पाने का मौका होगा। लीग की समाप्ति पर 14 मैचों में एसआरएच की तरह 17 अंक ले उससे नेट रन रेट में पिछड़ कर तीसरे स्थान पर रही राजस्थान रॉयल्स और चौथे स्थान पर रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की टीम इलिमिनेटर में बुधवार को भिड़ेगी। इलिमिनेटर की विजेता क्वॉलिफायर 2 में शुक्रवार को क्वॉलिफायर 1 में हारने वाली टीम से फाइनल में स्थान बनाने भिड़ेगी।

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सबसे बड़ी चुनौती उसके लिए लीग में रन बनाने में सबसे आगे रहे सुनील नारायण (कुल 461 रन) और चार अर्द्धशतक सहित रन बनाने में दूसरे स्थान पर रहे उनके कामयाब सलामी जोड़ीदार इंग्लैंड के फिल साल्ट (कुल 435 रन) के स्वदेश वापस लौटने से उनका इस अहम मुकाबले के लिए विकल्प खोजने की होगी। दरअसल केकेआर ने फिल साल्ट के विकल्प के रूप में अफगानिस्तान के जिन रहमतुल्लाह गुरबाज को अपनी टीम में शामिल किया है उन्हें गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अंतिम दो मैच बारिश से धुलने के कारण अब तक मौजूदा संस्करण में खेलने का मौका ही नहीं मिल पाया है। रसेल ने फिल साल्ट की तरह कोलकाता में पहले लीग मैच में केकेआर के लिए अर्द्धशतक जड़ उसे सात विकेट पर 208 रन पर पहुंचाने के बाद सही वक्त पर विस्फोटक अभिषेक शर्मा (32)और अब्दुल समद (15) के विकेट चटका एसआरएच को 20 ओवर में 204 पर रोक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। सनराइजर्स हैदराबाद की ताकत एक शतक और चार अर्द्धशतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के ट्रेविज हेड (12 मैच, कुल 533 रन),के साथ तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले नौजवान अभिषेक शर्मा (13 मैच, कुल 437 रन) की अब तक मौजूदा संस्करण में बेहद विस्फोटक अंदाज में एक हजार बनाने वाली दूसरी सलामी जोड़ी है।

मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा 1129 रन जोड़ने वाली सलामी जोड़ी आरसीबी के विराट कोहली (708 रन) और कप्तान फाफ डू प्लेसी (421 रन) की है। एसआरएच के पास तीन -तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले हेनरिक क्लासेन (कुल 381 रन) और नितिश रेड्डी (कुल 276 रन) के रूप में दो बेहतरीन फिनिशर हैं। कोलकाता में केकेआर से जो करीबी मैच हारी थी उसमें ट्रेविज हेड नहीं खेले थे। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कामयाब लेग स्पिनर वरुण चक्रवतीऔर सुनील नारायण, हर्षित राणा मौजूदा संस्करण के सबसे महंगे देर से रंग मे आने वाले मिचेल स्टार्क (कुल 12 विकेट के साथ वैभव अरोड़ा (कुल 9 विकेट) के रूप में मैच में किसी भी वक्त विकेट चटकाने में सक्षम तेज गेंदबाज की चौकड़ी है।

विराट से अभिषेक तक : आईपीएल प्लेऑफ में इन पांच खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। पिछले दो महीनों से चली आ रही एक्शन से भरपूर आईपीएल की लड़ाई अपने अंत तक पहुंच गई है, और चार टीमों ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण से पहले चलिए एक नजर उन पांच खिलाड़ियों पर डालते हैं जो लाइमलाइट में रहेंगे। 70 लीग मैचों के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंच गए हैं। क्वालीफायर 1 में टेबल टॉपर कोलकाता मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दूसरे स्थान पर मौजूद हैदराबाद से भिड़ेगी, जबकि राजस्थान और बेंगलुरु बुधवार को उसी स्थान पर एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगे।

विराट कोहली : स्टार भारतीय बल्लेबाज पिछले साल के वनडे विश्व कप से लेकर अब तक शानदार फॉर्म में हैं, जहां वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल में अपना फॉर्म जारी रखा और 14 मैचों में पांच अर्द्धशतक और एक शतक सहित 708 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। वह आरसीबी के बल्लेबाजी विभाग की रीढ़ बने हुए हैं और उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी की प्लेऑफ की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अभिषेक शर्मा : 23 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने आने वाले वर्षों में भारतीय टी20 टीम का अहम हिस्सा बनने का कौशल दिखाया है। इस युवा बल्लेबाज ने हैदराबाद के लिए 13 मैचों में 467 रन बनाए हैं। उन्होंने मौजूदा सीजन में तीन अर्द्धशतक भी लगाए और 209.41 की धमाकेदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ अंतिम लीग मैच में उनकी 28 गेंदों में 66 रनों की तेज पारी ने फ्रेंचाइजी को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने में मदद की। केकेआर को उनके खिलाफ मैदान में उतरने से पहले एक ठोस योजना बनानी होगी।

रियान पराग : 2019 में डेब्यू करने के बाद से रियान का यह सीजन सबसे शानदार रहा है। मध्यक्रम के बल्लेबाज ने राजस्थान के लिए 13 मैचों में चार अर्धशतक सहित 531 रन बनाए हैं। उन्होंने पूरे सीजन में बल्ले से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए फ्रेंचाइजी

के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण शीर्ष क्रम में जोस बटलर को खोने के बाद आरआर के लिए उनकी उपस्थिति अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

सुनील नारायण : वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर सुनील नारायण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह जिस भी टीम के लिए खेल रहे हैं, वह अकेले ही मैच का संतुलन बदल सकते हैं। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने सीजन का भरपूर फायदा उठाया और एक शतक और तीन अर्धशतक की मदद से 461 रन बनाए, जबकि गेंदबाजी विभाग में उन्होंने 13 मैचों में 15 विकेट लिए।

पैट कमिंस : विश्व कप विजेता कप्तान कमिंस ने आईपीएल में अपने नेतृत्व कौशल और फॉर्म को आगे बढ़ाया और फ्रेंचाइजी के साथ अपने पहले सीजन में एसआरएच को प्लेऑफ तक पहुंचाया।

टी-20 विश्वकप 2024 में इन टॉप-4 टीमों पर रहेगी नजर

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। आईपीएल के तुरंत बाद टी20 विश्व कप की धूम मचने वाली है। 1-29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में होने वाले इस मेगा-इवेंट के लिए सभी टीमें तैयारियों में जुट गई हैं। पुरुष टी-20 विश्व कप के आगामी संस्करण में 20 टीमें शामिल होंगी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में टूर्नामेंट के 2022 संस्करण में प्रतिस्पर्धा करने वाली 16 टीमें होंगी। यह पहली बार है जब यूएसए, कनाडा और युगांडा पुरुष टी-20 विश्व कप में भाग ले रहे हैं।

चलिए मेगा-इवेंट के आगामी संस्करण में शीर्ष चार टीमों पर एक नजर डालें

1.भारत : रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम 2007 की जीत के बाद एक और टी20 विश्व कप अपने खाते में जोड़ना चाहेगी। इसकी शुरुआत टीम इंडिया 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ करेगी। फिर 9, 12 और 15 जून को भारत का मुकाबला पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा से होगा।

स्ट्रेंथ : खेल के सभी पहलुओं में युवाओं के उत्साह के साथ भरपूर अनुभव के साथ भारत टूर्नामेंट में शीर्ष क्रम की पुरुष टी-20 टीम के रूप में प्रवेश कर रहा है। अमेरिका की अज्ञात परिस्थितियों और वेस्टइंडीज की धीमी पिचों पर विराट कोहली, संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव जैसे इन-फॉर्म खिलाड़ियों का होना भारत के लिए प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

वीकनेस : कप्तान रोहित शर्मा और उनके डिप्टी हार्दिक पांड्या के हालिया फॉर्म को लेकर टीम में टेंशन का माहौल है। दोनों के लिए आईपीएल 2024 अच्छा नहीं रहा। इसका खामियाजा उनकी टीम मुंबई इंडियंस को भी भुगतना पड़ा।

अवसर : आईपीएल 2022 के बाद से लेकर अब तक सीएसके के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले बाएं हाथ के ऑलराउंडर शिवम दुबे के पास बड़े मंच पर खुद को साबित करने का मौका है।

खतरा : इंग्लैंड में 2013 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत के बाद से भारत नॉकआउट में जीत हासिल करने में असफल रहा है। इसलिए करो या मरो मुकाबले में भारत को दबाव झेलने के लिए कोई ठोस रणनीति बनानी होगी।

2. इंग्लैंड : टी-20 विश्व कप 2024 में गत चैंपियन 4 जून को बारबाडोस में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत करेंगे। उसे ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड और ओमान के साथ प्रतियोगिता के ग्रुप बी में रखा गया है।

स्ट्रेंथ : जोस बटलर, विल जैक्स, फिल साल्ट और जॉनी बेयरस्टो के

साथ-साथ हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन और सैम करन की मौजूदगी टीम को बल्लेबाजी में काफी ताकत प्रदान करती है। मोईन अली और आदिल राशिद के साथ क्रिस जॉर्डन और जोफ्रा आर्चर का होना भी इंग्लैंड के लिए एक बोनस पॉइंट है।

वीकनेस : आर्चर को विश्व कप टीम में शामिल जरूर किया गया है, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर सवालिया निशान अब भी हैं।

अवसर : क्रिस जॉर्डन इंग्लैंड के लिए यहां एक्स फैक्टर हो सकते हैं। जॉर्डन के लिए वर्ल्ड कप में घरेलू माहौल होगा, जिससे वो अपनी टीम के लिए खिताब बरकरार रखने में भूमिका निभा सकते हैं। वहीं, हाल ही में उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है।

खतरा : इंग्लैंड 2022 में जीत के बाद कैरेबियन में टी20 विश्व कप खिताब की रक्षा के लिए उतरेगी तो वनडे की तरह टी-20 में भी उसके फ्लॉप होने की आशंका है।

3. ऑस्ट्रेलिया : वनडे विश्व कप ट्रॉफी और आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता ऑस्ट्रेलिया, 5 जून को बारबाडोस में ग्रुप बी प्रतिद्वंद्वी ओमान के खिलाफ अपने टी-20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरुआत करेगा।

स्ट्रेंथ : ऑस्ट्रेलिया के पास कई अनुभवी खिलाड़ियों के साथ एक अच्छी तरह से संतुलित टीम है। कप्तान मिचेल मार्श, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, डेविड वार्नर और एडम ज़म्पा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों उनके पास हैं।

वीकनेस : वार्नर और मैक्सवेल का हालिया फॉर्म आईपीएल 2024 में अच्छा नहीं रहा है। इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी थोड़ी कमजोर पड़ सकती है। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया में आखिरी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद से कोई टी20 नहीं खेला है।

अवसर : ऑस्ट्रेलिया के लिए सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौजूद सभी आईसीसी ट्रॉफी जीतने का मौका है।

खतरा : जब वे 2022 में घरेलू मैदान पर अपने टी-20 विश्व कप खिताब की रक्षा में उतरे, तो ऑस्ट्रेलिया के पास वही ताकत थी जिसने उसे 2021 में ट्रॉफी दिलाई। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली बड़ी हार के कारण वो नेट रन रेट के मामले में पिछड़ गए। अगर ऑस्ट्रेलिया को ट्रॉफी हासिल करनी है तो उसे इससे सावधान रहना होगा।

4. वेस्टइंडीज : दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप 2024 के ग्रुप सी में रखा गया है। यह टीम 2 जून को गुयाना में अपने शुरुआती मैच में पापुआ न्यू गिनी का सामना करेगी।

स्ट्रेंथ : कप्तान रोवमैन पॉवेल, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और जेसन होल्डर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर इस प्रारूप में शानदार फॉर्म में हैं। साथ ही, वेस्टइंडीज नेपाल के खिलाफ 'ए' टीम श्रृंखला, एंटीगा में एक अभ्यास शिविर और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की श्रृंखला के माध्यम से विश्व कप के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है।

वीकनेस : वेस्टइंडीज ने क्रमश: 2012 और 2016 में दो बार पुरुष टी20 विश्व कप जीता है। लेकिन शोपीस इवेंट के पिछले दो संस्करणों में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है।

अवसर : विश्व कप का सह-मेजबान होने के नाते, वेस्टइंडीज आगामी टूर्नामेंट के लिए अपने घरेलू मैदान पर खेल रहा है। वे परिस्थितियों को बेहतर तरीके से जानते हैं और इससे भी अधिक, घरेलू मैदान पर उनका हालिया फॉर्म अच्छा रहा है। उन्होंने पिछले 14 महीनों में घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड पर टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की है। यानी खिताब जीतने का उनके पास अच्छा मौका है।

खतरा : वेस्टइंडीज के वर्तमान मुख्य कोच डैरेन सैमी टीम के लिए बतौर कप्तान दो टी-20 विश्व कप खिताब जीत चुके हैं। अब तक, किसी मेजबान देश ने अपनी घरेलू धरती पर टी20 विश्व कप नहीं जीता है।

सार संक्षेप

सिमंस होंगे पापुआ न्यू गिनी के 'विशेषज्ञ कोच'

पोर्ट मोरेस्बी। वेस्टइंडीज की टीम के कोच रहे फिल सिमंस को जून में होने वाले टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट के लिए पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) ने 'विशेषज्ञ कोच' नियुक्त किया हैं। क्रिकेट पीएनजी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सिमंस को स्थानीय परिस्थितियों के अच्छा अनुभव के कारण टीम का विशेषज्ञ कोच बनाया गया है। पोर्ट मोरेस्बी से चार दिवसीय यात्रा के बाद पीएनजी की टीम पिछले सप्ताह के आखिर में सेंट किट्स पहुंची। वे अगले सप्ताह त्रिनिदाद और टोबैगो में आधिकारिक अभ्यास मैचों में ओमान और नामीबिया से खेलेंगे। पीएनजी की टीम को विश्वकप के ग्रुप सी में ही रखा गया है। दो जून को गुयाना में सह-मेजबान वेस्टइंडीज से उनका पहला मुकाबला है। उसके चार दिन बाद उसी स्थान पर युगांडा से खेलेंगे। 14 जून को अफगानिस्तान और 17 जून को न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए त्रिनिदाद वापस जाएंगे।

इंटर मिलान ने जीता सीरी ए खिताब

रोम। लाजियो के खिलाफ मैच के दौरान इंटर मिलान के फैंस की सांसें लगभग रुक गई थीं, लेकिन डेंज़ल डमफ्रिज के गोल ने इंटर मिलान को हार से बचा लिया। इसके बाद इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया। इंटर ने पहले ही अप्रैल में अपना 20वां सीरी ए खिताब सुरक्षित कर लिया था और अपनी मजबूत टीम के साथ अपने अंतिम घरेलू मैच में प्रवेश किया था। इस मुकाबले में मार्कस थुरम ने शुरुआती मिनटों में एक सुनहरा मौका गंवा दिया, जब लाजियो के गोलकीपर इवान प्रोवेडेल ने उनके शॉट का शानदार बचाव किया। इसके बाद भी कई ऐसे मौके आए जब दोनों टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया। हालांकि, 32वें मिनट में दाइची कामदा के गोल से लाजियो ने बढ़त बना ली। यहां से इंटर मिलान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही थी, लेकिन इंटर ने 87वें मिनट में स्कोर 1-1 से बराबर किया। इंटर के लिए यह गोल डेंजल डमफ्रिज ने किया।

डीएसए-ए डिवीजन लीग : फ्रंटियर की संघर्षपूर्ण विक्ट्री, एमिटी की दूसरी जीत

नई दिल्ली। डीएसए-ए डिवीजन लीग के एक उतार-चढ़ाव वाले मुकाबले में फ्रंटियर एफसी ने विक्ट्री एफसी को 3-2 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। विजेता के लिए जहां शापूरजी, आनंद कुमार और कुशाग्र कक्कड़ ने और विक्ट्री के लिए जय भारद्वाज और प्रवीण ठाकुर ने गोल किए। नेहरू स्टेडियम में खेले गए एक अन्य मैच में एमिटी इंडियन नेशनल ने अंकित, हितेश कादियान और साहिल महलावत के गोलों से कॉलेजियस एफसी को 3-2 से हराया। पराजित टीम के लिए गोल शिवेई बनके और पुष्कर देव ने किए। हालांकि, फ्रंटियर ने जहां शापूरजी के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन, कमजोर आंकी जा रही विक्ट्री ने पांच मिनट में पलटवार किया और दनादन दो गोल करके मैच पर 2-1 से पकड़ बना ली।

आरआर नहीं, आरसीबी क्वालीफायर 2 में पहुंचेगी : रायडू

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि आरसीबी बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल 2024 के



एलिमिनेटर में प्रबल दावेदार होगी। फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई में छह मैचों की जीत का सिलसिला जारी है, जिसने उन्हें लीग में प्लेऑफ में जगह दिलाई। आरसीबी ने शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 27 रन की जीत के बाद गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। एलिमिनेटर मुकाबले पर अपने विचार साझा करते हुए, रायडू ने राजस्थान की तुलना में बेंगलुरु का समर्थन किया। रायुडू ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा कि मुझे लगता है कि आरसीबी मेरे लिए पसंदीदा है, जिस तरह से वे खेल रहे हैं और जब उन्होंने सीएसके के खिलाफ एक क्लिनिकल मैच खेला वह अद्भुत था। इसलिए मुझे लगता है कि आरसीबी ही है जो क्वालीफायर 2 में जाएगी। इसके अलावा, रायुडू को लगता है कि कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मंगलवार को अहमदाबाद में क्वालीफायर 1 एक 'हाई थ्रिलर' मुकाबला होगा।

ऑस्ट्रेलियाई टी-20 विश्वकप टीम में मैथ्यू शॉर्ट और फ्रेजर की हो सकती है एंट्री

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप 2024 के लिए ऑस्ट्रेलिया जेक फ्रेंजर-मैकगर्क और मैथ्यू शॉर्ट को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल कर सकता है। मैकगर्क को टी20 विश्व कप 2024 के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह नहीं मिली थी। हालांकि, आईपीएल 2024 में उनके दमदार प्रदर्शन को देखकर अब कयास लगाए जा रहे हैं कि वो ट्रैवल रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जुड़ेंगे।

फ्रेज़र-मैकगर्क और शॉर्ट को शामिल करने का मकसद टीम को किसी समस्या से निपटने के लिए तैयार रखना है। अगर 15 सदस्यीय

■ एश्टन एगर और एडम ज़म्पा पहले से ही टीम का हिस्सा

ऑस्ट्रेलियाई टीम में कोई भी खिलाड़ी चोटिल होता है या उसे किसी कारण टूर्नामेंट से हटना पड़े, तो रिजर्व खिलाड़ी को मौका मिल सकता है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने तीसरे फ्रंटलाइन स्पिनर को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में नहीं जोड़ने का फैसला किया है। एश्टन एगर और एडम ज़म्पा पहले से ही टीम का हिस्सा हैं। लेग स्पिनर तनवीर संघा, जो वर्तमान में चोट से जूझ रहे हैं, पिछले साल वनडे विश्व कप में रिजर्व के रूप में टीम के साथ थे, जब ऑस्ट्रेलिया के पास सिर्फ एक विशेषज्ञ स्पिनर था, लेकिन इस बार एश्टन एगर को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मैथ्यू शॉर्ट भी अंतिम 15 में पहुंचने से चूक गए। माना जा रहा है कि इस धाकड़ बल्लेबाज को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप में पहला मैच 6 जून को ओमान से खेलना है।

पैरा एथलेटिक्स में योगेश कथुनिया ने जीता रजत

कोबे (जापान), 20 मई (एजेंसियां)। शीर्ष पैरा डिस्कस थ्रोअर योगेश कथुनिया ने सोमवार को विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में एफ56 वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जिससे इस स्पर्धा में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई है। कथुनिया ने 41.80 मीटर का थ्रो हासिल किया, जिससे वह ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस के बाद दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने स्वर्ण पदक जीता। जबकि कांस्य पदक स्लोवाकिया के डुसान लैक्जो को मिला। फाइनल में कथुनिया ने शानदार शुरुआत की, जो शुरुआत में 40.26 मीटर के थ्रो के साथ आगे रहे। हालांकि, क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने दूसरे प्रयास में 44.10 मीटर और चौथे प्रयास में 45.14 मीटर के साथ उनसे आगे निकल गए। कथुनिया ने लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार किया, जिसमें तीसरे प्रयास में 40.81 मीटर, पांचवें पर 41.34 मीटर और अंत में छठे प्रयास में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया।

इंग्लैंड महिला टीम ने पाकिस्तान महिला को 34 रन से हराया

■ डैनी व्याट ने 48 गेंदों में 12 चौके और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 87 रन बनाए।

लीड्स, 20 मई (एजेंसियां)। डैनी व्याट 48 गेंदों में (87) और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड महिला की महिला टीम ने तीसरा टी-20 मैच में पाकिस्तान की महिला टीम को 34 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ इंग्लैंड की टीम ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है।

177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 60 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिदरा अमीन (26) के रूप में पाकिस्तान का पहला विकेट गिरा। इसके बाद अगले ही ओवर में गुल फिरोजा भी (30) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद सदफ शमास (6) और मुनीबा अली(3) रन 10वें और 11वें ओवर में लगातार पाकिस्तान के चार विकेट गिरने के साथ ही उसके बल्लेबाज बैकफुट पर आ गये और इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे उनके रनों रफ्तार भी धीमी होती गई। कप्तान निदा डार और आलिया रियाज ने पारी को संभालने

का प्रयास किया और मैच के अंत तक पिच पर टिकी रहीं। निदा डार ने 24 गेंदों में 29रन और आलिया रियाज ने 27 गेंदों में नाबाद 35 रनों की पारी खेली। लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकी। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 34 रन से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन, लॉरेन फ़िलर, सोफी एक्लेस्टोन और डेनिएल गिब्सन ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में मैया बाउचर और डैनी व्याट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 36 रन जोड़े थे कि छठें ओवर में बाउचर (8) रनआउट हो गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी नेट साइवर ब्रूंट् भी (8) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। हीदर नाइट (12), ऐलिस कैप्सी (1) डेनिएल गिब्सन (12) सोफी एक्लेस्टोन (2) रन बनाकर आउट हुई। डैनी व्याट ने 48 गेंदों में 12 चौके और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 87 रन बनाए। वहीं एमी जोन्स 15 गेंदों में 26 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड ने निर्धारि 20 ओवरों में 176 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से डायना बेग और निदा डार ने तीन-तीन विकेट झटकते हुए इंग्लैंड की पारी को समेटने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फातिमा सना को एक विकेट मिला।